विभिन्न वर्गों, विज्ञान, कला तथा वाणिज्य के विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर गणित विषय के लिए एक नया पाठ्यविवरण तैयार किया गया। गणित के नए पाठ्यविवरण के आधार पर कक्षा 11 और 12 के लिए चार (प्रत्येक के लिए दो-दो) अनुपूरक निकाले गए। प्रयोगशाला अभिमुखीकरण कार्यक्रमों के अंतर्गत एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा कक्षा 12 के व्यावहारिक पाठ्यक्रम के लिए रसायन विज्ञान में एक वर्कशीट, कक्षा 12 के लिए ही जैविकी में कार्यकलाप मैन्युअल, रसायन विज्ञान में औपचारिक स्तर के चुनिंदा अध्यायों के लिए कम कीमत के उन्नत प्रयोगों के डिजाइन बनाने तथा उनका विकास करने के संदर्भ में चालीस प्रयोग तथा गणित प्रयोगशाला के साठ कार्यकलाप/मॉडल तैयार किए गए हैं।

वरिष्ठ माध्यमिक कक्षाओं में पढ़ने वाले राष्ट्रीय प्रतिभा खोज (एन.टी.एस.) के पुरस्कार प्राप्तकर्ता विद्यार्थियों के भौतिकी में प्रतिभा प्रोत्साहन कार्यक्रम का एक मॉडल तैयार किया गया और इसका 15-15 दिन की अवधि में दो चरणों में परीक्षण किया गया। इस कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए भौतिकी परियोजना की एक बैटरी तैयार की गई। "पढ़ें और सीखें" परियोजना के अंतर्गत विज्ञान के विभिन्न नवीन विषयों जैसे "हमारा अद्भुत आकाश मैला क्यों", "सौर ऊर्जा" "बबलू बोले अपनी बात", मौसम क्या, क्यों और कैसा" "ग्लिंपसिज ऑफ प्लान्ट लाइफ" पार्ट 1 तथा पार्ट 2 आदि पर नई पुस्तकें लिखने का कार्य प्रारंभ किया गया। "सम इंट्रेस्टिंग टॉपिक्स इन केमिस्ट्री" नामक परियोजना के अंतर्गत "एलॉप" पर एक मॉड्यूल तैयार किया जा रहा है जिसे शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा।

नवोदय विद्यालय समिति के पी.जी.टी. अध्यापकों के लिए रसायन विज्ञान, भौतिकी और गणित में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। रसायन विज्ञान में अध्यापकों के अभिविन्यास के लिए सहयोगी अधिगम कार्यनीति का मॉडल तैयार किया गया और इसका सफलतापूर्वक प्रयोग किया गया।

पंजब सरकार के सहयोग से अमृतसर में 7-11 दिसंबर 1998 तक "सूचना युग में विज्ञान और प्रौद्योगिकी" नामक विषय पर 25वीं जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी 1998 (जे.एन.एन.एस.ई.सी. 98) आयोजित की गई। "स्ट्रक्चर एण्ड वर्किंग साइन्स मॉडल्स" नामक पुस्तिका भी निकाली और वितरित की गई। 29 राज्यों/संघ शासित प्रदेशों तथा केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का केन्द्रीय विषय "विज्ञान प्रौद्योगिकी तथा पर्यावरण" था। इनके आयोजन के लिए एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा 14.00 लाख रु. की सहायता अनुदान राशि उपलब्ध करवाई गई।

विज्ञान शिक्षा पर एक स्थिति अध्ययन पूर्ण किया गया। इसकी "सम आस्पेक्ट्स ऑफ साइंस एजूकेशन इन इण्डिया" नामक रिपोर्ट में विज्ञान शिक्षा के लिए आधारभूत आँकड़े उपलब्ध करवाए गए हैं जो नई विज्ञान पाठ्यचर्या तथा अनुदेशी सामग्री तैयार करने में विज्ञान पाठ्यचर्या नियोजकों तथा प्रशासकों के लिए बहुत महत्वपूर्ण सिद्ध होंगे।

"स्कूल साइंस" नामक त्रैमासिक पत्रिका ने अध्यापकों, अनुसंधानकर्ताओं तथा विद्यार्थियों को विज्ञान और गणित शिक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर अपने अवबोधन, अनुभवों तथा नवाचारों का प्रचार-प्रसार करने के लिए एक मंच उपलब्ध करवाना जारी रखा।

शैक्षिक मनोविज्ञान

विज्ञान की प्रकृति, विज्ञान के प्रति दृष्टिकोण तथा दैनिक जीवन में इसकी तार्किकता के संदर्भ में माध्यमिक विद्यालय स्तर पर विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों के विश्लेपण का कार्य किया गया तथा पाठ्यपुस्तकें तैयार करने के लिए दिशानिर्देश बनाए गए। इसकी मसौदा रिपोर्ट अंतिम चरण में है। "भीरांबिका में शिक्षण : एक अध्ययन" के आंकड़ों के गुणात्मक विश्लेषण से विद्यालय प्रक्रियाओं के आंतरिक विचारों तथा विद्यालय प्रतिभागियों के परिप्रेक्ष्यों का पता चला। इस रिपोर्ट का पुनर्गठन किया जा रहा है। भारत में शैक्षिक मनोविज्ञान के भारतीयकरण के अनुसंधानिक रुझान नामक अध्ययन के अंतर्गत भारतीय मनोवैज्ञानिक सारांश से 1090 अनुसंधान सार तथा 641 लेखों के पूर्ण पाठ एकत्रित किए गए और उनका विश्लेषण किया गया। इसकी मसौदा रिपोर्ट तैयार है। अन्य अध्ययन जो जारी हैं तथा जिनकी रिपोर्ट तैयार की जा रही है उनमें शामिल हैं: (1) प्रतिष्ठा तथा विकास निर्माण में परामर्शदाता की भूमिका (2) सामाजिक मूल्यों के संबंध में किशोरों के बोध/विचार का अध्ययन (3) परामर्शदाता प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा कार्य स्थल पर निष्पादन में अनुपालन के लिए चयन प्रक्रिया की भविष्य सूचक संभाव्यताओं का अध्ययन, (4) भारत में मार्गदर्शन अनुसंधान : एक गहन अध्ययन (5) भारत में प्राथमिक अध्यापक शिक्षा में शैक्षिक मनोविज्ञान पाठ्यचर्या का आलोचनात्मक अध्ययन।

प्रारंभिक अध्यापक शिक्षा के लिए शैक्षिक मनोविज्ञान की आदर्श पाठ्यचर्या तथा "कक्षा में अध्यापक द्वारा प्रश्न पूछने" पर संसाधन सामग्री और 'परामर्श कार्य प्रबंधन' पर व्यावहारिक संदर्शिका तैयार की जा रही है। विभिन्न राज्य शिक्षा बोर्डों द्वारा +2 स्तर पर प्रयुक्त की जा रही मनोविज्ञान की पाठ्यचर्या का विश्लेषण किया जा रहा है ताकि मनोविज्ञान की आदर्श पाठ्यचर्या तैयार की जा सके। राष्ट्रीय शैक्षिक तथा मनोवैज्ञानिक परीक्षण पुस्तकालय में 20 भारतीय परीक्षणों को शामिल कर उसे संबंधित किया गया। भारत में योग्यता के मापन पर एक पुस्तक की प्रारंभिक पाण्डुलिपि तैयार की गई जिसमें 90 समीक्षाएँ तथा 45 योग्यता परीक्षण शामिल हैं। भारत में मूल्य/व्यवहार/रुचि मापन की एक पुस्तिका तैयार की जा रही है जिसमें भारतीय परीक्षणों की समीक्षाएँ भी शामिल हैं।

मार्गदर्शन और परामर्श के 9 माह के डिप्लोमा पाठ्यक्रम के अंतर्गत 16 राज्यों के 28 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षित किया गया। डी. आई. ई. टी. संस्थानों में शैक्षिक मनोविज्ञान पढ़ाने वाले अध्यापक शिक्षकों के लिए मनोविज्ञान का संवर्धन पाठ्यक्रम आयोजित किया गया।

आजीविका सूचना केन्द्र तथा मार्गदर्शन प्रयोगशाला ने मार्गदर्शन और परामर्श के पी. जी. डिप्लोमा पाठ्यक्रम के प्रशिक्षणार्थियों तथा संकाय की आवश्यकताओं की पूर्ति की। शैक्षिक मनोविज्ञान और परामर्श के क्षेत्रों में विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी एजेंसियों को परामर्श सेवाएँ और अनुसंधान सहायता उपलब्ध करवाई गई।

परीक्षा सुधार

महाराष्ट्र, तमिलनाडु, त्रिपुरा तथा हिमाचल प्रदेश के बोर्डों के +2 स्तर पर गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान, जैविकी तथा राजनीति शास्त्र के प्रश्नपत्रों की विशेषताओं तथा कमियों को पहचानने के लिए विश्लेषण किया गया। देश भर में रसायन विज्ञान के प्रायोगिक कार्य की वर्तमान पद्धतियों का मूल्यांकन किया गया तथा इनमें द्विअर्थकता, सामंजस्य अथवा विरोधाभास की दृष्टि से इनके मूल्यांकन की विधियों में कमियां पाई गई। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी के प्रश्नपत्र चयनकर्ताओं/परीक्षकों को अंग्रेजी, हिन्दी, विज्ञान, गणित तथा सामाजिक विज्ञान में शैक्षिक मूल्यांकन का प्रशिक्षण दिया गया। पंजाब शिक्षा बोर्ड तथा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड असम के प्रश्नपत्र निर्धारकों के लिए विभिन्न विषयों में संतुलित प्रश्नपत्र तैयार करने के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। मिजोरम विद्यालय शिक्षा बोर्ड के विज्ञान और गणित के पी.जी.टी. अध्यापकों को प्रश्नपत्र तैयार करने और इनका मूल्यांकन करने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिभागी अध्यापकों द्वारा सभी विषयों में कुल मिलाकर 700 मदें (प्रश्न) सुझाए तथा भौतिकी, रसायनशास्त्र, जैविकी तथा गणित प्रत्येक विषय के दो-दो संतुलित प्रश्नपत्र तैयार किए।

अध्यापक शिक्षा

अध्यापक शिक्षा के कार्यक्रम और कार्यकलाप, डी.पी.ई.पी. तथा सॉप्ट कार्मिकों के प्रशिक्षण सहित राज्यों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं की प्रभावशाली प्रतिक्रिया को व्यक्त करने के लिए उनकी क्षमताओं के विकास पर केन्द्रित रहे। (1) हरियाणा और मध्य प्रदेश के प्राथमिक विद्यालय अध्यापकों की सेवा शर्तों तथा (2) प्राथमिक स्तर पर बड़े आकार की कक्षाओं में अनुदेशी अभ्यास तथा कक्षा प्रबंधन पर अध्ययन आयोजित किए गए। एन. सी. ई. आर. टी. द्वारा पुरस्कृत नवाचारी प्राथमिक विद्यालय अध्यापकों तथा दिल्ली के स्वायत्त एस.सी.ई.आर.टी. के अध्यापकों पर विषयी अध्ययन किया गया। "डी.आई.ई.टी. की योजना के क्रियान्वयन" तथा एस.सी.ई.आर.टी/एस.आई.ई. की स्थिति पर अध्ययन जारी है। अध्यापक शिक्षा में नवाचारी प्रयोग तथा व्यवहार कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 1993-94 से 1997-98 तक की अवधि के दौरान चुने गए अध्यापक प्रशिक्षकों के पुरस्कृत

लेखों का विश्लेषण किया गया और एक प्रवृत्ति मूलक रिपोर्ट तैयार की गई।

"भारत में अध्यापक शिक्षा के पचास वर्ष" नामक प्रलेख तथा "अध्यापकीय मूल्यांकन के प्रतिभागिता मूलक तथा डाटा बेस व्यवस्था के लिए ढाँचे" को तैयार करने का कार्य जारी है। इग्नू के सहयोग से प्राथमिक शिक्षा में डिप्लोमा के लिए स्व-अधिगम सामग्री तैयार की गई है।

केन्द्र द्वारा प्रायोजित प्राथमिक विद्यालय अध्यापकों के लिए विशेष अभिविन्यास कार्यक्रम (सॉप्ट) योजना के अंतर्गत एन.सी.ई.आर.टी. ने विभिन्न राज्यों में सॉप्ट कार्यक्रमों को शैक्षिक समर्थन उपलब्ध करवाने और उनकी मानीटरिंग करने का कार्य जारी रखा। क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों और क्षेत्र सलाहकारों ने सॉप्ट प्रशिक्षण कार्यक्रमों का पर्यवेक्षण किया और अपने-अपने क्षेत्रों में सॉप्ट संबधी दिशानिर्देश प्रदान करने के लिए आवश्यक आगतें उपलब्ध करवाईं। प्रतिवेदनाधीन वर्ष के दौरान इस योजना के अंतर्गत इस वर्ष लगभग 3 लाख अध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया। इस योजना के आरंभिक वर्ष 1993-94 से लेकर अब तक लगभग 13 लाख अध्यापकों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

शिक्षा तथा दूरसंचार विभाग, यूनेस्को तथा अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आई.टी.यू.) की सहायता से मध्य प्रदेश तथा गुजरात राज्यों में, कंप्यूटर की सहायता से दो तरफा ऑडियो तथा दो तरफा वीडियो व्यवस्था का प्रयोग करते हुए, अनुक्रियात्मक दूरदर्शन के माध्यम से सेवाकालीन प्राथमिक अध्यापकों के प्रशिक्षण (आई.पी.टी.टी. आई.टी.वी.) के लिए एक पायलट परियोजना का कार्यान्वयन किया जा रहा है। एस.सी.ई.आर.टी./एस.आई.ई. के संकाय के लिए एक अभिविन्यास कार्यक्रम तथा सी.टी.ई. के लिए गुणात्मक अनुसंधान प्रविधियों पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

एस.सी.ई.आर.टी./एस.आई.ई. के निदेशकों का वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें उन्हें भारतीय शिक्षा में नवीनताओं के संदर्भ में एस.सी.ई.आर.टी. की बदलती भूमिका तथा एस.सी.ई.आर.टी. संकाय की प्रशिक्षण संबंधी आवश्यकताओं की पहचान के लिए विचार-विमर्श किया गया। अध्यापक शिक्षा और विद्यालय शिक्षा में नवाचारी अभ्यास और कार्यपद्धतियों की योजना के अंतर्गत 71 लेख प्राप्त हुए। इनमें से 27 लेख राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चुने गए जिनमें 19 लेख पूर्व प्राथमिक स्तर के अध्यापक शिक्षा तथा माध्यमिक अध्यापक शिक्षा स्तर के 7 लेख शामिल थे। एक राष्ट्रीय संगोष्ठी में ये पुरस्कार प्रदान किए गए।

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों (आर.आई.ई.) अजमेर, भोपाल, भुवनेश्वर तथा मैसूर ने चार वर्षीय बी.एस.सी.बी.एड./बी.एससी/एड. समेकित पाठ्यक्रम जारी रखा तथा एक वर्षीय एम. एड. (प्रारंभिक शिक्षा) पाठ्यक्रम आरंभ किया। वर्ष 1999-2000 में आरंभ किए जाने वाले विज्ञान और मानविकी के दो वर्षीय बी एड (माध्यमिक) पाठ्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा भी तैयार की। क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों ने अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी की पूर्व तैयारी के रूप में प्राथमिक स्तर पर अधिगम संगठनों, समुदाय की प्रतिभागिता तथा विद्यालय प्रभाविता के संबंध में अनुसंधानों पर संगोष्ठी आयोजित की। *क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान अजमेर* ने इतिहास में प्रशिक्षण पैकेज, विज्ञान में प्रश्नपत्र निर्धारित करने के लिए रूपरेखा, व्यावसायिक लेखांकन के लिए अध्यापक संदर्शिका तथा शिक्षा के प्राथमिक स्तर पर गैर-शैक्षिक सहपाठ्यचर्या सामग्री और भाषा तथा गणित में सक्षमताओं के मूल्यांकन के लिए साधन तैयार किए। सामाजिक विज्ञान, भाषा (हिन्दी और उर्दू), विज्ञान तथा गणित शिक्षण के विभिन्न पहलुओं पर डी.आई.ई.टी. संकाय/शीर्ष संसाधन व्यक्तियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। डी.आई.ई.टी./एस.आई.ई. संकाय को भी अनुदेशों के मनोविज्ञान, जिला स्तरीय नियोजन और प्रबंधन तथा अनुसंधान कार्रवाई के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। विभिन्न शैक्षिक योजनाओं को प्रभावशाली ढंग से लागू करने के लिए प्रशिक्षण विद्यालयों के प्रधानाचार्यों तथा सहकारी विद्यालयों के मुख्याध्यापकों का अभिविन्यास किया गया। लेखांकन, विज्ञान, अर्थशास्त्र, भूगोल, गणित, रसायन विज्ञान, जैविकी तथा अंग्रेजी के शिक्षण के लिए +2 स्तर के अध्यापकों को भी सेवाकालीन प्रशिक्षण दिया गया। माध्यमिक अध्यापकों को बिजली, कृषिकार्य तथा बढ़ईगिरी के क्षेत्रों में एस यू पी डब्ल्यू कार्यकलापों के प्रभावशाली कार्यान्वयन के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया गया। संस्थान ने उत्तर राज्यों द्वारा आरंभ किए गए मूल्य शिक्षा कार्यक्रमों पर स्थिति रिपोर्ट भी तैयार की तथा सह-पाठ्य कार्यकलापों के माध्यम से मूल्यों के विकास पर एक क्षेत्रीय संगोष्ठी भी आयोजित की।

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (आर.आई.ई.) भोपाल ने (1) आई.ए.एस.ई./सी.टी.ई. संकाय के लिए प्रबंधन और पर्यवेक्षण (2) डी.आई.ई.टी. के प्रधानाचार्यों तथा जी.सी.ई.आर.टी. संकाय के लिए प्रवेशीय (3) पी.टी.सी./डी. आई.ई.टी. के अध्यापक प्रशिक्षकों के लिए अंग्रेजी (4) इतिहास में अध्यापन कार्यनीति तथा (5) भौतिकी, रसायन, जैविकी तथा गणित में प्रश्नपत्र बनाने आदि के संबंध में प्रशिक्षण पैकेज तैयार किए। +2 स्तर पर भूगोल तथा माध्यमिक स्तर पर उर्दू के प्रभावी अध्यापन के लिए अध्यापकों हेतु अनुदेशी सामग्री तैयार की गई। संस्थान ने +2 स्तर पर वाणिज्य और लेखांकन के आयोजन के लिए निदानात्मक परीक्षण मदें भी तैयार कीं। (1) डी.आई.ई.टी. कार्मिकों के लिए प्रकार्यात्मक सांख्यिकी तथा अनुसंधान प्रविधि (2) एम.एस.सी.ई.आर.टी. संकाय के लिए कंप्यूटर शिक्षा (3) मार्गदर्शन परामर्श (4) सी.टी.ई./आई.ए.एस.ई. संकाय के लिए अनुसंधान प्रविधि तथा (5) के.वी.एस. के अध्यापकों के लिए

जैविकी में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (आर.आई.ई.) भुवनेश्वर द्वारा आदर्श सामग्री की तैयारी, संकल्पना केन्द्रित अध्यापन पर प्रशिक्षण प्रविधि तैयार करने के लिए संकल्पनाओं/विशेष कौशलों की पहचान करने तथा +2 स्तर पर रसायन शास्त्र तथा जैविकी में और माध्यमिक स्तर पर विज्ञान में विशिष्ट विषय संप्राप्ति कौशलों पर सामग्री तैयार की। माध्यमिक स्तर पर बीस नमूना पाठ योजनाएँ भी विकसित कीं। बिहार के माध्यमिक विद्यालय अध्यापकों के लिए द्वितीय भाषा के रूप में अंग्रेजी में प्रारंभिक प्रशिक्षण कार्यनीतियों सहित नमूना प्रशिक्षण योजनाएँ भी तैयार कीं। रेलवे बोर्ड के विद्यालयों के अड़तालीस पी जी टी अध्यापकों का राजनीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र तथा वाणिज्य में अभिविन्यास किया गया।

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (आर.आई.ई.) मैसूर ने अध्यापक शिक्षकों के लिए भूगोल शिक्षण तथा जैविकी में प्रयोगशाला अभ्यासों पर कार्रवाई तथा प्रायोगिक अनुसंधान के प्रशिक्षण पैकेज तैयार किए। संस्थान ने गणित विषय की पुस्तिका, भौतिकीय विज्ञान में नवाचारी कक्षा प्रयोगों की पुस्तिका तथा +2 स्तर पर जैविकी शिक्षण के लिए अध्यापक मैन्युअल भी विकसित किए। डी.आई. ई.टी. संकाय के लिए (1) शैक्षिक आँकड़ों के प्रक्रमण में कंप्यूटर की उपयोगिता तथा जागरूकता (2) क्रियात्मक अनुसंधान का अयोजन और (3) पुस्तकालय अनुरक्षण के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए।

उत्तर पूर्वी राज्यों के एस.आई.ई./एस.सी.ई.आर.टी. संकाय सदस्यों के लिए शिलांग में एक परिचयात्मक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

व्यावसायिक शिक्षा

मछली संरक्षण प्रौद्योगिकी तथा बीमा और सॉफ्टवेयर अनुप्रयोग के पाठ्यक्रमों के लिए पाठ्यचर्या में संशोधन किया गया। दूर-संचार प्रौद्योगिकी, पी.सी. एसेम्बली तथा हार्डवेयर अनुरक्षण, परिवहन सेवा अनुरक्षण, कृषि व्यवसाय, बायोचिकित्सीय उपकरण अनुरक्षण तकनीशियन तथा कंप्यूटर एसेम्बली तथा अनुरक्षण पर नई व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यचर्या तैयार की गई।

व्यावसायिक मार्गदर्शन और परामर्श पर एक पाठ्यचर्या तथा प्रशिक्षण मॉड्यूल, इंजीनियरी तथा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में व्यावसायिक पाठ्यचर्या के साथ पर्यावरण घटक को शामिल करने पर पाठ्यचर्या परिशिष्ट तथा फसल उत्पादन तथा भवन निर्माण में राष्ट्रीय व्यावसायिक योग्यताओं की रूपरेखा भी तैयार की गई।

चिकित्सीय प्रयोगशाला तकनीशियन पाठ्यक्रम पर अनुदेशी सामग्री संशोधित की गई। मृत्तिका शिल्प कार्य के नौसिखियों के लिए पूर्व व्यावसायिक शिक्षा की अनुदेशी सामग्री तैयार की गई।

रेशम-पालन, लेखांकन और लेखापरीक्षा, विपणन और विक्रय अभिकर्ता, व्यापारिक कपड़े बनाना और उनके डिजाइन तैयार करना, उद्यमिता विकास तथा व्यावसायिक विद्यालयों में उत्पादन-सह-प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना आदि क्षेत्रों में अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के संबंध में संकल्पनात्मक स्पष्टता लाने के लिए महाराष्ट्र तथा गुजरात राज्यों के शीर्ष कार्मिकों के लिए अल्पावधि प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

उत्तर पूर्वी राज्यों के 18 अध्यापकों के लिए, गोवा के 210 व्यावसायिक अध्यापकों के लिए कृषि, गृह विज्ञान, और वाणिज्य, तथा इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी में, ए.पी. में विकलांग व्यक्तियों के लिए तथा कर्नाटक राज्य के व्यावसायिक शिक्षा के 37 शीर्ष कार्मिकों के लिए व्यावसायिक शिक्षा के सात अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कृषि कार्य से संबंधित व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के प्रचार-प्रसार (2) खाद्य संरक्षण और प्रक्रियन के संबंध में जागरूकता उत्पन्न करने व इसका तंत्र स्थापित करने (3) परिवहन क्षेत्र (4) कार्य अनुभव/एस.यू.पी.डब्ल्यू. +2 स्तर पर व्यावसायिक शिक्षा को उच्च शिक्षा से जोड़ने (6) महिलाओं को आर्थिक सशक्तता प्रदान



करने में रुकावटों पर काबू पाने के लिए (7) विकलांग व्यक्तियों के लिए व्यावसायिक शिक्षा तथा (8) +2 स्तर की व्यावसायिक शिक्षा को उच्च कृषि शिक्षा के साथ संबद्ध करने से संबंधित 25 क्षेत्रों आदि के लिए आठ राष्ट्रीय संगोष्ठियाँ/बैठकें आयोजित की गई।

स्वतंत्रता की स्वर्ण जयंती की क्षेत्रीय संगोष्ठियों की शृंखला के अंतर्गत चार संगोष्ठियाँ – पूर्व, पश्चिम, दक्षिण तथा उत्तर पूर्वी क्षेत्र प्रत्येक में एक-एक, आयोजित की गई जिसमें 207 प्रतिभागियों ने भाग लिया। केन्द्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान (पी.एस.एस.सी. आई.वी.ई.) के पाँचवें स्थापना दिवस के अवसर पर सर्वोत्तम व्यावसायिक संस्थान, सर्वोत्तम व्यावसायिक अध्यापक तथा सर्वोत्तम विद्यालय उद्योग संबंध के लिए पुरस्कार (प्रत्येक राज्य में एक) प्रदान किए गए। उच्चतर माध्यमिक परीक्षा के परिणामों के आधार पर प्रति राज्य की दर से पहले दो सर्वोत्तम लक्ष्य प्राप्त कर्ताओं को पुरस्कृत किया गया। व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के प्रति जागरूकता लाने तथा व्यावसायिक अध्यापकों को इस योजना के वास्तविक प्रशासन के लिए सहायता उपलब्ध करवाने हेतु भोपाल के आसपास के क्षेत्रों के 14 प्रयोगशाला विद्यालयों में वृत्तिक सम्मेलन आयोजित किए गए। व्यावसायिक शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए 4 प्रदर्शनियाँ आयोजित की गईं। "क्वार्टरली बुलेटिन फॉर वोकेशनल एजूकेशन" के 2 अंक प्रकाशित हुए तथा 2 अंक मुद्रणाधीन हैं।

व्यावसायिक शिक्षा की जो अनुसंधान परियोजनाएं प्रगति पर हैं उनमें (1) विभिन्न राज्यों में सामान्य आधार पाठ्यक्रम के कार्यान्वयन का तुलनात्मक अध्ययन (2) राज्यों में व्यावसायिक मार्गदर्शन का बेंचमार्क सर्वेक्षण (3) भारत में व्यापार और वाणिज्य पर आधारित व्यावसायिक प्रवेशपत्रों की स्थिति का अध्ययन (4) शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में व्यावसायिक शिक्षा में बालिकाओं की वृत्तिक आकांक्षाएँ (5) माध्यमिक व्यावसायिक विद्यालय क्रियात्मक अनुसंधान में विद्यालय उद्योग संबंधों की स्थापना (6) चुने हुए राज्यों में व्यावसायिक पाठ्यचर्या तथा अनुदेशी सामग्री की गुणवत्ता और स्तर का तुलनात्मक मूल्यांकन (7) कृषि क्षेत्र में व्यावसायिक अध्यापन-अधिगम की प्रभाविता और स्थिति का तुलनात्मक अध्ययन (8) महाराष्ट्र के कुछ व्यावसायिक संस्थानों में विद्यालय-उद्योग संबंधों पर एक विषयी अध्ययन (9) पंजाब के व्यावसायिक शिक्षा विद्यार्थियों के कार्य निष्पादन पर ओ.जे.टी. का प्रभाव (10) 10+2 स्तर के विद्यार्थियों में व्यावसायिक कौशलों के विकास में अध्यापकों की व्यवस्था की भूमिका आदि शामिल हैं। तमिलनाडु राज्य के लिए सी.एस.एस. के अंतर्गत वी.ई.पी. के कार्यान्वयन का यथास्थान अध्ययन किया गया जिसमें कार्यक्रम विशेषताओं और कमियों का मूल्यांकन किया गया।

अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम तथा असम राज्यों और वी. वी. गिरी राष्ट्रीय श्रमिक संस्थान, भारत सरकार को क्रमशः विशेष व्यावसायिक विद्यालय स्थापित करने, व्यावसायिक विद्यालयों में उत्पादन सह प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित करने, पाठ्यविवरण में संशोधन तथा व्यावसायिक कौशलों के प्रशिक्षण के लिए अनुदेशी सामग्री के विकास से संबंधित परामर्श प्रदान किया गया।

शैक्षिक प्रौद्योगिकी

एन.सी.ई.आर.टी के एक संघटक के रूप में सी.आई.ई.टी के छह एस.आई.ई.टी. संस्थानों के कार्यकलापों में शैक्षिक और मीडिया उत्पादन कार्यकलापों में सहयोग देना जारी रखा गया। सी.आई.ई.टी., एस.आई.ई.टी. समन्वय समिति की दो बैठकें आयोजित की गईं।

बच्चों के लिए "तरंग" नामक कार्यक्रम दूरदर्शन (डी डी 1) पर पूरे वर्ष जारी रहा। वर्तमान कार्यक्रम में 473 कार्यक्रम कैप्सूल तथा 92 कड़ियाँ शामिल की गईं। आकाशवाणी के 10 प्रसारण केन्द्रों, इलाहाबाद, लखनऊ, जयपुर, जोधपुर, भोपाल, इन्दौर, पटना, रोहतक, शिमला तथा दिल्ली से "उमंग" नामक साप्ताहिक श्रव्य कार्यक्रम भी पूरे वर्ष प्रसारित होता रहा। विद्यार्थियों तथा अध्यापकों के लिए विभिन्न विद्यालयी विषयों को समाहित कर पचासी शैक्षिक दूरदर्शन कार्यक्रमों की पटकथा लिखी गई और उनका निर्माण किया गया। इसके अतिरिक्त अल्प अवधि के 29 शैक्षिक वीडियो कार्यक्रमों की परिकल्पना, नियोजन व निर्माण किया गया। विभिन्न रागों के सरगम को सिखाने के लिए "राग रस बरसे" नामक कार्यक्रमों की शृंखला भी तैयार की गई।

"लैंड एण्ड पीपुल" शृंखला के अतंर्गत "अवोड ऑफ दि गॉड्स" (इसके हिन्दी रूपान्तर "देव भूमि" सहित) तथा "लैंड ऑफ बैरियर्स" (इसके हिन्दी रूपान्तर वीर भूमि सहित) नामक फिल्में बनाई गईं।

कार्यक्रम उत्पादन, कैमरा प्रचालन, सम्पादन तथा स्टूडियो उपकरणों के सामान्य रख रखाव के लिए अभिविन्यास/प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। शैक्षिक ऑडियो/रेडियो कार्यक्रमों के आलेख लेखकों के लिए एक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किया गया। डी.आई.ई.टी. के अध्यापक शिक्षकों तथा आई.ए.एस.ई./सी.टी.ई. को शैक्षिक प्रौद्योगिकी की सैद्धान्तिक और व्यावहारिक रूपरेखा से परिचित करवाने के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए। एस.आई.ई.टी. संस्थानों के संकाय सदस्यों का मूल्यांकन में अभिविन्यास किया गया। एस वी राजकीय पालिटेकनिक, भोपाल के तीन वर्षीय वीडियोग्राफी डिप्लोमा पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए 18 सप्ताह का गहन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किया गया। सॉफ्ट को मीडिया समर्थन प्रदान करने के कार्यक्रम के अंतर्गत पंजाबी,

बंगला, मलयालम तथा मणिपुरी में डबिंग करने, बच्चों के लिए जीवन्त वस्तुएँ तथा जीवन्त वीडियो कार्यक्रम तैयार करने, व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्रों में ई.टी.वी. कार्यक्रमों के लिए कार्यक्रम संक्षेप तैयार करने आदि के लिए बहुत सी कार्यशालाएँ आयोजित की गईं।

कक्षा 6 स्तर पर मापन संकल्पना के अध्यापन पर अनुक्रियात्मक वीडियो कार्यक्रमों का एक मूल्यांकन परक अध्ययन किया गया। प्राथमिक स्तर पर प्रसारित ई.टी.वी. (तरंग) कार्यक्रमों की मानीटरिंग पर एक रिपोर्ट तैयार व समेकित की गई।

एस.आई.ई.टी. हैदराबाद में आयोजित राष्ट्रीय ऑडियो बिज्युअल (दृश्य श्रव्य) समारोह में एन.सी.ई.आर.टी. ने ई.टी.वी. कार्यक्रमों के वर्ग में सर्वोत्तम उत्पादन, सर्वोत्तम निर्देशन आदि के पुरस्कारों के अतिरिक्त शील्ड भी जीती। सी.आई.ई.टी. की केन्द्रीय फिल्म लाइब्रेरी ने अपने सदस्यों को 2050 फिल्में जारी कीं तथा बच्चों, अनुसंधानकर्ताओं तथा स्थानीय शैक्षिक संस्थानों के लिए बहुत से शो आयोजित किए। वीडियो कार्यक्रमों, फिल्मों कार्मिकों आदि के लिए एक डाटा वेस तैयार किया गया है। नागालैण्ड के एस.सी.ई.आर.टी./डी.आई.ई.टी. संकाय के लिए शैक्षिक प्रसारण हेतु आकाशवाणी और दूरदर्शन के लिए कार्यक्रमों के उत्पादन पर एक कार्यशाला आयोजित की गई।

कंप्यूटर शिक्षा और प्रौद्योगिकीय सहायता

एन.सी.ई.आर.टी. ने अपने कार्यक्रमों और कार्यकलापों में आधुनिक तकनीकी सहायता/मीडिया के संबंध में कंप्यूटर शिक्षा में आने वाली समस्याओं तथा संबंधित अनुसंधान और विकास कार्यों की ओर ध्यान देना जारी रखा। एन.सी.ई.आर.टी. मुख्यालय में स्थापित कंप्यूटर संसाधन केंद्र (सी.आर.सी) में अन्य बातों के अतिरिक्त, इंटरनेट तथा ई मेल की सुविधाएँ उपलब्ध करवाई गई हैं ताकि शिक्षा के संबंध में पूरी दुनिया से सूचनाएँ प्राप्त की जा सकें।

नाभिकीय रसायन पर कंप्यूटर सहायता प्राप्त अनुदेशी पैकेज का प्रायोगिक संस्करण तथा कंप्यूटर कोर्सवियर के तीन मॉडयूल अर्थात् पेथागोरस प्रमेय, हाइड्रोकार्बन तथा रासायनिक गतिज तैयार किए गए। "द इंटरनेट एन एजूकेशनल टूल" नामक पुस्तिका निकाली गई। एन.आई.ई. के शैक्षिक तथा प्रशासनिक स्टॉफ के लिए सी.आर.सी.ई. के शैक्षिक तथा प्रशासनिक स्टॉफ के लिए सी.आर.सी. द्वारा दो प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

विद्यालयों के लिए विज्ञान किट, आद्य प्रारूप (मॉडल) के उत्पादन प्रायोगिक प्रयास तथा नए, डिजाइनों पर अध्यापकों के प्रशिक्षण से संबंधित अनुसंधान और विकास कार्यकलाप जारी रहे। वर्ष 1998-99 के दौरान 50 एकीकृत विज्ञान किट, 500 प्राथमिक तथा 260 मिनी टूल किट निर्मित किए गए। प्राथमिक विज्ञान किट के लिए मैन्युअल का एक अत्यधिक संशोधित रूप सी.आर.सी. में कम्पोज किया गया है।



कंप्यूटर कक्षा

राष्ट्रीय प्रतिभा खोज

इस योजना का उद्देश्य 10वीं कक्षा के अंत में मेधावी छात्रों की पहचान करना तथा उन्हें अच्छी शिक्षा प्राप्त करने की दिशा में वित्तीय सहायता प्रदान करना है ताकि उनकी प्रतिभा और अधिक विकसित हो सके। वर्ष 1998-99 के दौरान कुल 750 छात्रवृत्तियाँ प्रदान की गईं। इनमें अनुसूचित जाति/अनु. जनजाति के अभ्यर्थियों की 70 छात्रवृत्तियाँ शामिल थीं। इसका चयन दो चरणों में किया जाता है। पहले चरण में राज्यों द्वारा लिखित परीक्षा के माध्यम से चयन किया जाता है। दूसरे चरण में एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जाता है।

शैक्षिक अनुसंधान और नवाचारों को प्रोत्साहन

एन.सी.ई.आर.टी. बाहरी संस्थाओं/संगठनों को प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में अनुसंधान के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है। शैक्षिक अनुसंधान नवाचार समिति (एरिक) द्वारा समर्थित 6 अनुसंधान परियोजनाएँ पूर्ण की गईं। एरिक के अंतर्गत 56 अनुसंधान परियोजनाएँ चल रही हैं। एरिक की सहायता से 2 पीएच.डी. शोध प्रबंध प्रकाशित हुए। एरिक द्वारा प्रायोजित

अनुसंधान अध्ययनों के संबंध में प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की रूपरेखा तैयार करने के लिए एक बैठक आयोजित की गई। एरिक द्वारा वित्तीय सहायता प्राप्त परियोजनाओं की प्रगति का अनुवीक्षण करने के लिए 5वीं अनुसंधानकर्ता संगोष्ठी आयोजित की गई।

निम्नलिखित पत्रिकाओं के माध्यम से विद्यालय शिक्षा और अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान, नवाचार और अन्य विकास कार्यों का प्रचार-प्रसार किया गया :

- जर्नल ऑफ इंडियन एजूकेशन
- भारतीय आधुनिक शिक्षा
- इंडियन एजूकेशनल रिव्यू

पाँचवां शैक्षिक अनुसंधान सर्वेक्षण, जिसमें 1800 से भी अधिक लेखों के सारांशों को शामिल किया गया उसका 38 क्षेत्रों में वर्गीकरण किया गया, इसे दो खंडों में जारी किया जा रहा है। इसके रुझानों की रिपोर्ट पर पहला खंड 1997 में प्रकाशित किया गया। दूसरा खंड जिसमें 1988 से 1992 तक की अवधि के दौरान आयोजित अनुसंधानों के सार शामिल हैं, प्रकाशनाधीन है।

शैक्षिक अनुसंधान के अगले सर्वेक्षण की अवधि 1993-97 है। इस सर्वेक्षण के अध्ययनों को पूरा होने और उनके व्यापक प्रचार-प्रसार के बीच समय के अंतराल को न्यूनतम करने के लिए नई प्रविधियाँ अपनाई जा रही हैं। ''इंडियन एजूकेशनल एब्सट्रेक्ट'' (आई.ई.ए.) नामक छमाही अनुसंधान पत्रिका का प्रकाशन जारी रहा। वर्ष 1998-99 के दौरान आई.ई.ए. के दो अंक (भाग-5 तथा 6) निकाले गए।

शैक्षिक सर्वेक्षण

छठे अखिल भारतीय शैक्षिक सर्वेक्षण (ए.आई.ई.एस.) के आँकड़ों पर आधारित मुख्य रिपोर्ट के आलेख को पूर्ण कर लिया गया है। विद्यालयों और भौतिक सुविधाएँ (भाग-2) विद्यालयों में अध्यापक (भाग-3), विद्यालयों में नामांकन (भाग-4), शैक्षिक आगतें और विद्यालयों में सुविधाएँ (भाग-5), विद्यालयों में आयु के अनुसार नामांकन, दोहराव, प्रोत्साहन योजनाएँ इत्यादि (भाग-6), अध्यापाकों की अर्हताएं और उनकी सेवा शर्तों (भाग-8), पर राष्ट्रीय सारणियों तथा चुनिंदा सांख्यिकी तथा छठे ए. आई. ई. एस. की तिथि पर आधारित शैक्षिक रूपरेखा के छह भाग प्रकाशित किए गए और वर्ष 1998-99 के दौरान उनका प्रचार-प्रसार किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय सहयोग

एन.सी.ई.आर.टी. विद्यालय शिक्षा के और अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में द्विपक्षीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों के कार्यान्वयन की एक प्रमुख एजेंसी के रूप में कार्य करती रही। वर्ष 1998-99 के दौरान सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों के अंतर्गत परिषद् द्वारा इटली, ईराक, लाओस, रोमानिया, यूगांडा, वियतनाम तथा इथियोपिया की सरकारों को शैक्षिक सामग्री/सूचनाएँ भिजवाई गईं। जर्मन गणराज्य की सरकार से विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षिक रिपोर्टों, सामग्री प्रलेख इत्यादि प्राप्त किए गए। सांस्कृतिक आदान-प्रदान (सी.ई.पी.) कार्यक्रम के अंतर्गत प्राप्त सामग्री को एन.सी.ई.आर.टी. स्थित पुस्तकालय प्रलेखन व सूचना प्रभाग (डी.एल.डी.आई.) के अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक संसाधन केन्द्र में रखा गया। एन.सी.ई.आर.टी. के बहुत से संकाय सदस्यों को अन्य देशों में अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों अथवा देशों द्वारा प्रायोजित कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए भेजा गया। एन.सी.ई.आर.टी. संकाय द्वारा भारत में आए बहुत से देशों के प्रतिनिधिमंडलों/ शिष्टमंडलों, शिक्षाविदों और अध्यापकों से विचार-विमर्श किया गया।

क्षेत्रीय सेवाएँ

एन.सी.ई.आर.टी. के क्षेत्रीय सलाहकारों ने एन.सी.ई.आर.टी., मानव संसाधन विकास मंत्रालय और राज्य शिक्षा विभागों आदि द्वारा किए गए कार्यक्रमों और कार्यकलापों के कार्यान्वयन के लिए निरंतर संपर्क जारी रखे। आर.आई.ई. के विस्तार शिक्षा विभागों ने राज्य समन्वय समितियों (एस.सी.सी.) के माध्यम से राज्यों की शैक्षिक आवश्यकताओं की पहचान में और एन.सी.ई.आर.टी. से अपेक्षित सहायता से संबंधित कार्यक्रमों के लिए क्षेत्र सलाहकारों द्वारा सहायता प्रदान की गई।

एन.सी.ई.आर.टी. के क्षेत्र सलाहकारों ने राज्य शिक्षा विभागों के राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए अध्यापकों के चयन, पाठ्यचर्या और अनुदेशी सामग्री के विकास, कार्मिकों के प्रशिक्षण और नीति निर्धारण आदि कार्यों में सहयोग दिया। एम.एच.आर.डी. को अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित सहायता प्रदान की गई : (1) राज्यों की केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं का अनुवीक्षण किया गया (2) अनौपचारिक शिक्षा की स्वयंसेवी एजेंसियों द्वारा एन.एफ.ई. पर प्रस्तुत प्रस्तावों का स्वीकृति पूर्व मूल्यांकन किया गया (3) संयुक्त मूल्यांकन दल के माध्यम से चल रही स्वयंसेवी एजेंसियों के अनौपचारिक केन्द्रों के कार्यों का मूल्यांकन किया गया।

एन.सी.ई.आर.टी., नई दिल्ली के क्षेत्र सलाहकारों की वार्षिक बैठक आयोजित की गई जिसमें राज्यों की आवश्यकताओं और विकास कार्यों से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई तथा इन राज्यों द्वारा महसूस की जा रही आवश्यकताओं को पूरा करने में क्षेत्र सलाहकारों की भूमिका पर विचार-विमर्श किया गया। 11 राज्यों के क्षेत्र सलाहकारों ने इस बैठक में भाग लिया। उत्तर पूर्वी राज्यों की आवश्यकताओं के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई तथा प्रस्तावित कार्य नीतियों पर विचार किया गया। अन्य राज्यों के

क्षेत्र सलाहकारों ने अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित राज्यों के विकास तथा इस संबंध में किए गए अनुप्रयोगों के संबंध में सूचना दी।

पुस्तकालय और प्रलेखन

एन.सी.ई.आर.टी. मुख्यालय में स्थित परिषद् का पुस्तकालय प्रलेखन और सूचना प्रभाग (डी.एल.डी.आई.) एन.सी.ई.आर.टी. के विभिन्न घटकों के अनुसंधान और विकास कार्यकलापों में सहायता देता रहा। परिषद् के अन्य घटकों ने भी अपने-अपने परिसरों में पुस्तकालय बनाए हुए हैं। वर्षों से यहाँ शिक्षा-शास्त्रियों, अध्यापक शिक्षकों, अध्यापकों और विद्यार्थियों आदि के लिए शिक्षा और संबंधित विषयों पर पुस्तकों और पत्र-पत्रिकाओं का व्यापक संग्रह है।

हिन्दी के प्रयोग को प्रोत्साहन

एन.सी.ई.आर.टी. के विभिन्न संघटकों के दैनंदिन कार्यों में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "राजभाषा एक नजर में" नामक पुस्तिका प्रकाशित की गई। इसमें राजभाषा नीति, नियम व अधिनियम, दिन प्रतिदिन के कार्यालयी कार्य में राजभाषा के प्रयोग से संबंधित निर्देश तथा राजभाषा विभाग द्वारा जारी किए गए वार्षिक लक्ष्यों को शामिल किया गया है। इस पुस्तिका की प्रतियाँ पूरी एन.सी.ई.आर.टी. के स्टाफ को उपलब्ध करवाई गई थीं। एन.सी.ई.आर.टी. में मुख्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तीन बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रयास करने हेतु नीतियाँ निर्धारित की गईं तथा महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। 1-15 सितंबर 1998 के दौरान परिषद् में "हिंदी पखवाड़ा" का आयोजन किया गया। इस दौरान हिन्दी टिप्पण, प्रारूपण व पत्र लेखन, टंकण, अनुवाद, कविता, निबंध तथा वाद-विवाद प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए राजभाषा विभाग से पोस्टर व चार्ट प्राप्त कर एन.सी.ई.आर.टी. के सभी संघटकों को भिजवाए गए। एन.सी.ई.आर.टी. के कर्मचारियों के लिए हिन्दी टंकण तथा आशुलिपि प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। एन.सी.ई.आर.टी. के विभिन्न संघटकों के प्रशासनिक प्रलेखों और कागज-पत्रों के हिन्दी अनुवाद संबंधी सहायता भी हिन्दी प्रकोष्ठ द्वारा ही प्रदान की गई।

कार्यक्रम नियोजन, अनुवीक्षण और मूल्यांकन

एन.सी.ई.आर.टी. के विभिन्न संघटकों/विभागों के अध्यक्षों ने अपने-अपने विभाग के संकाय सदस्यों द्वारा प्रतिवेदनाधीन वर्ष के दौरान किए गए कार्यक्रमों के कार्यान्वयन पर निगरानी जारी रखी। संघटकों के कार्यक्रमों की समीक्षा परिषद् के निदेशक/संयुक्त निदेशक द्वारा की गई। परिषद् के विभिन्न संघटकों द्वारा कार्यक्रम के नियोजन और कार्यान्वयन की समस्त प्रक्रिया परिषद् और राज्यों के सामूहिक प्रयासों के रूप में चलती रही। एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा अपने कार्यक्रमों और कार्यकलापों की आवधिक रिपोर्ट मानव संसाधन विकास मंत्रालय को निरंतर भेजी जाती रही।

प्रकाशन

एन.सी.ई.आर.टी. विद्यालयी शिक्षा के लिए आदर्श अनुदेशी सामग्री, पाठ्यपुस्तकें, अभ्यास पुस्तकें, अनुपूरक पुस्तकें, अध्यापक संदर्शिकाएँ व्यावसायिक शिक्षा में अनुकरणीय अनुदेशी सामग्री, शोध प्रतिवेदन प्रबंध और शैक्षिक पत्रिकाओं के प्रकाशन का कार्य निरंतर जारी रखा। वर्ष 1998-99 के दौरान 305 प्रकाशन निकाले गए। पत्रिकाओं के प्रकाशन की स्थिति इस प्रकार है:

-	इंडियन एजूकेशनल रिव्यू	2 अंक
-	जर्नल ऑफ इंडियन एजूकेशन	2 अंक
-	स्कूल साइंस	2 अंक
-	प्राइमरी टीचर	2 अंक
-	प्राइमरी शिक्षक	2 अंक
-	भारतीय आधुनिक शिक्षा	2 अंक
-	इंडियन एजूकेशनल एब्सट्रेक्ट्स	1 अंक

एन.सी.ई.आर.टी. न्यूजलेटर/शैक्षिक दर्पण (हिन्दी में समाचार पत्रिका) का एक-एक अंक भी निकाला गया।

एन.सी.ई.आर.टी. के प्रकाशनों की बिक्री संपूर्ण देश में फैले थोक एजेंटों के माध्यम से की गई। उर्दू प्रकाशनों की बिक्री और उनका वितरण उर्दू अकादमी, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार के माध्यम से किया गया। एन.सी.ई.आर.टी. का प्रकाशन प्रभाग सीधे विद्यालयों और व्यक्तियों को एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तकों आदि की आपूर्ति करता रहा। वर्ष 1998-99 के दौरान विभिन्न पुस्तकें अनुमोदित डाक सूची के अनुसार भिजवाई गईं और प्रकाशनों की बिक्री से कुल 38.67 करोड़ रु. की राशि प्राप्त हुई। बड़ी संख्या में संस्थानों और अनुसंधानकर्ताओं द्वारा भेजी गई मांगों के आधार पर एन.सी.ई.आर.टी. के मूल्य रहित प्रकाशनों की आपूर्ति की गई। परिषद् के प्रकाशन प्रभाग के क्षेत्रीय उत्पादन सह-वितरण केन्द्रों—अहमदाबाद, कलकत्ता और बैंगलूर, प्रत्येक ने परिषद् के प्रकाशनों की बिक्री और वितरण कार्य अपने-अपने क्षेत्रों अर्थात् पश्चिमी, पूर्वी और दक्षिण क्षेत्रों में निरंतर जारी रखा। उत्तर क्षेत्र की आवश्यकताओं की पूर्ति एन.सी.ई.आर.टी. मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा की गई।

प्रकाशन प्रभाग के प्रकाशनों से संबंधित सूचनाओं के प्रचार

प्रसार के लिए एन.सी.ई.आर.टी. ने निम्नलिखित पुस्तक मेलों/ प्रदर्शनियों में भाग लिया :

1. दिल्ली पुस्तक मेला अगस्त 1998
2. राष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन, दिल्ली में अगस्त 1998
3. जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी
4. हैदराबाद पुस्तक मेला दिसम्बर 1998
5. राष्ट्रीय पुस्तक मेला, जयपुर में जनवरी 1997
6. कलकत्ता पुस्तक मेला जनवरी-फरवरी 1999

वर्ष 1998-99 के दौरान एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा दिल्ली ब्यूरो ऑफ टेक्स्टबुक्स को कक्षा 1 से 8 तक की पाठ्यपुस्तकों के अभिग्रहण/अनुकूलन/पुनर्मुद्रण आदि की कापीराइट स्वीकृति प्रदान की गई। नेशनल बुक ट्रस्ट दिल्ली को मानवाधिकारों से संबंधित पुस्तक "ह्यूमन राईट्स—ए सोर्स बुक" के बंगला, गुजराती, कन्नड़, मराठी, उड़िया, मलयालम, पंजाबी, तमिल तथा तेलुगू भाषाओं में अनूदित व मुद्रित करने के लिए भी परिषद् द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई।

जापान की यू.एन.आई. एजेंसी, रोकिया भी एन.सी.ई.आर.टी. की कक्षा 11 की पाठ्यपुस्तक "मेडीवल इंडिया" को जापानी भाषा में अनूदित तथा मुद्रित करवा रही है। एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा अरुणाचल प्रदेश, हरियाणा, मिजोरम, मेघालय तथा गोवा और नवोदय विद्यालयों से प्राप्त पाठ्यपुस्तकों की आवश्यकताओं की भी आपूर्ति की गई। एन.सी.ई.आर.टी. के प्रकाशनों का विवरण परिशिष्ट IV में दिया गया है।

कल्याण कार्यकलाप

स्टाफ के विभिन्न संवर्गों की पात्रता और स्थिति के अनुसार विभिन्न वर्ग के क्वार्टरों का आवंटन किया गया। पप्पन कला में टाईप-1 तथा टाइप-2 वर्ग के कुछ और स्टाफ क्वार्टर बन रहे हैं। एल. आई. सी. की सामूहिक बचत जीवन बीमा योजना (जी.एस. एल.आई.सी.) एन.सी.ई.आर.टी. के सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों पर लागू है। जी.एस.एल.आई.सी. के अंतर्गत एल आई सी कार्यालय से निपटान के संबंध में 96 मामले प्राप्त हुए और मृतकों के नामितियों/पूर्व सदस्यों के दावों का निपटारा किया गया। जी. एसएल.आई.सी. के अंतर्गत एल.आई.सी. को पूर्ण निपटान करने के लिए कालावधि समाप्ति/आहरण के 112 मामले भिजवाए गए। एन.आई.सी. को इसी योजना के अंतर्गत मृत्यु दावों के 15 मामले भी भिजवाए गए। एक हजार एक सौ अड़तालिस अधिकारी/कर्मचारी तथा 230 पेंशनभोगी सी.जी.एच.एस. सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। सेवानिवृत्ति के समय चालीस कर्मचारियों को एन.सी.ई.आर.टी. की ओर से उपहार दिए गए। क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान मैसूर में 20-24 दिसम्बर 1998 तक वार्षिक खेलकूद आयोजित किए गए जिसमें सभी क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों, पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई., सी. आई.ई.टी. तथा परिषद् मुख्यालय में स्थित एन.आई.ई. के विभागों तथा अनुभागों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। 1 सितम्बर 1998 को एन.सी.ई.आर.टी. के स्थापना दिवस के अवसर पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

1998-99 में विद्यालयी शिक्षा के क्षेत्र में एन.सी.ई.आर.टी. के योगदान का विहंगावलोकन

शैशवकालीन शिक्षा

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् द्वारा ई.सी.ई. परियोजना के अंतर्गत विभिन्न स्तरों पर कार्मिकों को प्रशिक्षण देकर और बच्चों तथा अध्यापकों के लिए क्षेत्रीय भाषाओं में समुचित अध्ययन शिक्षण सामग्री तैयार करके क्षमता विकास का कार्य किया जा रहा है। विद्यालय पूर्व शिक्षा की गुणवत्ता में सुधारात्मक संसाधन के विकास एवं अभिविन्यास कार्यक्रमों के आयोजन तथा अनुसंधान अध्ययन आदि के माध्यम से एन.सी.ई.आर.टी. महत्वपूर्ण समर्थनकारी आगतें एवं अकादमिक सहयोग प्रदान कर रही है।

शैशवकालीन शिक्षा (ई.सी.ई.) के दोहरे लाभ बच्चों के विकास पर पड़ने वाले इसके प्रत्यक्ष प्रभाव तथा प्रारंभिक शिक्षा के सार्वजनीकरण (यू.ई.ई.) में इसके योगदान को ध्यान में रखते हुए राज्य स्तरीय विशेषज्ञता का विकास करने तथा इस क्षेत्र में कार्यक्रमों को सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ विद्यालय पूर्व तथा पूर्व प्राथमिक स्तर के बच्चों के लिए शैक्षिक और मनोरंजक मूल्यजन्य सस्ते और प्रभावकारी अनौपचारिक साधनों की खोज और विकास को ई.सी.ई. परियोजना में प्रमुख स्थान दिया जाता रहा। विभिन्न स्तरों पर कार्मिकों को प्रशिक्षण देकर और बच्चों तथा अध्यापकों के लिए क्षेत्रीय भाषाओं में समुचित अध्ययन शिक्षण सामग्री तैयार करके क्षमता विकास का कार्य किया जा रहा है। विद्यालय पूर्व शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार संगत संसाधन सामग्री के विकास प्रशिक्षण अभिविन्यास कार्यक्रमों के आयोजन तथा अनुसंधान अध्ययन आदि के माध्यम से एन.सी.ई.आर.टी. महत्वपूर्ण समर्थनकारी आगतें और अकादमिक सहयोग प्रदान कर रही है और राष्ट्रीय स्तर पर यूनेस्को सहायता प्राप्त परियोजनाओं का समन्वय कर रही है।

अनुसंधान

समेकित बाल विकास सेवाओं (आई.सी.डी.एस.) के अंतर्गत विद्यालय पूर्व शिक्षा के घटकों और इसके प्रति समुदाय के दृष्टिकोण तथा इसकी उपयोगिता के विस्तार की अध्ययन रिपोर्टें राज्यों से प्राप्त हो गई हैं। दिल्ली की रिपोर्ट तैयार कर दी गई है। समेकित रिपोर्टों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस अध्ययन के प्रमुख निष्कर्षों से इस प्रकार के संकेत मिलते हैं: (1) काफी हद तक सुविधाएँ अपर्याप्त हैं। (2) उपर्युक्त पाठ्यचर्या का विकास नहीं हुआ है। (3) विद्यालय पूर्व और प्राथमिक विद्यालय के बीच निम्नस्तर का संबंध है और (4) आँगनवाड़ी के विद्यालय पूर्व शिक्षा के घटकों के प्रति अभिभावकों के सकारात्मक दृष्टिकोण हैं।

उत्तर प्रदेश में शिशु शिक्षा केंद्रों का मूल्यांकन

उत्तर प्रदेश में सबके लिए बेसिक शिक्षा परियोजना के अनुरोध पर शैशवकालीन देखभाल और शिक्षा (ई.सी.सी.ई.) के अंतर्गत वाराणसी, नैनीताल और सीतापुर के शिशु शिक्षा केंद्रों का मूल्यांकन अध्ययन किया गया। इसकी रिपोर्ट संबंधित अभिकरण को प्रस्तुत कर दी गई है।

दिल्ली की बाल वाड़ियों के स्थिति अध्ययन की रिपोर्ट को भी अंतिम रूप दिया गया और समीक्षाधीन वर्ष में प्रकाशित किया गया।

राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्राथमिक अवस्था के पाठ्यचर्या सुधार पर अनुदेशीय सामग्री

विकास

ई.सी.ई. के लिए वीडियो कार्यक्रमों का विकास

ई.सी.ई. प्रशिक्षण पैकेज के रूप में दो वीडियो फिल्में पूरी की गईं। इनमें से एक प्रशिक्षण विधि पर है। यह भाषा विकास पर आधारित है। दूसरी फिल्म है – सार्थक शुरुआत। यह ई.सी.ई. और प्राथमिक शिक्षा के बीच के संबंधों पर है। चार खण्ड (स्पष्ट) तैयार हैं।

ई.सी.ई. कार्यक्रमों में बच्चों की प्रगति की निगरानी के संकेतक

कार्यशाला में (1) ई.सी.सी.ई. कार्यकर्ताओं और (2) अभिभावकों के लिए बच्चों की प्रगति की निगरानी के संकेतक पर तैयार दस्तावेजों की समीक्षा की गई और पर्यवेक्षण/टिप्पणी के लिए संशोधित दस्तावेजों को ई.सी.ई. विशेषज्ञों के पास भेज दिया गया है। विषयक विधि संदर्शिका (ई.सी.सी.ई.) का प्रारूप तैयार है। ई.सी.ई. के क्षेत्र में अभिभावकों की जागरूकता के लिए 6 पोस्टर विकसित किए गए हैं।

प्रशिक्षण

डाइट/एस.सी.ई.आर.टी. के ई.सी.ई. के संबद्ध संकाय सदस्यों का प्रशिक्षण

नई दिल्ली में 7-18 दिसंबर, 1998 के दौरान आठ हिंदी भाषी राज्यों के डाइट/एस.सी.ई.आर.टी. संकाय सदस्यों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 26 भागीदार शामिल हुए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बाल विकास से संबंधित सभी पक्षों – शारीरिक और गतिकी (मोटर) वैयक्तिक, सामाजिक, भाषा और संज्ञानात्मक विकास पर चर्चा की गई। भागीदार खेल विधि और बाल केंद्रित पद्धति से अवगत हुए। भागीदारों को सात दिन आँगनवाड़ियों के दौरे कराए गये ताकि वे बच्चों के साथ कार्य करने का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त कर सकें। भागीदारों ने प्रशिक्षण के दौरान अनेक अध्ययन-अधिगम प्रशिक्षण सामग्री का विकास किया। इस सामग्री का वे राज्य/जिला स्तर पर ई.सी.ई. कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के दौरान प्रयोग करेंगे।

वर्ष 1998-99 में प्रकाशित रिपोर्टें और अन्य सामग्री

1. शिशु शिक्षा केंद्र – एन.यू.पी. प्राइमरी बेसिक एजुकेशन प्रोजेक्ट इनिशिएटिव-इवैल्युएशन (फोटो प्रति)
2. रिपोर्ट – नेशनल मीट ऑन अर्ली चाइल्डहुड केयर एण्ड एजुकेशन इन दि कांटेक्स्ट ऑफ फंडामेंटल राइट टू एलीमेंटरी एजुकेशन (प्रारूप) (फोटो प्रति)
3. ए स्टडी ऑफ प्री-स्कूल एजुकेशन कंपोनेंट ऑफ आई.सी.डी.एस. एण्ड इट्स पर्सेप्शन एण्ड एक्सटेंट ऑफ यूटिलाइजेशन बाई दि कम्युनिटी – ए सिंथेसिस रिपोर्ट (फोटो प्रति)
4. रिपोर्ट ऑफ दि स्टेटस स्टडी ऑफ क्रेचेज इन दिल्ली (फोटो प्रति)

प्राथमिक शिक्षा

प्राथमिक शिक्षा के सार्वजनीकरण (यू.ई.ई.) की व्यापक रूपरेखा को ध्यान में रखते हुए प्राथमिक शिक्षा से जुड़े मुद्दों और समस्याओं पर पर्याप्त बल दिया जा रहा है। पाठ्यचर्या समीक्षा, विभिन्न स्तरों पर क्षमता निर्माण प्रासंगिक और महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन और अनुसंधान अध्ययनों और पत्रिकाओं आदि के द्वारा विचारों, अनुभवों और समाचारों के आदान-प्रदान के लिए मंच प्रदान करके प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

प्राथमिक शिक्षा के सार्वजनीकरण (यू.ई.ई.) की व्यापक रूपरेखा को ध्यान में रखते हुए प्राथमिक शिक्षा से जुड़े मुद्दों और समस्याओं पर पर्याप्त बल दिया जा रहा है। पाठ्यचर्या समीक्षा, विभिन्न स्तरों पर क्षमता निर्माण प्रासंगिक और महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन और अनुसंधान अध्ययनों और पत्रिकाओं आदि के द्वारा विचारों, अनुभवों और समाचारों के आदान-प्रदान के लिए मंच प्रदान करके प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

अनुसंधान

यू.ई.ई. के विशेष संदर्भ में प्रारंभिक शिक्षा के अनुसंधान अध्ययनों की विवेचनात्मक समीक्षा

इस अध्ययन की रिपोर्ट – "यूनिवर्सलाइजेशन ऑफ एलीमेंटरी एजुकेशन : रिसर्च ट्रेंड्स एण्ड एजुकेशन इंप्लीकेशंस" निकाली गई। यह रिपोर्ट एक स्रोत दस्तावेज और इस क्षेत्र में पुनः अनुसंधान के लिए एक आधार सामग्री के रूप में प्रयोग की जा सकती है।

राजस्थान में बालिका शिक्षण शिविर (कैंप्स) के अध्ययन

बालिका शिक्षण शिविर लोक जुंबिश परिषद् का नवाचारी कार्यक्रम है। यह कार्यक्रम राजस्थान के ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में विद्यालय के बाहर की किशोरियों के लिए चलाया जा रहा है। लोक जुंबिश परिषद् के अध्यक्ष के अनुरोध पर यह अध्ययन शुरू किया गया। केस अध्ययन विधि के द्वारा तीन शिविरों – आबू रोड शिविर (सिरोही), नखा शिविर (बीकानेर) और उदय राम सार शिविर (बीकानेर) का अध्ययन किया गया। कक्षा पर्यवेक्षण, क्षेत्र सर्वेक्षण, साक्षात्कार और समुदाय के सदस्यों, परियोजना स्टाफ और अभिभावकों के साथ विषय केंद्रित समूह परिचर्चा के द्वारा गुणात्मक पक्षों का अध्ययन किया गया। संप्राप्ति परीक्षणों के द्वारा मात्रात्मक आँकड़ा एकत्र किया गया। इस अध्ययन की रिपोर्ट के प्रारूप को अंतिम रूप से तैयार करके लोक जुंबिश भेज दिया गया।

विकास

प्रारंभिक स्तर की पाठ्यचर्या की समीक्षा

दस्तावेज–"दि प्राइमरी इयर्स–टूवर्ड्स ए करीकुलम फ्रेमवर्क" के भाग 1 के प्रारूप पर विभिन्न अभिकरणों से विचार-विमर्श किया गया और अंतिम रूप से तैयार करके इसे मुद्रित किया गया। इस दस्तावेज के दूसरे भाग के प्रारूप में उद्देश्यों और अध्यापन-अधिगम कार्यनीतियाँ आदि सहित पाठ्यचर्या के क्षेत्रों का पूरा विवरण प्रस्तुत किया गया है। यह भाग भी निकाला गया है।

प्रारंभिक स्तर की पाठ्यचर्या समीक्षा पर राष्ट्रीय समीक्षा

एन.सी.ई.आर.टी. ने मानव संसाधन विकास मंत्रालय के सहयोग से अपने परिसर में 14-16 अक्तूबर, 1998 के दौरान प्रारंभिक स्तर की पाठ्यचर्या समीक्षा पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन में एस.सी.ई.आर.टी., डी.पी.ई.पी. और अन्य गैर सरकारी संगठनों के विशेषज्ञों सहित 100 से अधिक भागीदार शामिल हुए। इस सम्मेलन के विशिष्ट उद्देश्य थे–पाठ्यचर्या समीक्षा के महत्वपूर्ण मुद्दों पर आम सहमति कायम करने की दृष्टि से संवाद/परिचर्चा के लिए मंच प्रदान करना और इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कार्यरत देश के विभिन्न अभिकरणों के अनुभवों और प्रयोगों का आदान-प्रदान करना। इस सम्मेलन में जो मुख्य सिफारिशें की गईं वे इस प्रकार हैं :

"पाठ्यचर्या कार्य संपादन और बच्चों की संप्राप्ति के निर्धारण में अपेक्षित महत्व के संदर्भ में उचित संप्रेक्षा की दृष्टि से एम. एल. एल. की परिभाषा तय की जाए। मा.सं.वि.मं. द्वारा स्वीकृत संशोधित संप्रेक्षा को आधारभूत स्तरों तक प्रसारित किया जाए।

दस्तावेज "दि प्राइमरी इयर्स" का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया जाए। इसके विभिन्न स्तरों पर प्रचार एन.सी.ई.आर.टी., राज्य अभिकरणों द्वारा योजनाएँ विकसित की जाएं। इसके लिए केवल कार्यशालाएँ आयोजित करना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में इसके अनुवाद की आवश्यकता है।

चर्चा के बिंदुओं को केंद्र में रखकर दस्तावेज का सार-संक्षेप तैयार किया जाए और केंद्रीभूत चर्चा में सहायता के लिए दस्तावेज के साथ सार-संक्षेप भी वितरित किया जाए।

सम्मेलन की सिफारिशों पर अनुवर्ती कार्रवाई की व्यापक रूपरेखा का मार्गदर्शन करने के लिए 8 से 10 सदस्यों का एक छोटा केंद्रीय दल गठित किया जाए।

कक्षा 1 से 11 के लिए भाषा, गणित, कला शिक्षा और पर्यावरण शिक्षा की अनुदेशी सामग्री का विकास और परीक्षण

राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान (एन.आई.ई.) एन.सी.ई.आर.टी., नई दिल्ली में 31 मार्च से 2 अप्रैल, 1998 के दौरान अनुदेशी सामग्री के विकास के उद्देश्य से कार्य की रूपरेखा (ब्ल्यूप्रिंट) तैयार करने के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। दस्तावेज–दि प्राइमरी इयर्स–टुवर्ड्स ए करीकुलम फ्रेमवर्क के विकास की अनुवर्ती गतिविधि के रूप में इस कार्यशाला की योजना बनाई गई थी। एकलव्य, भोपाल बोध शिक्षा समिति, जयपुर, शिक्षा विभाग, कुमाऊं विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा, एस.सी.ई.आर.टी. गुड़गांव, केंद्रीय विद्यालय संगठन, दिल्ली क्षेत्रीय सलाहकार कार्यालय, एन.सी.ई.आर.टी., पटना, लक्ष्मण पब्लिक स्कूल दिल्ली के प्रतिनिधियों ने इस कार्यशाला में हिस्सा लिया और अध्ययन के पक्षों की तर्कसंगतता और रूपरेखा से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। चर्चा के बाद अंतिम रूप से तैयार कार्य की रूपरेखा निम्नलिखित रूप से उभर कर सामने आई :

सी.एच.ए.एम.ए.क्यू.यू.ई.

- परियोजना का शीर्षक सी.एच.ए.एम.ए.क्यू.यू.ई. (चैमेक) गुणात्मक शिक्षा के लिए बाल केंद्रित और बहु-स्तरीय विधि है।
- इससे संबद्ध अभिकरणों द्वारा पहचान किए गए क्षेत्रों की स्थानीय विशिष्ट जरूरतों के आधार पर सामग्री का विकास किया जाए। इस संदर्भ में परियोजना के लिए चुने गए विद्यालयों का सर्वेक्षण अध्ययन संबद्ध अभिकरण करें।
- अभिकरणों के सहयोग से विभाग सर्वेक्षण उपकरणों का विकास करें, उन्हें अभिकरणों को भेजें इसके लिए प्रलेख 1998 में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपकरणों को अंतिम रूप दिया गया। उन उपकरणों को संबद्ध अभिकरणों के पास पहले ही से भेज दिया गया था।
- वर्ष 1998 के अंत तक कक्षा 1-2 के लिए अनुदेशी सामग्री तैयार हो जाएगी। वर्ष 1999-2000 के दौरान इसका परीक्षण किया जाएगा।

कार्यशाला के अनुवर्ती कार्य के रूप में पहले ही उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, एन.डी.एम.सी. और के.वी.एस. में सर्वेक्षण कार्य किया जा चुका है। अनुदेशी सामग्री के विकास और इस अध्ययन के आगामी कार्य में शामिल किए जाने वाले अध्यापकों तथा दूसरे कार्मिकों के अभिविन्यास कार्यक्रम में प्रयोग करने के लिए सर्वेक्षण के निष्कर्षों को तालिकाबद्ध किया जा रहा है।

विद्यालय पूर्व और प्रारंभिक शिक्षा के लिए राष्ट्रीय प्रलेखन एकक (एन.डी.यू)

विद्यालय पूर्व और प्रारंभिक शिक्षा के लिए एन.डी.यू. स्थापित करने के उद्देश्य से सूचनाओं का संकलन, विषयानुसार वर्गीकरण, प्रलेखन और प्रचार-प्रसार का कार्य उत्तरोत्तर प्रगति पर है। लगभग 2000 प्रलेखों का वर्गीकरण किया जा चुका है। इसकी प्रयोग विधि को सुगम और सरल बनाने के लिए कंप्यूटर पर आँकड़ा आधार तैयार किया जा रहा है। एन.डी.यू. के बारे में विषय-सूची सहित सूचना विवरणिका निकाली गई।

विद्यालय पूर्व और प्रारंभिक शिक्षा से संबंधित त्रैमासिक समाचार पत्रिका "ग्लिंप्सेस" का नियमित प्रकाशन हो रहा है। यह पत्रिका शोधन-गृह का कार्य करती है और विभिन्न शैक्षिक संस्थानों के पारस्परिक लाभों के लिए एक अकादमिक मंच प्रदान करती है। वर्ष 1998-99 के सभी अंक प्रकाशित किए गए और इस क्षेत्र में कार्यरत लगभग 2000 से अधिक संस्थानों/व्यक्तियों को इसका प्रचार-प्रसार किया गया। पाठकों, विशेषकर उत्तरी भारत के पाठकों के अनुरोध पर ग्लिंप्सेस (दिसंबर 1998 अंक) का हिंदी रूपांतरण 'आभास' नाम से प्रकाशित किया गया। आभास के दो अंक (दिसंबर 1998 और मार्च 1999) प्रकाशनाधीन हैं।

मार्गदर्शनकारी विद्यालय रंगमंच

एन.सी.ई.आर.टी. संकाय ने राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा शिक्षा और रंगमंच पर आयोजित संगोष्ठियों में भाग लिया और इस क्षेत्र में कार्य विशेषज्ञों के साथ विषयक चर्चा की। दिल्ली की राज्य योजना को अंतिम रूप देने के लिए दो-दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

पत्रिकाएँ

एन.सी.ई.आर.टी. अंग्रेजी में प्राइमरी टीचर और प्राइमरी शिक्षक (हिंदी में) नाम से दो त्रैमासिक पत्रिकाओं का नियमित रूप से प्रकाशन कर रही है। ये पत्रिकाएँ प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारों के बारे में विचार और समाचार के आदान-प्रदान का एक खुला मंच प्रदान करती हैं और मुख्यतः प्राथमिक कक्षाओं में कार्यरत अध्यापकों तथा अध्यापक प्रशिक्षकों की आवश्यकताओं की पूर्ति करती हैं। इन पत्रिकाओं में विभिन्न शैक्षिक मुद्दों पर प्रकाश डालने वाले लेख प्रकाशित किए जाते हैं। इनके अप्रैल 1998 और जुलाई 1998 के अंक प्रकाशित किए गए और शेष दो अंक मुद्रणाधीन थे।

लद्दाख के मुख्य संसाधन व्यक्तियों का प्रशिक्षण

लद्दाख छात्र शैक्षिक सांस्कृतिक आंदोलन (एस.ई.सी.एम.ओ. एल. सेकमोल) के अनुरोध पर नई दिल्ली में 18-29 जनवरी 1999 के दौरान लद्दाख के मुख्य संसाधन व्यक्तियों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रधानाध्यापकों, क्षेत्रीय शिक्षा परियोजना अधिकारियों (जेड.ई.पी.ओ.) और प्राथमिक अध्यापकों समेत 30 भागीदार शामिल हुए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का पाठ्यक्रम प्राथमिक शिक्षा से संबंधित उभरते हुए विभिन्न मुद्दों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया था ताकि भागीदारों को इनसे अवगत कराया जा सके। इस कार्यक्रम का उद्देश्य निकट भविष्य में काम आने वाली समुचित कार्यनीतियों का विकास करना भी था जिनसे अध्यापकों और अध्यापक प्रशिक्षकों को अकादमिक समर्थन मिल सके।

परामर्शकारी सेवाएँ

पाठ्यचर्या समीक्षा और संशोधन, अनुदेशी सामग्री के विकास और सेवारत अध्यापक प्रशिक्षण के लिए सामग्री के विकास के सिलसिले में विभिन्न राज्यों (केरल, बिहार और उत्तर प्रदेश) को परामर्शकारी सेवाएँ प्रदान की गई। इसके अलावा उत्तर प्रदेश और राजस्थान में बालिका प्राथमिक शिक्षा के लिए वैकल्पिक राजनीति की योजना बनाने में केयर इंडिया को, प्रशिक्षण आगतों की योजना बनाने और उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में ई. सी. ई. परियोजना की रूपरेखा बनाने में परामर्शकारी सेवाएँ दी गई। एक संकाय सदस्य ने योजना के लिए राज्य मूल्यांकन और 17 जिलों (ए.डब्ल्यू.पी.बी.) 1999-2000 के मूल्यांकन कार्य में भागीदारी की।

प्राथमिक शिक्षा को क्षेत्रीय सहायता

क्रियात्मक अनुसंधान विधि के अंतर्गत क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों के डी.एम. स्कूलों में क्षमता आधारित अध्यापन जारी रहा। डी.एम. स्कूलों के प्राथमिक अध्यापकों का चौथा सम्मेलन क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, अजमेर में जनवरी 1999 में हुआ। इस सम्मेलन में 25 आलेख प्रस्तुत किए गए जिनकी विषयवस्तु इस प्रकार थी। केस अध्ययनों पर आधारित तथ्यपरक आलेख, पहली पीढ़ी के विद्यार्थियों के सामने आने वाली कठिनाइयों का अध्ययन, अनुदेशी सामग्री का परीक्षण, भाषा कौशल के विकास के लिए विभिन्न प्रकार की रणनीतियों का प्रयोग और तुलनात्मक अध्ययन भागीदारों ने क्षमता आधारित अनुशिक्षणात्मक कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए क्षमता आधारित पाठ्यपुस्तकें, अनुदेशी सामग्री और अन्य सहायक [illegible] आवश्यकता [illegible] आगे [illegible]।

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, अजमेर ने प्राथमिक शिक्षा स्तर गैर-शैक्षिक क्षेत्रों में पाठ्यचर्या सामग्री और प्रारंभिक स्तर पर भाषा और गणित की क्षमताओं का मूल्यांकन करने के लिए अपेक्षित उपकरणों का विकास किया और उनका परीक्षण किया।

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भोपाल ने "ग्रामीण और अर्ध-नगरीय विद्यालय प्रवेशकों के प्रेरक समन्वयन के विकास पर तत्परता कार्यक्रम का प्रभाव" शीर्षक से एक अध्ययन संचालित किया। यह अध्ययन विद्यालयों में संज्ञानात्मक प्रभावकारी और मनोप्रेरक सामंजस्य के लिए बच्चों को तैयार करने हेतु एक हस्तक्षेपकारी कार्य के रूप में था। विद्यालय प्रवेशकों ने उत्तम प्रेरक समन्वयन दक्षता के विकास में निरंतरता का प्रदर्शन किया।

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भुवनेश्वर ने पश्चिम बंगाल की कक्षा 1 और 2 की पाठ्यपुस्तकों की समीक्षा की। उन्होंने उड़ीसा की गणित पाठ्यपुस्तकों की समीक्षा की और आदर्श सामग्री का विकास किया।

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान मैसूर ने कर्नाटक के लिए कक्षा 1-2 हेतु पाठों और संगीतमय पाठ्य मूलक कविताओं के रूप में 60 ऑडियो कार्यक्रम तैयार किए। कक्षा 3-4 के बच्चों के लिए तमिल में 10 ऑडियो कैसेट तैयार किए गए हैं। ये कैसेट सुनने और बोलने की क्षमता का विकास करने के लिए तमिलनाडु को प्रदान किए गए।

वर्ष 1998-99 में प्रकाशित रिपोर्टें और अन्य सामग्री

1. दि प्राइमारी इयर्स–टुवार्ड्स ए करीकुलम फ्रेमवर्क भाग-1 (एन.सी.ई.आर.टी.) मुद्रित
2. शिक्षा के पहले कदम (प्राइमरी इयर्स का हिंदी रूपांतरण) (फोटोप्रति)
3. दि प्राइमरी इयर्स–टुवार्ड्स ए करीकुलम फ्रेमवर्क भाग 2 (फोटो प्रति)
4. टेक्स्टबुक्स विद डिफरेंस–रिपोर्ट ऑफ दि इवेल्यूएशन स्टडी ऑफ टेक्स्टबुक्स इन केरल एण्ड मध्य प्रदेश (फोटो प्रति)
5. केस स्टडी ऑफ बालिका शिक्षण शिविर इन राजस्थान रिपोर्ट का प्रारूप (फोटो प्रति)
6. प्राइमरी टीचर - 2 अंक
7. प्राइमरी शिक्षक - 2 अंक
8. ग्लिम्पसेस - 4 अंक
9. आभास - 1 अंक
10. ब्रोशर ऑन एन.डी.यू. (फोटो प्रति)
11. यूनिवर्सलाइजेशन ऑफ एलीमेंटरी एजुकेशन रिसर्च ट्रेंड्स एण्ड एजुकेशनल इंप्लिकेशंस – ए रिपोर्ट

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् अनौपचारिक शिक्षा को अधिकाधिक सक्षम बनाने के उद्देश्य से अध्यापन अधिगम सामग्री के विकास और वैकल्पिक शिक्षण हेतु कार्यनीतियों की पहचान करने पर ध्यान केन्द्रित कर रही है। इसके द्वारा अनौपचारिक शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत विभिन्न सरकारी एवं स्वयंसेवी संगठनों को परामर्शकारी सेवाएँ प्रदान की गईं। मंत्रालय को प्रस्तुत एन.एफ.ई. प्रस्तावों के मूल्यांकन में भी एन.सी.ई.आर.टी. निरंतर सहयोग प्रदान करती रही।

अनौपचारिक शिक्षा (एन.एफ.ई.) को अधिकाधिक सक्षम बनाने के उद्देश्य से एन.सी.ई.आर.टी. संसाधनों के विकास, अध्यापन-अधिगम सामग्री के विकास और वैकल्पिक शिक्षण हेतु कार्यनीतियों की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। इसके लिए क्षेत्रीय प्रक्रिया अभिमुख प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य स्तरीय संगठनों और स्वयंसेवी संगठनों का एक मजबूत संसाधन आधार तैयार करने की दिशा में प्रयास किया जा रहा है। विभिन्न राज्यों के स्वयंसेवी संगठनों को एन.एफ.ई. के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देने में मदद दी गई ताकि ये अपने राज्यों में एक संसाधन दल के रूप में कार्य करने में सक्षम हो सकें। उन्हें एन.एफ.ई. सामग्री की छानबीन करने और विश्लेषण करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया और एन.एफ.ई. केंद्रों में अध्यापन अधिगम के प्रभावकारी कार्य निष्पादन के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। आदि प्रारूप के रूप में विकसित समस्त सामग्री में अनुकूलन और संशोधन करने की पूरी छूट है। प्रयोगकर्ता अभिकरणों, सरकारी हों या गैर सरकारी, दोनों ही स्वतंत्ररूप से इस सामग्री का प्रयोग कर सकते हैं। वर्ष 1998-99 में किए गए कार्यों के मुख्य विन्दु निम्नलिखित हैं :

अनुसंधान

भारत में उच्च प्राथमिक स्तर पर एन.एफ.ई. की स्थिति

भारत में उच्च प्राथमिक स्तर पर एन.एफ.ई. की स्थिति का अध्ययन करने के लिए आँकड़ा एकत्र किया जा चुका है। यह एक वैज्ञानिक आँकड़ा है और विशेष स्तर पर योजना के प्रभाव का आगे मूल्यांकन करने में यह बहुत ही उपयोगी होगा।

एन.एफ.ई. और ए.एस. के क्षेत्र में एस.सी.ई.आर.टी. की स्थिति का अध्ययन

आँकड़ों के संग्रह, तालिकाकरण और समेकन से संबंधित कार्य पूरा हो चुका है। आँकड़ा विश्लेषण और व्याख्या संबंधी कार्य चल रहा है।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली और हरियाणा में प्राथमिक स्तर के एन.एफ.ई. केंद्रों में हिंदी के अध्यापन अधिगम प्रक्रिया के दौरान आने वाली कठिनाइयाँ

कार्यशालाओं में इस अध्ययन से संबंधित परीक्षणों और प्रश्नावलियों का विकास और परिशोधन कर दिया गया है।

बिहार, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में एन.एफ.ई. की प्रभावकारिता

इस अध्ययन से एन.एफ.ई. की सफलताओं के कारकों और कमियों पर प्रकाश डालने की अपेक्षा है ताकि कार्यक्रम में आवश्यक संशोधन किया जा सके। उत्तर प्रदेश और बिहार के परीक्षण कार्य के अलावा यह परियोजना अपने नियत कार्यक्रम के अनुसार जारी है।

विकास

उच्च प्राथमिक स्तर पर एन.एफ.ई. कार्यक्रम के लिए शैक्षणिक मार्गदर्शन

नौवीं पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत स्वयंसेवी क्षेत्र द्वारा एन.एफ.ई. का उच्च प्राथमिक स्तर तक विस्तार करने की योजना के प्रकाश में एन.सी.ई.आर.टी. ने भाषा, समाज विज्ञान, संस्कृत, गणित कार्य अनुभव, कला, स्वास्थ्य और शारीरिक शिक्षा के क्षेत्रों में उच्च प्राथमिक स्तर पर एन.एफ.ई. के लिए पाठ्यमूलक सामग्री के विकास की विधि के लिए शैक्षणिक मार्गदर्शनकारी बिंदुओं का विकास किया है।

डी.आर.यू. के लिए प्रशिक्षण सामग्री

कार्य के दौरान प्रयोग के लिए बेसिक साहित्य उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एन.सी.ई.आर.टी. ने डाइट और एन.जी.ओ. दोनों से संबद्ध जिला संसाधन एककों (डी.आर.यू.) के लिए प्रशिक्षण पैकेज का विकास किया है ताकि वे अपनी क्षमता को मजबूत बना सकें।

प्रशिक्षण

एन.एफ.ई. और ए.एस. में एस.सी.ई.आर.टी./एस.आर.सी. के एन.एफ.ई. संकाय का प्रशिक्षण

नौवीं पंचवर्षीय योजना के अपेक्षित क्षेत्रों के विशेष संदर्भ के साथ अनौपचारिक शिक्षा और वैकल्पिक शिक्षण के विभिन्न पक्षों के बारे में नवीनतम जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से पाँच दिवसीय दो प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें से एक कार्यक्रम नई दिल्ली में तथा दूसरा कार्यक्रम हैदराबाद में आयोजित किया गया। इन कार्यक्रमों में क्रमशः एस.सी.ई.आर.टी./एस.आर.सी. के 34 और 40 संकाय सदस्यों ने भाग लिया।

राज्यों और स्वयंसेवी अभिकरणों में संसाधन विकास

मा.सं.वि.मं. से अनुदान प्राप्त गैर सरकारी संगठनों के लिए भुवनेश्वर और कोयंबटूर में पाँच दिवसीय दो प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में क्रमशः पूर्वी और दक्षिणी क्षेत्रों के एन.जी.ओ. के 55 और 38 कार्यकर्ता शामिल हुए।

विस्तार

एन.सी.ई.आर.टी. में संगठनात्मक स्तरीय कार्यक्रमों और गतिविधियों

के अलावा अनौपचारिक शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत विभिन्न सरकारी और स्वयंसेवी संगठनों को परामर्शकारी सेवाएँ प्रदान की गई। एन.सी.ई.आर.टी. ने नौवीं योजना दस्तावेज एन.एफ.ई. योजना के संशोधन के लिए ई.एफ.सी. की टिप्पणी और प्रायोगिक तथा नवाचारी योजना के विकास में एक मुख्य केंद्र के रूप में कार्य किया। मंत्रालय को प्रस्तुत एन.एफ.ई. प्रस्तावों के मूल्यांकन में भी एन.सी.ई.आर.टी निरंतर सहयोग करती रही।

अनौपचारिक शिक्षा और वैकल्पिक शिक्षण को क्षेत्रीय स्तर पर योगदान

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भोपाल ने विद्यालयों का ढाँचा, कार्यकलाप और समस्याओं को विशेष रूप से ध्यान में रखकर ग्रेटर मुंबई के रात्रि विद्यालयों का अध्ययन कार्य पूरा किया। अध्यापन अधिगम कार्यनीतियों और सामग्री का विकास किया गया और उन्हें अंतिम रूप दिया गया। मध्य प्रदेश की वैकल्पिक शिक्षण और शिक्षा गारंटी योजना (ई.जी.एस) के अंतर्गत कार्यरत राजीव गांधी प्राथमिक शिक्षा मिशन (आर.जी.पी.एस.एम.) के अनुरोध पर संस्थान ने मध्य प्रदेश के 10 जिलों में सीखना-सिखाना पैकेज का मूल्यांकन कार्य किया।

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भुवनेश्वर उड़ीसा के गैर सरकारी संगठनों का सहयोग करता है और संयुक्त मूल्यांकन दल के एक सदस्य के रूप में उनके कार्यकलापों के पर्यवेक्षण में मदद करता है।

वर्ष 1998-99 में प्रकाशित रिपोर्टें और अन्य सामग्री

1. डवलपमेंट ऑफ टेक्स्चुवल मैटेरियल इन मैथमेटिक्स (फोटो प्रति)
2. एकेडमिक गाइडलाइंस फॉर दि डवलपमेंट ऑफ टेक्स्चुवल मैटेरियल फॉर एन.एफ.ई. एट अपर प्राइमरी लेवल इन दि एरियाज ऑफ साइंस, सोशल साइंसेज, संस्कृत, मैथमेटिक्स, वर्क एक्सपीरियंस, आर्ट, हेल्थ, फिजिकल एजुकेशन (फोटोप्रति)
3. ट्रेनिंग ऑफ एन.एफ.ई. फैकल्टी ऑफ स्टेट काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एण्ड ट्रेनिंग/स्टेट रिसोर्स सेंटर्स/स्टेट लेवल की रिसोर्स पर्सन्स ऑफ नार्दन रीजन इंप्लिमेंटिंग एन.एफ.ई. प्रोग्राम (फोटो प्रति)
4. रिपोर्ट ऑन दि ओरिएंटेशन प्रोग्राम फॉर सीनियर एन.एफ.ई. फंक्शनरीज ऑफ एन.जी.ओ. फ्राम सदर्न स्टेट्स (फोटो प्रति)

अध्याय/ 6



राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् प्रारंभिक शिक्षा के सार्वजनीकरण (यू.ई.ई.) की प्रक्रिया में तेजी लाने के उद्देश्य से विशेष आवश्यकता वाले समूहों जैसे अनुसूचित जातियों (एस.सी.)/ अनुसूचित जनजातियों (एस.टी.) और अल्पसंख्यकों की शिक्षा से संबंधित मामलों पर विशेष ध्यान दे रही है। अल्पसंख्यकों की शिक्षा परियोजना के तहत एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा सरकारी सहायता प्राप्त मकतबों एवं मदरसों की मौजूदा पाठ्यचर्या का विश्लेषण एवं उनकी आवश्यकताओं का निर्धारण करके उनमें प्रयुक्त अनुदेशी सामग्री का भी संग्रह किया गया एवं आधुनिकीकरण की दृष्टि से संस्थागत आगतों के अध्ययन की रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

प्रारंभिक शिक्षा के सार्वजनीकरण (यू.ई.ई.) की प्रक्रिया में तेजी लाने के उद्देश्य से एन.सी.ई.आर.टी. विशेष आवश्यकता वाले समूहों, जैसे अनुसूचित जातियों (एस.सी.), अनुसूचित जनजातियों (एस.टी.) और अल्पसंख्यकों की शिक्षा से संबंधित मामलों पर विशेष ध्यान दे रही है। इस क्षेत्र में वर्ष 1998-99 के दौरान संचालित कार्यक्रमों के मुख्य बिंदु नीचे दिए गए हैं:

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की शिक्षा

गैर-आदिवासी अध्यापकों में मनोवृत्तिक बदलाव लाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

चुनिंदा शिक्षाविदों, मानववैज्ञानिकों, मनोविदों, भाषा वैज्ञानिकों और शिक्षाकर्मियों के सुझावों के आधार पर गैर आदिवासी अध्यापकों में आदिवासी बच्चों के प्रति मनोवृत्तिक बदलाव लाने के लिए उड़ीसा के लिए डी.पी.ई.पी. के तहत विकसित प्रशिक्षण पैकेज में आवश्यक संशोधन किए गए। उड़ीसा में यह पैकेज प्रयोग काफी हद तक सफल रहा। उड़ीसा में आयोजित होने वाली कार्यशाला में आदिवासी क्षेत्र के अध्यापकों और शिक्षाकर्मियों के साथ इस संशोधित प्रशिक्षण पैकेज पर चर्चा की जाएगी। इस पैकेज में विद्यार्थी के रूप में आदिवासी बच्चे, आदिवासियों के सांस्कृतिक पक्ष, आदिवासी भाषा, आदिवासी बच्चों की अधिगम शैली, पाठ्यचर्या और अध्यापन विधियों आदि सहित समुदाय और विद्यालय में शिक्षाशास्त्रीय कार्य व्यवहार पर विविध खण्ड शामिल किए जाएंगे। इस पैकेज का उपयोग प्रतिलिपिकृत पैकेज की बजाय एक संदर्भ पुस्तिका के रूप में किया जाएगा।

अल्पसंख्यकों की शिक्षा

सरकारी सहायता प्राप्त मकतबों/मदरसों की मौजूदा पाठ्यचर्या का विश्लेषण

इस परियोजना का उद्देश्य उत्तर प्रदेश, केरल और मध्य प्रदेश के सरकारी सहायता प्राप्त मदरसों की पाठ्यचर्या का विश्लेषण करना है। इस परियोजना अध्ययन के लिए मदरसों की मौजूदा आवश्यकताओं के निर्धारण के उद्देश्य से अभिमत प्रश्नावली का विकास किया गया। मदरसों का दौरा किया गया और अभिमत प्रश्नावली के आधार पर आँकड़े एकत्र किए गए। इन मदरसों में प्रयुक्त अनुदेशी सामग्री का भी संग्रह किया गया। विश्लेषण से पता चलता है कि इन पारंपरिक संस्थाओं में कुछ ऐसे आगत हैं जो आधुनिकीकरण की दृष्टि से उनके लिए जरूरी हैं। इस अध्ययन की रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

अध्याय / 7

विकलांग बच्चों की शिक्षा

एन.सी.ई.आर.टी. शारीरिक और बौद्धिक रूप से विकलांग बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अनेक कार्यक्रम संचालित कर रही है। व्यक्ति की विकलांगता अधिनियम 1995 के कार्यान्वयन के लिए भी प्रयास किया और नियमित विद्यालयों में विकलांग बच्चों की एकीकृत शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अनेक कार्यक्रम आरंभ किए।

विकलांग बच्चों की शिक्षा की योजना के लिए शैक्षिक योजनाकारों और शोधकर्ताओं को आँकड़ा आधार उपलब्ध कराना इस अध्ययन का उद्देश्य था।

एन.सी.ई.आर.टी. शारीरिक और बौद्धिक रूप से विकलांग बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अनेक कार्यक्रम संचालित कर रही है। इस क्षेत्र में 1998-99 के प्रमुख कार्यों में शामिल हैं—क्षमता विकास, विशेष समूहों की शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, शिक्षा की सुलभता में सुधार और इस क्षेत्र में कार्यरत गैर सरकारी संगठनों और दूसरे संस्थानों के नेटवर्क का विकास। एन.सी.ई.आर.टी. ने व्यक्ति की विकलांगता अधिनियम 1995 के कार्यान्वयन के लिए भी प्रयास किया और नियमित विद्यालयों में विकलांग बच्चों की एकीकृत शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अनेक कार्यक्रम आरंभ किए। इस क्षेत्र में 1998-99 के दौरान आयोजित प्रमुख कार्यक्रम और गतिविधियाँ नीचे दी गई हैं :

अनुसंधान

विकलांग बच्चों की एकीकृत शिक्षा का मूल्यांकन

सामान्य शिक्षा, अध्यापकों, विकलांग और सामान्य दोनों प्रकार के बच्चों पर एकीकृत शिक्षा के प्रभाव का पता लगाना और विकलांग बच्चों की शिक्षा की योजना के लिए शैक्षिक योजनाकारों और शोधकर्ताओं को आँकड़ा आधार उपलब्ध कराना इस अध्ययन का उद्देश्य था। एकीकृत शिक्षा के मूल्यांकन के लिए विभिन्न प्रकार के पाँच अनुसंधान अनुसूची, साक्षात्कार अनुसूची और प्रश्नावलियाँ विकसित की गईं और उन्हें अंतिम रूप दिया गया।

विकास

एकीकृत व्यवस्था में प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को गणित पाठ्यचर्या पढ़ाने के लिए पुस्तिका

यह पुस्तिका उन प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों के मार्गदर्शन के लिए तैयार की जा रही है जो सामान्य बच्चों के साथ दृष्टिहीन बच्चों को पढ़ाते हैं। जब यह पुस्तिका तैयार हो जाएगी तब विषयवस्तु की दृष्टि से सामान्य और दृष्टिहीन बच्चों के बीच की दूरी को कम करने में इससे मदद मिलेगी। एन.सी.ई.आर.टी. का प्राथमिक स्तर का गणित एक आदर्श सामग्री के रूप में प्रयुक्त किया जा रहा है। इसके आधार पर गणित पाठ्यचर्या को पढ़ाने में दृष्टिहीन बच्चों के सामने आने वाली कठिनाइयों का पता किया जा सकता है। गणित की पाठ्यचर्या के कठिन क्षेत्रों का पता लगाने के लिए विशेष विद्यालयों और एकीकृत व्यवस्था में पढ़ने वाले दृष्टिहीन बच्चों से संपर्क किया गया तथा विषय केंद्रित समूह परिचर्चा आयोजित की गई। इसके साथ-साथ दृष्टिहीन और सामान्य दृष्टि के बच्चों के कठिनाई स्तरों के वर्गीकरण के लिए पाठ्यविवरण पर आधारित एक प्रपत्र विशेष विद्यालयों में दृष्टिहीन बच्चों को पढ़ने वाले और सामान्य विद्यालयों में पढ़ाने वाले अध्यापकों को दिया गया।



एकीकृत व्यवस्था में बधिर बच्चों को हिंदी भाषा शिक्षण : प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों के लिए पुस्तिका

यह पुस्तिका एकीकृत व्यवस्था में बधिर बच्चों को भाषा पढ़ाने के लिए तैयार की गई है। पुस्तिका में तीन खण्ड हैं: खण्ड -1 में सामान्य विद्यालयों में बधिर बच्चों का एकीकरण करने के लिए जरूरी आधारभूत सूचना और ज्ञान के बारे में विवेचन है। खण्ड-2 अनुदेशों के समूहन पर आधारित है। खण्ड-3 अध्यापन-अधिगम विधियों और मूल्यांकन विधियों के अनुकूलन पर आधारित है। इस पुस्तिका की मदद से अध्यापक 6-7 वर्ष की आयु में विद्यालय आने वाले बच्चों की बधिरता की पहचान के बाद उनकी भाषा विकास प्रक्रिया को व्यवस्थित करने में समर्थ होंगे। यह पुस्तिका अभी मुद्रणाधीन है।

प्राथमिक विद्यालय स्तर के कमजोर दृष्टि वाले बच्चों के अध्यापकों के लिए पुस्तिका

प्राथमिक विद्यालय के अध्यापकों के लिए कमजोर दृष्टि के बच्चों की पृष्ठभूमि पर एक पुस्तिका प्रकाशित की गई है। इस पुस्तिका में इन बच्चों की जरूरतों पर प्रकाश डाला गया है। इससे अध्यापकों को पढ़ने, लिखने, सुनने, मनो-सामाजिक क्षेत्र आदि पर कमजोर दृष्टि के प्रभाव को समझने में मदद मिलेगी। इस पुस्तिका से कमजोर दृष्टि के बच्चों की शिक्षा में भारी मदद मिल सकती है और कमजोर दृष्टि के बच्चे सामान्य व्यवस्था में पढ़ सकेंगे। इस तरह उन बच्चों को शिक्षा के मूल अधिकार को प्राप्त करने का अवसर भी मिलेगा।

विशेष शैक्षिक आवश्यकता वाले बच्चों के लिए सामान्य विद्यालयों मे संसाधन सुविधाएँ

यह संदर्शिका विकलांग बच्चों की एकीकृत शिक्षा (आई.ई.डी.सी. कार्यक्रम का कार्यान्वयन कर रहे राज्यों के लिए तैयार की गई है। इसमें सबके लिए शिक्षा की जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से सामान्य शिक्षा प्रणाली को सुसज्जित करने के लिए विस्तृत रूप से मार्गदर्शन दिए गए हैं। एकीकृत शिक्षा के कार्यान्वयन के किसी भी प्रतिरूप को चुनने में इस संदर्शिका से मदद मिलेगी। इससे विद्यालय स्तर, या क्षेत्र संसाधन केंद्र स्तर पर संसाधन कक्ष विकसित करने में मदद मिलेगी। इसमें विशेष शिक्षा की आवश्यकता वाले विभिन्न प्रकार के बच्चों की जरूरतों के अनुसार वैयक्तिक सामग्री की सूची भी दी गई है।

प्रशिक्षण

विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की एकीकृत शिक्षा पर भारत आस्ट्रेलिया क्षमता निर्माण कार्यक्रम

यह कार्यक्रम एन.सी.ई.आर.टी. के सहयोग से आस्ट्रेलिया की वित्तीय सहायता से मा.सं.वि.मं. द्वारा शुरू किया गया। इस परियोजना के लिए तीन राज्यों—उड़ीसा, गुजरात और केरल में अध्यापकों और आई.ई.डी. संयोजकों के प्रशिक्षण को ध्यान में रखकर संसाधन सहयोग दिया गया। आस्ट्रेलिया में मुख्य प्रशिक्षण के रूप में प्रशिक्षण लेने के लिए भेजे जाने वाले 10 अध्यापकों का चयन करने के लिए एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली में 14-18 सितंबर, 1998 के दौरान एक प्रशिक्षण सहित मूल्यांकन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में 30 भागीदारों ने हिस्सा लिया जिन्हें आस्ट्रेलिया और एन.सी.ई.आर.टी. संकाय के सदस्यों ने प्रशिक्षण दिया।

आई.ई.डी. को संसाधन सहायता

डी.पी.ई.पी. राज्यों के आई.ई.डी. संयोजकों को सामान्य विद्यालयों में विकलांग बच्चों के एकीकरण के क्षेत्र में संसाधन सहायता प्रदान की गई। जिला/प्रखंड/संघटन स्तर पर इस कार्य की योजना बनाने और उसका प्रबंधन करने में संयोजकों को सक्षम बनने के लिए उनके साथ प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए। अध्यापक प्रशिक्षण माड्यूलों के विकास और समुदाय में सामान्य चेतना पैदा करने तथा अभिप्रेरणा के लिए संसाधन प्रदान किए गए।

केंद्रीय विद्यालयों में विकलांग बच्चों के एकीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अपेक्षित सुविधाएँ प्रदान करने के लिए एन.सी.ई.आर.टी. और केंद्रीय विद्यालय संगठन ने मिलकर 8-12 जून, 1998 के दौरान पाँच दिवसीय एक कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें विभिन्न राज्यों के 60 भागीदारों ने हिस्सा लिया।

विशेष अध्यापकों के लिए विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की शिक्षा में सेतु पाठ्यक्रम (ब्रिज कोर्स) आयोजित करने वाले विभिन्न विद्यालयों/संस्थानों/गैर सरकारी संगठनों को संसाधन सहायता प्रदान की गई।

परामर्शकारी सेवाएँ

विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए अध्यापन विधि, विकलांग बच्चों की एकीकृत शिक्षा की योजना और प्रबंधन तथा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए अनुदेशी विधि के विकास के सिलसिले में विभिन्न गैर सरकारी संगठनों, विद्यालयों और संस्थानों को परामर्शकारी सेवाएँ प्रदान की गई।

1998-99 में प्रकाशित रिपोर्टें और अन्य सामग्री

1. इवैल्यूएशन ऑफ मल्टी कैटेगरी टीचर ट्रेनिंग प्रोगाम-2 रिपोर्ट (फोटो प्रतिलिपि)
2. स्ट्रेंथनिंग इंटिग्रेटेड एजुकेशन फॉर चिल्ड्रन विद स्पेशल नीड्स—ए रिपोर्ट (फोटो प्रतिलिपि)
3. लो विजन चिल्ड्रन—ए गाइड फॉर प्राइमरी टीचर्स (मुद्रित)

एन.सी.ई.आर.टी. ने माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों की छात्राओं के लिए छात्रावास की सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने की केंद्रीय योजना का मूल्यांकन करने के लिए एक विस्तृत मूल्यांकन अध्ययन संचालित किया। इस अध्ययन में गैर सरकारी संगठनों द्वारा संचालित विद्यालय लिए गए। इस अध्ययन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों और सुविधाहीन कमजोर तबके की आबादी से विद्यालयों में लड़कियों के नामांकन, प्रतिधारण और संप्राप्ति स्तर में वृद्धि पर इस योजना के प्रभाव का मूल्यांकन करना था।

एन.सी.ई.आर.टी. ने महिलाओं के समता के अधिकार और सशक्तिकरण के लिए अपेक्षित शिक्षा के संबंध में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन.पी.ई.) 1986 (1992 में किए गए संशोधनों सहित) के कार्यान्वयन के लिए केंद्र और राज्य सरकारों को सहायता और सलाहकारी सेवाएँ प्रदान करना जारी रखा। इस क्षेत्र में परिषद् निम्नलिखित कार्य करती है : (1) महिला शिक्षा के लिए एक राष्ट्रीय संसाधन केंद्र के रूप में कार्य करना और संयुक्त राष्ट्र संघ तथा अन्य राष्ट्रीय संगठनों को परामर्शकारी सेवाएँ प्रदान करना, और (2) सार्क के कार्यकलापों के अंतर्गत महिला शिक्षा के लिए एक मुख्य केंद्र के रूप मे कार्य करना। लैंगिक भेदभाव और पूर्वग्रह को दूर करने के लिए नीति निर्माण, योजना, पाठ्यचर्या और अध्यापक शिक्षा के क्षेत्रों में अपेक्षित परिवर्तनकारी कार्य किए जाते हैं।

अनुसंधान

माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों की छात्राओं के लिए छात्रावास की सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने की केंद्रीय योजना का मूल्यांकन अध्ययन

एन.सी.ई.आर.टी. ने माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों की छात्राओं के लिए छात्रावास की सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने की केंद्रीय योजना का मूल्यांकन करने के लिए एक विस्तृत मूल्यांकन अध्ययन संचालित किया। इस अध्ययन में गैर सरकारी संगठनों द्वारा संचालित विद्यालय लिए गए। इस अध्ययन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों और सुविधाहीन कमजोर तबके की आबादी से विद्यालयों में लड़कियों के नामांकन, प्रतिधारण और संप्राप्ति स्तर में वृद्धि पर इस योजना के प्रभाव का मूल्यांकन करना था। सभी 44 संस्थानों का दौरा किया गया और एक अंतरिम रिपोर्ट शिक्षा विभाग, मा.सं.वि.मं. को भेजी गई। इस योजना की शर्तों और दशाओं के अनुसार कार्य न करने वाले 8 संस्थानों को पुनः अनुदान सहायता से वंचित करने की सिफारिश की गई।

दो अनुसंधान अध्ययन–(1) मध्य प्रदेश के दो जिलों में बालिका शिक्षा पर प्रोत्साहन योजनाओं के प्रभाव का अध्ययन, और (2) लैंगिक परिप्रेक्ष्य में विद्यालय कार्य व्यवहार का अध्ययन अभी जारी हैं।

विकास

पाठ्यचर्या कार्य संपादन में लैंगिक संवेदनशील जीवन कौशल विधि

एक गैरसरकारी संगठन–तिन्नारी ने 2-3 नवंबर 1998 के दौरान भारत सरकार–यू.एन. प्रणाली शिक्षा कार्यक्रम के संयुक्त तत्त्वावधान में प्रारंभिक स्तर पर पाठ्यचर्या कार्य संपादन में लैंगिक संवेदनशील कौशल विधि पर दो दिवसीय एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया। इसके आयोजन में एन.सी.ई.आर.टी. ने तिन्नारी को सहयोग दिया। कार्यशाला के निम्नलिखित उद्देश्य थे– (1) प्रजातिगत जीवन कौशल के सारांश का विकास करना, (2) कौशल विकास में लैंगिक पूर्वग्रह और बाधाओं को तोड़ना, (3) प्रारंभिक स्तर की पाठ्यचर्या में इन कौशलों के एकीकरण के लिए व्यापक कार्यनीतियों की पहचान करना। इस कार्यशाला में विभिन्न राज्यों, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय अभिकरणों और इस क्षेत्र में कार्यरत गैरसरकारी संगठनों के 75 से अधिक शिक्षाविदों और शिक्षाकर्मियों ने भाग लिया। इस कार्यशाला की सिफारिशें प्राप्त हुईं जिन्हें कई संबंधी अभिकरण और संस्थाएँ कार्यान्वित कर रही हैं।



बालिकाओं और सुविधाविहीन समूहों की प्राथमिक शिक्षा को बढ़ावा

ग्रामीण हरियाणा में बालिका और सुविधाविहीन समूहों की प्राथमिक शिक्षा को बढ़ावा देने से संबंधी यूनेस्को नवाचारी पायलट परियोजना के अंतर्गत एन.सी.ई.आर.टी. ने भगीदार प्राथमिक विद्यालयों के मुख्य क्षेत्रों–विद्यालय की साफ-सफाई और सजावट, समूह गान और पीटी, विद्यालय पुस्तकालय कार्नर, अध्यापकों के ब्लैक बोर्ड कार्य में सुधार और छात्रों के हस्तलिपि, रचनात्मक लेखन और सामुदायिक भागीदारी में उत्कृष्टता पुरस्कार देने के लिए विराट शिक्षा उत्सव का आयोजन किया। इस उत्सव में हरियाणा के रिवाड़ी जिले के खोल प्रखंड के 59 गाँवों से बच्चों, अभिभावकों, अध्यापकों, महिला मंडल सदस्यों, सरपंचों और पंचों सहित 3000 भागीदारों ने हिस्सा लिया। इस उत्सव के अवसर पर यूनेस्को दक्षिण एशिया क्षेत्रीय कार्यालय के निदेशक, एन.सी.ई.आर.टी. के निदेशक, हरियाणा, एस.सी.ई.आर.टी. के निदेशक और संकाय सदस्य और जिले के वरिष्ठ प्रशासक और अधिकारी भी उपस्थित थे।

भारत सरकार के संयुक्त पर्यवेक्षण मिशन, राजस्थान सरकार और स्वीडन अंतर्राष्ट्रीय विकास अभिकरण (सीडा) को लोक जुंबिश के मूल्यांकन में सहायता की गई। एन.सी.ई.आर.टी. ने मई 1998 में लोक जुंबिश परियोजना और जनवरी 1998 में शिक्षाकर्मी परियोजना के मूल्यांकन में मदद की।

बालिका शिक्षा को क्षेत्रीय सहायता

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भोपाल ने पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई. के सहयोग से महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की बाधाओं के उन्मूलन पर 8-10 दिसंबर,1998 के दौरान एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया।

1998-99 में प्रकाशित रिपोर्टें और अन्य सामग्री

1. इवैल्यूएशन स्टडी ऑफ ए सेंट्रल स्कीम फॉर स्ट्रेंथनिंग ऑफ वोर्डिंग एण्ड हॉस्टल फेसिलिटीज फॉर गर्ल्स स्टूडेंट्स ऑफ सेकेंडरी एण्ड हायर सेकेंडरी स्कूल्स (अंतरिम रिपोर्ट मिमियोग्राफ)
2. यूनेस्को इन्नोवेटिव पाइलट प्रोजेक्ट ऑन प्रोमोशन ऑफ प्राइमरी एजुकेशन ऑफ गर्ल्स एण्ड डिसएडवांटेज्ड ग्रुप्स इन रूरल हरियाणा (अंतरिम रिपोर्ट - मिमियोग्राफ)
3. ए रिसोर्स डॉक्यूमेंट ऑन वुमेन्स वोकेशनल एण्ड टेक्नीकल एजुकेशन इन इंडिया डी.जी.ई.टी., श्रम मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली
4. 21-22 नवंबर, 1998 के दौरान लाहौर, पाकिस्तान में आयोजित दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय संगोष्ठी में देश की ओर से प्रस्तुत आलेख-लैंग्वेज, लिटरेसी एण्ड प्राइमरी एजुकेशन इन इंडिया
5. बालिका शिक्षा में ग्राम शिक्षा समिति का सहयोग–एक दिशा।

विज्ञान और गणित शिक्षा

एन.सी.ई.आर.टी. अपने अनुसंधान, विकास, प्रशिक्षण, मूल्यांकन और विस्तार संबंधी कार्यकलापों के द्वारा विज्ञान और गणित की शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए निरंतर और पोषणीय प्रयास कर रही है। इस क्षेत्र में विकास के प्रमुख कार्यकलाप इस प्रकार हैं : छात्रों और अध्यापकों के लिए गणित और विज्ञान शिक्षा में आदर्श पाठ्यचर्या सामग्री का विकास करना, नई विधियों और प्रौद्योगिकी के साथ अध्यापन अधिगम की कार्यनीतियों के प्रयोग संचालित किए जाते हैं। प्रतिभाशाली छात्रों के प्रतिभा पोषण के लिए अपेक्षित कदम उठाए जाते हैं।

एन.सी.ई.आर.टी. अपने अनुसंधान, विकास, प्रशिक्षण, मूल्यांकन और विस्तार संबंधी कार्यकलापों के द्वारा विज्ञान और गणित की शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए निरंतर और पोषणीय प्रयास कर रही है। इस क्षेत्र में विकास के प्रमुख कार्यकलाप इस प्रकार हैं: छात्रों और अध्यापकों के लिए गणित और विज्ञान शिक्षा में आदर्श पाठ्यचर्या सामग्री का विकास करना, (2) विद्यालय शिक्षा के सभी स्तरों के लिए विज्ञान और गणित में पाठ्यचर्या का विकास करना, और (3) गणित और विज्ञान के विभिन्न विषयों में मूल पाठ्यसामग्री और अनुदेशी सामग्री का विकास करना। समस्त पाठ्यचर्या में पर्यावरण शिक्षा के तत्व शामिल किए जाते हैं।

नई विधियों और प्रौद्योगिकी के साथ अध्यापन अधिगम की कार्यनीतियों के प्रयोग संचालित किए जाते हैं। नई प्रणालियों और प्रौद्योगिकी के साथ विज्ञान और गणित की संकल्पनाओं के प्रभावी अध्यापन अधिगम के लिए कार्यकलाप उन्मुख तीन-विमितीय (थ्री डाइमेंसन मॉडलों) और प्रयोगशाला कौशलों की रूपरेखा बनाई जाती है और उनका विकास किया जाता है। प्रतिभाशाली छात्रों के प्रतिभा पोषण के लिए अपेक्षित कदम उठाए जाते हैं। प्रतिभा पोषण कार्यक्रमों के संचालन के लिए विभिन्न विषयों में विकसित अध्ययन संदर्शिकाओं और चुनौतीपूर्ण प्रश्न बैंक का प्रयोग भी किया जाता है। मंदगति के विद्यार्थियों के लिए निदानात्मक परीक्षण और उपचारी सामग्री विकसित की जाती है। गणित और विज्ञान शिक्षा के महत्वपूर्ण कार्यकलापों में शामिल हैं– रुचिकर पठन सामग्री पूरक पुस्तकों के विकास द्वारा विज्ञान को लोकप्रिय बनाना, विद्यालयेत्तर गतिविधि को बढ़ावा देते हुए विज्ञान प्रदर्शन और त्रैमासिक पत्रिका स्कूल साइंस के जरिए वैज्ञानिक नवाचारों, संकल्पनाओं आदि का प्रचार-प्रसार करना। विभिन्न स्तरों के संसाधन व्यक्तियों को इस क्षेत्र के नए और नवाचारी विकास के बारे में सरल और सुबोध तरीके से प्रशिक्षित किया जाता है। 1998-99 में इस क्षेत्र में किए गए कार्यक्रमों और कार्यकलापों के महत्वपूर्ण विवरण निम्नलिखित हैं :

अनुसंधान

भारत में विज्ञान शिक्षा की स्थिति

इस अध्ययन के मुख्य उद्देश्य थे–विभिन्न राज्यों में विज्ञान शिक्षा के ढाँचे का पता लगाना और यह जानकारी करना कि वहाँ पर लागू की गई विज्ञान और गणित की पाठ्यपुस्तकों के द्वारा किस सीमा तक पाठ्यचर्या का कार्यनिष्पादन हो रहा है और अध्यापक प्रशिक्षण की विधि का अध्ययन करना। इस अध्ययन की रिपोर्ट–'सम एस्पेक्ट्स ऑफ साइंस एजुकेशन इन इंडिया', विज्ञान शिक्षा के लिए एक आँकड़ा आधार प्रदान करती है। इससे भविष्य में उपयुक्त विज्ञान पाठ्यचर्या और अनुदेशी सामग्री की रूपरेखा तैयार करने में पाठ्यचर्या और अनुदेशी सामग्री के योजनाकारों और प्रशासकों को बहुत मदद मिलेगी।

जीवविज्ञान कार्यशाला में प्रतिभागी

उच्चतर माध्यमिक स्तर के लिए गणित पाठ्यचर्या का नवीनीकरण

एन.सी.ई.आर.टी. ने विभिन्न वर्गों – विज्ञान, कला और वाणिज्य के छात्रों की जरूरतों के आधार पर उच्चतर माध्यमिक स्तर के लिए नए पाठ्यक्रम का विकास किया है। गणित के पूरे पाठ्यक्रम को तीन भागों–भाग क, भाग ख और भाग ग में विभाजित किया गया है। भाग क में सभी वर्गों के लिए आवश्यक पाठ शामिल हैं। भाग ख विज्ञान छात्रों के लिए है। भाग ग, उन छात्रों के लिए है जो आगे गणित मे अपना कैरियर बनाना चाहते हैं। अब कोई भी छात्र अपनी रुचि के अनुसार इनमें से भाग क और भाग ख या भाग क या भाग ग का चयन कर सकता है और सी.बी.एस.ई. ने इस पाठ्यक्रम को जुलाई 1998 से लागू कर दिया है।

उच्चतर माध्यमिक स्तर के लिए गणित पूरक पाठ्यपुस्तक

एन.सी.ई.आर.टी. ने गणित के नए पाठ्यक्रम के आधार पर कक्षा 11 और 12 के लिए 4 पूरक पाठ्यपुस्तकें तैयार कीं। इनमें प्रत्येक कक्षा के लिए दो पूरक पाठ्यपुस्तकें हैं। कक्षा 12 की दोनों पूरक पाठ्यपुस्तकें (भाग ख और भाग ग) मुद्रित हो गई हैं। कक्षा 11 की दो पूरक पाठ्यपुस्तकें (भाग ख और भाग ग) अभी मुद्रणाधीन हैं।

विज्ञान और गणित को लोकप्रिय बनाना

विज्ञान और गणित को लोकप्रिय बनाने की दृष्टि से एन.सी.ई.आर.टी. दो परियोजनाएँ संचालित कर रही हैः (1) पढ़ो और सीखो (2) रसायन विज्ञान के कुछ रोचक पाठ माड्यूलों का विकास। इन परियोजनाओं का मुख्य उद्देश्य छात्रों को विज्ञान और गणित के उन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में पुस्तकें उपलब्ध कराना है जो प्रायः पाठ्यचर्या में शामिल नहीं है मगर समकालीन क्षेत्रों में महत्वपूर्ण विषय के रूप में उभर कर सामने आ रहे हैं। पढ़ो और सीखो परियोजना के अंतर्गत लगभग 35 पुस्तकें तैयार की जा चुकी हैं। 1998-99 में निम्नलिखित पुस्तकें तैयार की गईं :

- हमारा अद्भुत आकाश मैला क्यों?
  (मौसम और पर्यावरण पर आधारित)
- सौर ऊर्जा (गैर पारंपरिक ऊर्जा)
- बालू बोले अपनी बात (रेगिस्तान की कहानी)
- मौसम – क्या, क्यों और कैसा (मौसम विज्ञान)
- ग्लिम्पसेस ऑफ प्लांट भाग-1
- ग्लिम्पसेस ऑफ प्लांट भाग-2

इस समीक्षाधीन वर्ष में अनेक विषयों पर पुस्तक लेखन कार्य शुरू किया गया है और भूकंप, भूगर्भीय ज्ञान, अंगुली छाप विज्ञान, दूरसंवेदी और पेट्रो रसायन के क्षेत्र में सामग्री विकास का कार्य पूरा हो चुका है।

परियोजना–'रसायन विज्ञान में कुछ रुचिकर पाठ-माड्यूलों का विकास' के अंतर्गत-"अयस्क" पर मॉड्यूल लेखन कार्य चल रहा है और शीघ्र ही यह पूरा होने वाला है। इस परियोजना के अंतर्गत अब तक चार मॉड्यूलों का विकास किया जा चुका है, ये मॉड्यूल पर्यावरण और उसके संरक्षण पर आधारित हैं।

प्रयोगशाला अभिमुख कार्यक्रम

रसायन विज्ञान में कार्यपत्रक (वर्कशीट)

कक्षा 12 के प्रायोगिक पाठ्यक्रम के आधार पर कार्य पत्रक विकसित किए गए। ये कार्य पत्रक छात्रों के लिए अन्वेषण कार्य करने के समय प्रायोगिक नोट बुक के रूप में सहायक होंगे और प्रायोगिक कार्यकलापों के विविध पक्षों के प्रति समझ के आत्म मूल्यांकन में छात्रों की सहायता करेंगे।

जीव विज्ञान में कार्यकलाप संदर्शिका

जीव विज्ञान में कक्षा 12 के लिए एक कार्यकलाप संदर्शिका का विकास करने के उद्देश्य से उच्चतर माध्यमिक स्तर की जीव विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों की जाँच-पड़ताल की गई; कार्यकलापों की पहचान की गई और कक्षा-कक्ष में उनकी अनुकूलनता का परीक्षण किया गया। यह संदर्शिका छात्रों को स्पष्ट अवधारणात्मक समझ विकसित करने में सहायक हो सकती है।

मॉडलों और प्रयोगों का विकास

परियोजना "रसायन विज्ञान में औपचारिक स्तर के चुनिंदा पाठों के लिए तत्कालिक सस्ते प्रयोगों का डिजाइन का विकास" के अतंर्गत वरिष्ठ माध्यमिक स्तर के लिए 40 प्रयोग विकसित किए गए और उनकी प्रभावक्षमता का पता लगाने के लिए कुछ विद्यालयों में उनका परीक्षण किया गया।

गणित प्रयोगशाला के लिए मॉडल और कार्यकलाप

गणित प्रयोगशाला के लिए 60 मॉडल/कार्यकलाप विकसित किए गए। ये मॉडल/कार्यकलाप व्यापक रूप से विद्यालय शिक्षा के सभी स्तरों के लिए हैं। ये कार्यकलाप छात्रों को गणित की कठिन और अमूर्त संकल्पनाओं को समझने में सहायक होंगे। इन कार्यकलापों/ मॉडलों पर लिखित सामग्री भी तैयार की गई ताकि विभिन्न विद्यालयों के अध्यापकों को उपलब्ध कराई जा सके।

प्रशिक्षण

नवोदय विद्यालय समिति के विद्यालयों के गणित और भौतिक

विज्ञान के पी.जी.टी. अध्यापकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रत्येक प्रशिक्षण में विषय के 30-35 पी जी टी शामिल हुए। इन अध्यापकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्णतः नियोजित विषयवस्तु और प्रायोगिक कार्य पर आधारित थे। प्रशिक्षण से पहले प्रश्नावली और सीधे चर्चा करके अध्यापकों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं के बारे में पता लगाया गया। प्रशिक्षण के दौरान एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा विकसित प्रशिक्षण सामग्री भी वितरित की गई।

रसायन विज्ञान में अध्यापकों के अभिविन्यास के लिए 'सहकारी अधिगम कार्यनीति–एक मॉडल' विकसित किया गया और वरिष्ठ माध्यमिक कक्षाओं को पढ़ाने वाले रसायन विज्ञान के अध्यापकों के दस दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम में इस मॉडल का उपयोग किया गया। यह कार्यनीति अधिगम प्रक्रिया में प्रत्येक अध्यापक की भागीदारी को सुनिश्चित करती है। इस कार्यक्रम में निर्मित स्थिति के अनुसार अध्यापक सहकारिक और प्रतिस्पर्धात्मक रूप से कार्य करते हैं। इस कार्यक्रम में रसायन विज्ञान के 5 प्रशिक्षण माड्यूल प्रयोग किए गए और उन पर चर्चा की गई।

विस्तार

स्कूल साइंस पत्रिका

स्कूल साइंस एक त्रैमासिक पत्रिका है। यह अध्यापकों, शोधकर्ताओं और छात्रों को गणित और विज्ञान के विविध क्षेत्रों में अपने दृष्टिकोण, विचार, अनुभवों और नवाचारों के प्रचार-प्रसार के लिए एक मंच प्रदान करती है। इसमें गणित और विज्ञान के क्षेत्र में नवीनतम विकास से संबंधित विविध सामग्री, विज्ञान में विषय वस्तु का संवर्द्धन और विज्ञान तथा गणित के अध्यापन/अधिगम में नवाचारी प्रयोगों से संबंधित व्यापक और विविध सामग्री भी प्रकाशित की जाती है। इस पत्रिका का एक संपादकीय सलाहकार मंडल है। प्रख्यात वैज्ञानिक इसके सदस्य हैं। यह सलाहकार मंडल पत्रिका में समस्त सुधार के लिए मार्गदर्शन करता है। सलाहकार मंडल की पिछली बैठक 31 मार्च, 1999 को हुई।

विद्यालयेत्तर कार्यकलाप–विज्ञान प्रदर्शनियाँ

सामान्यतः जनता में और विशेषकर विद्यालय के बच्चों में विज्ञान को लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से विद्यालयों को सलाह दी गई कि वे माडलों की रूपरेखा और प्रदर्शनी, ड्राइंगचार्ट और अन्वेषणकारी परियोजनाओं के जरिए विद्यालयेत्तर कार्यकलापों जैसे-बच्चों की राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनियों में भाग लेने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करें।

बच्चों के लिए जवाहर लाल नेहरू विज्ञान प्रदर्शनी

पंजाब सरकार के सहयोग से अमृतसर में 7-11 दिसंबर 1998 के दौरान एन.सी.ई.आर.टी. ने बच्चों के लिए 25वीं राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया। प्रदर्शनी का मुख्य विषय था– 'सूचना युग में विज्ञान और प्रौद्योगिकी' प्रदर्शों को निम्नलिखित 4-उपविषयों में वर्गीकृत किया गया था– कृषि, उद्योग, यातायात और संचार तथा शैक्षिक प्रौद्योगिकी। ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों सहित देश के विभिन्न भागों के प्रदर्श (राज्य स्तर पर चयनित)

पंजाब सरकार के शिक्षा मंत्री अमृतसर में बच्चों के लिए 25वीं जवाहरलाल नेहरू विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए

प्रदर्शनी में सम्मिलित किए गए थे। इस विज्ञान प्रदर्शनी में 59 ग्रामीण विद्यालयों सहित 172 विद्यालय और 400 अध्यापक और छात्र शामिल हुए, पंजाब सरकार के लगभग 50 विद्यालयों ने (राष्ट्रीय स्तर पर चुने गए विद्यालयों के अलावा) भी इस प्रदर्शनी में भाग लिया। एन.सी.ई.आर.टी. ने भी अपना स्टाल लगाया था। प्रदर्शनी के बारे में विस्तृत जानकारी कराने के लिए फोल्डर (अंग्रेजी/हिंदी/पंजाबी) प्रकाशित किए गए थे। फोल्डरों में विज्ञान को लोकप्रिय बनाने के लिए विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित करने के उद्देश्यों और प्रयोजनों के साथ-साथ प्रदर्शों की सूची भी दी गई थी। "विज्ञान मॉडलों का ढाँचा और कार्यविधि" पर भी एक प्रकाशन निकाला गया था। ये प्रकाशन प्रदर्शनी में आए छात्रों अध्यापकों और आगंतुकों को निःशुल्क वितरित किए गए।

राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनियाँ

राज्य स्तर की विज्ञान प्रदर्शनियाँ राज्य/संघ राज्य में प्रखंड, जिला और मंडल स्तर के विज्ञान प्रदर्शनियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन हैं।

1998-99 की राज्य स्तरीय प्रदर्शनियों का केंद्रीय विषय था– विज्ञान प्रौद्योगिकी और पर्यावरण। इसके पाँच उप-विषय थे– 1. खाद्य पदार्थ स्वास्थ्य और पौष्टिकता 2. ऊर्जा 3. प्रौद्योगिकी और पर्यावरण 4. उद्योग और पर्यावरण सुरक्षा, 5. यातायात और संचार और 6. प्रौद्योगिकीय सामग्री। एन.सी.ई.आर.टी. ने केंद्रीय विषय और 34-विषयों पर मॉडल तैयार करने के लिए अपेक्षित मागदर्शन दिए। बच्चों के लिए 26वीं जवाहरलाल नेहरू विज्ञान प्रदर्शनी-1999 में प्रदर्शन के लिए विभिन्न राज्यों/संघ राज्यों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्श के बारे में प्राप्त विवरणों की छानबीन की गई।

1998-99 के दौरान 29 राज्यों/संघ राज्यों में स्थित केंद्रीय विद्यालय संगठन के विद्यालयों में राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनियाँ आयोजित की गईं। एन.सी.ई.आर.टी. ने इन राज्य स्तरीय प्रदर्शनियों के आयोजन के लिए 14 लाख रुपए सहायता अनुदान के रूप में दिए।

प्रतिभापोषण कार्यक्रम

वरिष्ठ माध्यमिक कक्षाओं में पढ़ रहे एन.टी.एस.एस. छात्रवृत्ति प्राप्त विद्यार्थियों के लिए भौतिक विज्ञान में प्रतिभा पोषण मॉडल कार्यक्रम का विकास किया गया और इसका दो चरणों में आयोजन किया गया। इसका प्रत्येक चरण 15 दिन का था। पहले चरण में कक्षा 11 में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को पोषण कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया। दूसरे चरण में से उन विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया जो कक्षा 12 की शिक्षा पूरी कर चुके थे।

इस कार्यक्रम का कार्यान्वयन करने के लिए भौतिक विज्ञान की परियोजनाओं की एक शृंखला का विकास किया। भागीदारों को स्थानीय संस्थाओं और प्रयोगशालाओं के दौरे पर ले जाया गया। अनेक विख्यात भौतिकविदों को अभिप्रेरणात्मक व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया गया। इस कार्यक्रम में भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में रचनात्मकता, कार्य के प्रतिबद्धता और उच्चतर दक्षता के पोषण पर विशेष बल दिया गया। इस कार्यक्रम पर छात्रों के विचार जानने के उद्देश्य से एक प्रश्नावली छात्रों में वितरित की गई थी। छात्रों के जवाब से पता चला कि वे इन परियोजनाओं को करने में आनंदित हुए और उन्होंने ऐसे ही और कार्यक्रमों की इच्छा जाहिर की। अब राष्ट्रीय स्तर पर संचालन के लिए यह मॉडल तैयार है।

संसाधन सहायता

एन.सी.ई.आर.टी. ने सी.बी.एस.ई./एस.सी.ई.आर.टी./डाइट/डी.ए.वी. स्कूल प्रबंधक/सी.टी.एस.ए. और कुछ पब्लिक स्कूलों द्वारा आयोजित प्रशिक्षण/अभिविन्यास कार्यक्रमों के आयोजन में संसाधन सहयोग प्रदान किया। प्रतिभावान छात्रों के पोषण, संसाधन मॉड्यूल/ई.टी.वी. के विकास और अनुदेशी सामग्री के विकास (एन.ओ.एस, एस.सी.ई.आर.टी. इग्नो) और विद्यालय अध्यापकों के चयन (राजकीय विद्यालय, पब्लिक स्कूलों, एन.वी.एस., के.वी.एस.

गणित ओलम्पियाड 1998

और दिल्ली प्रशासन) में भी संसाधन सहायता दी गई।

गणित और विज्ञान शिक्षा को क्षेत्रीय सहायता

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भोपाल ने फरवरी 1999 में एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। जीव विज्ञान और रसायन विज्ञान में आवश्यक कौशलों, +2 स्तर पर भौतिक विज्ञान में नवाचारी प्रयोगों और कौशलों तथा विज्ञान और गणित शिक्षा के पी. जी. डिप्लोमा कार्यक्रम की पाठ्यचर्या की कार्यनीति का विकास किया गया।

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भुवनेश्वर ने अवधारणा केंद्रित अध्यापन और विद्यार्थियों में विज्ञान से संबंधित विशेष कौशलों को आत्मसात कराने के लिए सामग्री विकास करने के उद्देश्य से कठिन अवधारणाओं की पहचान के लिए कक्षा-7 से 8 तक की विज्ञान पाठ्यपुस्तकों का विश्लेषण किया।

1998-99 में प्रकाशित रिपोर्टें और अन्य सामग्री

1. एक्सपेरिमेंट्स ऑन फॉर्मल लेवल टॉपिक्स इन केमिस्ट्री– ए रिपोर्ट ऑफ ट्राइ आउट (मिमियोग्राफ)
2. एक्सपेरिमेंट्स ऑन फॉर्मल लेवल टॉपिक्स इन केमिस्ट्री–ए मोनोग्राफ (मिमियोग्राफ)
3. ग्लासट्यूब एक्सपेरिमेंट्स ऑन फॉर्मल लेवल टॉपिक्स इन केमिस्ट्री–ए मोनोग्राफ (मिमियोग्राफ)
4. टेस्ट आइटम्स इन वायोलोजी फॉर क्लास 11–एक मोनोग्राफ (मिमियोग्राफ)
5. ट्रेनिंग ऑफ केमिस्ट्री पी.जी.टी. ऑफ जवाहर नवोदय विद्यालय – ए रिपोर्ट (मिमियोग्राफ)
6. साइंस एजुकेशन – रेट्रोस्पेक्ट एण्ड प्रास्पेक्ट–ए मोनोग्राफ (मिमियोग्राफ)
7. बायोमोलीक्यूल्स – ए मॉड्यूल ऑन मॉलीक्यूल्स ऑफ लाइफ (मिमियोग्राफ)
8. "ड्रग्स एण्ड फार्मास्युटिकल्स" ए मॉड्यूल फॉर स्टूडेंट्स एण्ड टीचर्स (मिमियोग्राफ)
9. "सम एस्पेक्ट्स ऑफ साइंस एजुकेशन इन इंडिया" भारत में विज्ञान शिक्षा की स्थिति पर एक रिपोर्ट (मिमियोग्राफ)
10. स्ट्रक्चर्स एण्ड वर्किंग ऑफ साइंस मॉडल्स-कलेक्शन ऑफ आउट स्टैंडिंग एक्ज़ीबिट्स इन साइंस (मुद्रित)
11. लिस्ट ऑफ एक्ज़ीबिट्स (एक द्विभाषी मॉड्यूल सामग्री)
12. स्कूल साइंस 4 अंक (मुद्रित)

अध्याय/10

सामाजिक विज्ञान और मानवाधिकार शिक्षा



एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक मूल्यांकन, मानवाधिकार शिक्षा और उपभोक्ता शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय रूप से संलग्न रही है। मा.सं.वि. मंत्रालय के तत्वावधान में भारत में उच्च प्राथमिक स्तर की शिक्षा के कुछ पक्षों पर एक अध्ययन किया गया। इस अध्ययन की रिपोर्ट व्यापक रूप से प्रचालित की गई और इसके प्रमुख निष्कर्षों का प्रचार-प्रसार किया गया। मानवाधिकार शिक्षा के अंतर्गत यह राष्ट्रीय स्तर के समारोहों में पुरस्कार प्रदान भी करती है।

एन.सी.ई.आर.टी. के सामाजिक विज्ञान और मानविकी के कार्यक्रम पाठ्यचर्या, सेवारत अध्यापकों और अध्यापक प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण/अभिविन्यास कार्य और राज्यों/संघीय राज्यों के शिक्षा विभागों को विद्यालय शिक्षा के विभिन्न चरणों के लिए अनुसंधान, विकास, अनुदेशी सामग्री और प्रशिक्षण से संबंधित कार्यक्रमों में परामर्शकारी/शैक्षिक सहायता प्रदान करने पर केंद्रित रहा है। इसमें निम्नलिखित विषय सम्मिलित हैं: (1) भाषा (हिंदी, उर्दू, संस्कृत और अंग्रेजी) (2) सामाजिक विज्ञान (भूगोल, अर्थशास्त्र, इतिहास, नागरिकशास्त्र, राजनीति विज्ञान और समाजशास्त्र (3) वाणिज्य (4) कला शिक्षा (5) जनसंख्या शिक्षा। इसके अलावा एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक मूल्यांकन, मानवाधिकार शिक्षा और उपभोक्ता शिक्षा के क्षेत्र में भी सक्रिय रूप से संलग्न रही है।

अनुसंधान

अरुणाचल प्रदेश में कक्षा 5 की शिक्षा समाप्ति के बाद छात्रों द्वारा अर्जित हिंदी भाषा क्षमता संबंधी अध्ययन परियोजना के लिए क्षेत्र कार्य पूरा कर लिया गया है। इस अध्ययन की रिपोर्ट शीघ्र ही तैयार होने वाली है। दिल्ली के नगर निगम विद्यालयों के लिए भी इस प्रकार का एक दूसरा परियोजना अध्ययन शुरू किया गया। माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों में मानचित्र कौशलों की समझ और अनुप्रयोग का सर्वेक्षण कार्य पूरा किया गया। इसके अलावा मा.सं.वि.मं. के तत्वावधान में भारत के उच्च प्राथमिक स्तर की शिक्षा के कुछ पक्षों पर एक अध्ययन किया गया। इस अध्ययन की रिपोर्ट व्यापक रूप से प्रचालित की गई और इसके प्रमुख निष्कर्षों का प्रचार-प्रसार किया गया।

विकास

एन.सी.ई.आर.टी. ने पाठ्यचर्या के क्षेत्र में अपना कार्य जारी रखा और छात्रों तथा अध्यापकों से प्राप्त पुनर्निवेशन और मूल्यांकन के आधार पर पाठ्यपुस्तकों के नए/संशोधित संस्करण तैयार किए। सामाजिक विज्ञान में कक्षा 9-10 के लिए नागरिकशास्त्र और कक्षा 12 के लिए भूगोल की नई पाठ्यपुस्तकें प्रकाशित की गईं। इसके अलावा कक्षा 8 के लिए भूगोल की पाठ्यपुस्तक का संशोधन कार्य शुरू किया गया। भाषा में, कक्षा 3 और 4 के लिए हिंदी पाठ्यपुस्तकें, सरस भारती और पूरक पाठ्यपुस्तकें कक्षा 8 के लिए, कक्षा 9 के लिए पूर्वा और कथा कलश (हिंदी बी पाठ्यक्रम) और सामान्य पठन पाठ्यपुस्तक के रूप में उर्दू व्याकरण (उर्दू कवायद) की एक पुस्तक प्रकाशित हुई। समाजशास्त्र की नई पाठ्यचर्या तैयार की गई। उपभोक्ता शिक्षा के लिए भी पाठ्यचर्या की रूपरेखा का प्रारूप विकसित किया गया।

प्रशिक्षण

जून 1998 में नवोदय विद्यालयों के हिंदी और अंग्रेजी के पी.जी.

समापन समारोहः शारजाह में सामाजिक विज्ञान के भारतीय विद्यालय शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

टी. अध्यापकों के लिए अलग-अलग दो सप्ताह के सेवारत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। मस्कट और शारजाह में सी.बी एस. ई. से संबद्ध विद्यालयों के सामाजिक विज्ञान के टी.जी.टी. और पी.जी.टी. अध्यापकों के लिए दो प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके अलावा मसूरी में केंद्रीय तिब्बती विद्यालय प्रशासन के विद्यालयों के सामाजिक विज्ञान के टी.जी.टी. अध्यापकों के लिए एक दूसरा कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

राष्ट्रीय बाल साहित्य पुरस्कार प्रतियोगिता

अंग्रेजी और भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल सभी 18 भाषाओं में प्रकाशित/लिखे गए (पांडुलिपि) बाल साहित्य की राष्ट्रीय पुरस्कार प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस 30वीं प्रतियोगिता के लिए निर्धारित विषय था–"सबके लिए मानवाधिकार" दो आयु वर्गों–5 से 8 वर्ष और 9 से 15 वर्ष के बच्चों के लिए अनेक पुस्तकें और पांडुलिपियाँ प्राप्त हुई हैं। इस प्रतियोगिता के परिणाम तैयार किए जा रहे हैं और इसकी घोषणा शीघ्र ही कर दी जाएगी।

मानवाधिकार की सार्वजनिक घोषणा (यू.डी.एच.आर.) की 50वीं वर्षगाँठ के अवसर पर एन.सी.ई.आर.टी. ने मानवाधिकार पर अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया। यू.डी.एच.आर. की स्वर्ण जयंती के अवसर पर 10 दिसंबर 1998 को आयोजित राष्ट्रीय स्तर के समारोह में भारत के प्रधा मंत्री ने इस प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।

सामाजिक विज्ञान और मानविकी को क्षेत्रीय स्तर पर सहयोग

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, अजमेर ने उत्तरी क्षेत्र के राज्यों द्वारा शुरू किए गए नैतिक शिक्षा कार्यक्रम पर स्थितिपरक रिपोर्ट तैयार की और सह पाठ्यचर्यात्मक कार्यकलापों द्वारा मूल्यों के विकास पर एक क्षेत्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। इस संगोष्ठी में उत्तरी क्षेत्र के 18 अध्यापक प्रशिक्षकों ने आलेख प्रस्तुत किए। क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भोपाल ने एशियाई मानवाधिकार संस्थान के सहयोग से मानवाधिकार पर एक कार्यशाला आयोजित की।

1998-99 में प्रकाशित रिपोर्टें और अन्य सामग्री

1. शिक्षण संदर्शिका–सरस भारती शृंखला (भाग 6-8) की हिंदी पाठ्यपुस्तकों के लिए अध्यापक पुस्तिका
2. सरस भारती भाग-3 (कक्षा 8)
3. पूरक पाठ्यपुस्तकें - संक्षिप्त बुद्धचरित, नया जीवन भाग-3 (कक्षा 8)

मानवाधिकार पर अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता के अवसर पर प्रधान मंत्री प्रथम पुरस्कार प्रदान करते हुए

4. बाल भारती भाग-4 (कक्षा 4)
5. अभ्यास पुस्तिका बाल भारती भाग-4 (कक्षा 4)
6. इंडियन कांस्टिट्यूशन एण्ड गवर्नमेंट (कक्षा 9 और 10) (हिंदी अंग्रेजी)
7. प्राइमरी स्कूल करीकुलम फॉर आर्ट्स (मिमियोग्राफ)
8. आर्ट एजुकेशन इन स्कूल्स बैकग्राउंड एण्ड इट्स प्रजेंट्स स्टेटस–ए रिपोर्ट
9. इंडिया–ए जनरल ज्योग्राफी–ए टेक्स्टबुक फॉर क्लास 12 (हिंदी और अंग्रेजी)
10. उर्दू कवायद (सामान्य अध्ययन के लिए उर्दू व्याकरण)
11. एन्सिएंट स्टोरीज 'पढ़ो और सीखो' शृंखला के अंतर्गत पूरक पाठ्यपुस्तकें
12. 'सम एस्पेक्ट्स ऑफ अवर प्राइमरी स्टेज ऑफ एजुकेशन इन इंडिया–ए स्टेटस स्टडी' की रिपोर्ट

अध्याय / 11

परीक्षा सुधार

एन.सी.ई.आर.टी. परीक्षा सुधार के क्षेत्र में मापन और मूल्यांकन से संबंधित अनेक कार्यकलापों जैसे छात्रों के विकास की प्रभाविता और संज्ञानात्मक पक्षों का निर्धारण एवं मूल्यांकन संबंधी उपकरणों और तकनीकों की रूपरेखा तैयार करना, वैज्ञानिक विधियों का मानकीकरण करना, शैक्षिक परीक्षण, मूल्यांकन, मापन और मुख्य कार्मिकों के प्रशिक्षण के क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा देना और शैक्षिक मूल्यांकन के क्षेत्र में परामर्शकारी सेवाएँ और समन्वय आदि कार्यकलापों पर केन्द्रित रही है।

एन.सी.ई.आर.टी. परीक्षा सुधार के क्षेत्र में मापन और मूल्यांकन से संबंधित [illegible]क कार्यकलापों से संलग्न है। इस क्षेत्र के कार्य[illegible] रूप से संज्ञान, छात्रों के विकास की प्रभाविता [illegible]नात्मक पक्षों के निर्धारण और मूल्यांकन के लिए [illegible]णों और तकनीकों की रूपरेखा तैयार करने, उनका विकास करने तथा वैज्ञानिक विधियों का मानकीकरण करने, शैक्षिक परीक्षण, मूल्यांकन, मापन और मुख्य संसाधन कार्मिकों के प्रशिक्षण के क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा देने और अनुसंधान संचालित करने और शैक्षिक मूल्यांकन के क्षेत्र में परामर्शकारी सेवाएँ और समन्वय तथा शोधन गृह संबंधी कार्यकलापों पर केंद्रित है।

विकास

+2 स्तर के 6 विषयों के बोर्ड प्रश्नपत्रों का विवेचनात्मक विश्लेषण

बोर्डों के प्रश्नपत्रों के विकास के कार्य, विषयवस्तु के घटकों, भाषा, पाठ्यक्रम के साथ अंकों, समय और परीक्षणार्थियों के निर्देशों की उपयुक्तता, प्रश्नपत्रों के मुद्रण और आकार आदि के संदर्भ में प्रश्नपत्रों के गुण और दोषों की पहचान करने के लिए एन.सी.ई.आर.टी. ने महाराष्ट्र, तमिलनाडु, त्रिपुरा और हिमाचल प्रदेश के बोर्डों के +2 स्तर के अंग्रेजी, गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान तथा राजनीति विज्ञान के प्रश्नपत्रों का विश्लेषण किया। बोर्डों और विद्यालयों के 32 भागीदारों ने प्रश्नपत्रों के विश्लेषण कार्य में योगदान किया जिसका उद्देश्य प्रश्नपत्रों की गुणवत्ता में सुधार करना और परीक्षण के लिए एक आदर्श उपकरण बनाना था।

देश के विभिन्न बोर्डों में वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर रसायन विज्ञान के प्रयोगों के मूल्यांकन कार्यों का विश्लेषण

रसायन विज्ञान के प्रयोगशाला कार्य के नवीनतम उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए देश भर के रसायन विज्ञान के प्रयोगों के प्रचलित मूल्यांकन कार्यों का विश्लेषण किया गया। विश्लेषण से पता चला कि प्रचलित मूल्यांकन कार्यों में अनेक प्रकार की अस्पष्टता, विरोधाभास और असंगतियाँ मौजूद थीं जो इसकी कमजोरी थी। रसायन विज्ञान के प्रयोगशाला कार्य के निर्धारण में उत्पाद भाग की तुलना में प्रक्रिया भाग पर अधिक बल देना होगा। रसायन विज्ञान प्रयोगशाला का कार्य अंततः कौशलों के विकास का प्रतिफल होना चाहिए इसलिए इसका ठीक प्रकार से मूल्यांकन किया जाना चाहिए। रसायन विज्ञान के प्रयोगों के मूल्यांकन के संबंध में विभिन्न वरिष्ठ माध्यमिक बोर्डों को पूरी तरह से नई सोच के साथ कार्य शुरू करना चाहिए। महाराष्ट्र माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, पुणे में 22-26 फरवरी 1999 के दौरान एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 20 व्यक्तियों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण

शैक्षिक मूल्यांकन में मुख्य कार्मिकों का प्रशिक्षण

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी के प्रश्नपत्र चयनकर्ताओं/परीक्षकों को जुलाई 1998 में गुरुगांव, हरियाणा में अंग्रेजी, हिंदी, विज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञान के शैक्षिक मूल्यांकन कार्य में प्रशिक्षण दिया गया। मिजोरम विद्यालय शिक्षा बोर्ड के 26 पी.जी.टी. अध्यापकों को 21-25 सितंबर 1998 के दौरान एजावल में प्रश्नपत्र का चयन और मूल्यांकन कार्य में अभिविन्यासकारी प्रशिक्षण दिया गया। शैक्षिक मूल्यांकन और मापन पर व्याख्यान प्रस्तुत करने के अलावा अध्यापकों को अच्छा प्रश्नपत्र बनाने में अभिविन्यास किया गया। भागीदार अध्यापकों ने सभी विषयों में 700 प्रश्न तैयार किए और भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और गणित में से प्रत्येक विषय में दो संतुलित प्रश्नपत्र तैयार किए। पंजाब शिक्षा बोर्ड के प्रश्नपत्र चयनकर्ताओं के लिए जनवरी 1999 में चंडीगढ़ में विभिन्न विषयों में संतुलित प्रश्नपत्र तैयार करने हेतु प्रशिक्षण देने के लिए एक अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 40 भागीदारों ने हिस्सा लिया।

असम माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के प्रश्नपत्र चयनकर्ताओं के लिए विभिन्न विषयों में प्रश्नपत्र तैयार करने हेतु प्रशिक्षण देने के लिए अक्तूबर 1998 में गुवाहाटी में एक अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालयों, कालेजों और विश्वविद्यालयों से कुल 75 भागीदार शामिल हुए।

1998 में प्रकाशित रिपोर्टें और अन्य सामग्री

1. एक्जामिनेशन रिफार्म बुलेटिन (फोटो प्रतिलिपि)
2. एनालिसिस ऑफ इवैल्यूएशन प्रैक्टिसेज इन केमिस्ट्री प्रैक्टिकल्स एट दि सीनियर सेकेंडरी स्टेज इन वैरियस एजुकेशन बोर्ड्स ऑफ दि कंट्री की रिपोर्ट (प्रतिलिपि)
3. क्रिटिकल एनालिसिस ऑफ क्वेश्चंस पेपर्स ऑफ बोर्ड्स एट +2 स्टेज इन सिक्स सबजेक्ट्स (प्रतिलिपि)
4. ए पायलट स्टडी टू फाइंड आउट दि रीजंस फॉर नान इंप्लिमेंटेशन ऑफ सी.सी.ई.इन स्कूल्स एट एलिमेंटरी लेवल्स (फोटो प्रतिलिपि)

अध्याय / 12

शैक्षिक मनोविज्ञान

शैक्षिक मनोविज्ञान, परामर्श और मार्गदर्शन के क्षेत्रों में अनुप्रयोग के द्वारा विद्यालय शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना परिषद् के मुख्य सरोकारों में से एक है। कुछ कार्यक्रम मुख्य रूप से अध्यापकों और अध्यापक शिक्षकों को सशक्त और सक्षम बनाने और इसके परिणामस्वरूप अध्यापक प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार के लिए तैयार किए जाते हैं। परामर्श और मार्गदर्शन के कार्यक्षेत्र में एक मुख्य संस्था होने के नाते एन.सी.ई.आर.टी. विद्यालय छात्रों, अध्यापकों और समुदायों को अपनी सेवाएँ प्रदान करने में राज्य स्तर के अभिकरणों को सहायता करती रही है।

शैक्षिक मनोविज्ञान, परामर्श और मार्गदर्शन के क्षेत्रों में अनुप्रयोग के द्वारा विद्यालय शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना परिषद् के मुख्य सरोकारों में से एक है। इस क्षेत्र के कार्यक्रमों के परिणामों का विद्यालय छात्रों के शैक्षिक विकास पर ही नहीं बल्कि उनके चहुंमुखी विकास तथा प्रारंभिक और माध्यमिक स्तरों पर उनके सामाजिक, भावात्मक एवं जीवनवृत्तिक विकास पर भी प्रभाव पड़ता है। कुछ कार्यक्रम मुख्य रूप से अध्यापकों और अध्यापक शिक्षकों को सशक्त और सक्षम बनाने और इसके परिणामस्वरूप अध्यापक प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार के लिए तैयार किए जाते हैं। परामर्श और मार्गदर्शन के कार्यक्षेत्र में एक मुख्य संस्था होने के नाते एन.सी.ई.आर.टी. विद्यालय छात्रों, अध्यापकों और समुदायों को अपनी सेवाएँ प्रदान करने में राज्य स्तर के अभिकरणों को सहायता करती रही है।

अनुसंधान

परामर्शी प्रशिक्षण : स्थिति और विकास

इस अध्ययन का उद्देश्य एन.सी.ई.आर.टी. के मार्गदर्शन और परामर्श डिप्लोमा पाठ्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षित परामर्शदाताओं के प्रशिक्षण की प्रभाविकता का मूल्यांकन करना है। इस अध्ययन से प्रशिक्षित परामर्शदाताओं के रोजगार की स्थिति और सेवा को प्रभावित करने वाली समस्याओं और कठिनाइयों से संबंधित सूचनाएँ प्राप्त होंगी और कार्यक्रम में सुधार के लिए सुझाव दिए जाएंगे। इस अध्ययन के लिए 45 विद्यालय प्रधानाचार्यों/ पर्यवेक्षकों, अध्यापकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों और गैर विद्यालय व्यवस्था में परामर्शदाताओं समेत 135 व्यक्तियों से आँकड़े एकत्र किए गए हैं। (इस अध्ययन के लिए विकसित 6 प्रश्नावलियों के माध्यम से) इस अध्ययन की रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

सामाजिक मानदंड के प्रति किशोरों के दृष्टिकोण पर एक अध्ययन

इस अध्ययन का उद्देश्य किशोरों के व्यवहार के प्रति माता-पिता की अपेक्षाओं, मानदंड और माता-पिता की अपेक्षाओं के संबंध में किशोरों के दृष्टिकोण, उनके बीच के अंतर्विरोधों और उनकी प्रकृति का अध्ययन करना है। आँकड़ा विश्लेषण का कार्य पूरा हो चुका है। रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

विज्ञान की प्रकृति और विज्ञान के प्रति मनोवृत्ति और दैनिक जीवन में इसकी प्रासंगिकता के संदर्भ में माध्यमिक स्तर के विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों का विश्लेषण

इस परियोजना के अंतर्गत एन.सी.ई.आर.टी. के माध्यमिक स्तर की विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों का विज्ञान की प्रकृति, उसके प्रति मनोवृत्ति और मूल्य और दैनिक जीवन के लिए उसकी प्रासंगिकता के संदर्भ में विश्लेषण किया गया। इस विश्लेषण के लिए मौजूदा विश्लेषण योजना का प्रयोग किया गया जो इस अध्ययन पर लागू किया गया। इसके निष्कर्षों पर चर्चा की गई और



समापन समारोहः मार्गदर्शन और परामर्श में पी.जी. डिप्लोमा

पाठ्यपुस्तकों के विकास के लिए मार्गदर्शिका तैयार की गई। इस अध्ययन की रिपोर्ट के प्रारूप को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

परामर्शदाता प्रशिक्षण कार्यक्रम में कार्य निष्पादन और सेवा कार्य निष्पादन के लिए चयन प्रक्रिया की भावी संभावना का अध्ययन

इस परियोजना का उद्देश्य परामर्शदाता प्रशिक्षण कार्यक्रम में कार्यनिष्पादन और सेवाकार्य निष्पादन के लिए चयन प्रक्रिया की भावी संभावना का निर्धारण करना था। एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा आयोजित परामर्शदाता प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रवेश के लिए उम्मीदवारों के चयन में एक लिखित परीक्षा, साक्षात्कार और आत्म अभिव्यक्ति की तकनीक अपनाई जाती है। इस तकनीक के परिणामों के साथ उम्मीदवारों के प्रशिक्षण और सेवा कार्यनिष्पादनों का सह संबंध स्थापित किया गया। इस अध्ययन में गुणात्मक आँकड़ा विश्लेषण सहित सह संबंधनात्मक विश्लेषण से जो निष्कर्ष प्राप्त हुए उनसे डिप्लोमा पाठ्यक्रम के लिए उम्मीदवारों की मौजूदा चयन प्रक्रिया हेतु प्रयोग की जा रही परीक्षा और साक्षात्कार की तकनीक की पुष्टि होती है।

भारत में प्रारंभिक अध्यापक शिक्षा की शैक्षिक मनोविज्ञान पाठ्यचर्या का आलोचनात्मक अध्ययन

इस अध्ययन के अंतर्गत देश भर में लागू मौजूदा पाठ्यचर्या के ढाँचे और प्रकृति का आलोचनात्मक मूल्यांकन के लिए एक राष्ट्रीय सर्वेक्षण किया गया। अध्ययन के सभी तीनों पक्षों के लिए विश्लेषण कार्य किया जा चुका है। रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

मीरांबिका में शिक्षा : एक केस अध्ययन

आंकड़े के गुणात्मक विश्लेषण से विद्यालय की कार्यविधियां और उसके भागीदारों के संप्रेक्ष्यों की आंतरिक दृष्टि का पता लगाने में मदद मिली। इस अध्ययन के निष्कर्ष से मीरांबिका के बच्चों के बारे में एक व्यापक दृष्टि उभरकर सामने आती है। विद्यालय के विभिन्न पक्षों के साथ संबंधित विवरणों और व्याख्याओं की संगति के प्रयास किए गए हैं। इस दौरान किए गए प्रेक्षणों को ध्यान में रखकर रिपोर्ट को पुनः संयोजित और संशोधित किया जा रहा है।

भारत में मार्गदर्शन के क्षेत्र में अनुसंधान : एक गहन अध्ययन

इस परियोजना का उद्देश्य जर्नलों, शोध सारांशों और विभागीय रिपोर्टों आदि में उपलब्ध इस क्षेत्र के भारतीय अध्ययनों का समष्टिगत और व्यष्टिगत अध्ययन करना है। 400 अनुसंधानों का आँकड़ा उपलब्ध है। परियोजना की रूपरेखा के अनुसार निर्धारित चरों के आधार पर आँकड़ों का सारणीकरण प्रस्तावित किया जा चुका है। विषयवस्तु का विश्लेषण किया जा रहा है। इसके निष्कर्षों से भारत के मार्गदर्शन के क्षेत्र में किए गए अनुसंधानों के महत्वपूर्ण पक्ष उभर कर सामने आएंगे। इससे इस क्षेत्र के सैद्धांतिक, व्यावहारिक और पुनः अनुसंधान कार्य के लिए नए मार्ग दिखाई पड़ेंगे।

भारत में शैक्षिक मनोविज्ञान के क्षेत्र में शोध प्रवृत्ति और मौलिकता : जर्नलों में प्रकाशित आलेखों और रिपोर्टों का विश्लेषण

इस अध्ययन का उद्देश्य विगत 15 वर्षों के दौरान शैक्षिक मनोविज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान की प्रवृत्ति का पता लगाने और ढाँचागत विशेषताओं, लेखकीय मानदंड, विधि और विषयों के केंद्र बिंदु तथा शैक्षिक मनोविज्ञान में संस्थाओं के योगदान के संदर्भ में विश्लेषण करने के लिए जर्नलों में प्रकाशित आलेखों और अनुसंधान रिपोर्टों की जाँच पड़ताल करना था। इस अध्ययन के अंतर्गत विश्लेषण के लिए इंडियन साइक्लोजिकल एब्सट्रैक्ट्स (1980-90) और इंडियन साइक्लोजिकल एब्सट्रैक्ट्स एण्ड रिव्यू (1994-95) में दिए गए आलेख-सारांशों को शामिल किया गया। उपर्युक्त अवधि के दौरान ऊपर दी गई पत्रिकाओं में प्रकाशित 1090 अध्ययनों के साराशों में से 641 आलेख (पूर्ण पाठ्य सामग्री सहित) विश्लेषण के लिए एकत्र किए गए। यह अध्ययन पूरा कर लिया गया है और इसकी रिपोर्ट का पहला प्रारूप तैयार है।

विकास

प्रारंभिक अध्यापक शिक्षा के लिए शैक्षिक मनोविज्ञान में एक अनुकरणीय पाठ्यचर्या का विकास

प्रारंभिक स्तर के अध्यापक प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से एन.सी.ई.आर.टी. ने अध्यापक शिक्षा के शिक्षा मनोविज्ञान की पाठ्यचर्या के विकास का कार्य शुरू किया है। इसके लिए प्रारंभिक स्तर पर जो कार्य अब तक किए गए हैं वे निम्नलिखित हैं—साहित्य की समीक्षा (पश्चिमी और भारतीय), अध्यापकों (सेवारत) के प्रश्नावली के माध्यम से प्राप्त विचारों का विश्लेषण, शैक्षिक मनोविज्ञान की पाठ्यचर्या के बारे में विशेषज्ञों की राय (कार्यशाला और पत्राचार द्वारा), प्रश्नावली और अनुक्रियात्मक चर्चा के माध्यम से प्राप्त अध्यापक प्रशिक्षकों के विचारों का विश्लेषण, मौजूदा पाठ्यक्रमों की विषयवस्तु और प्रकृति का विश्लेषण, नवाचारी कार्यव्यवहारों से संबंधित संस्थानों की पहचान और दस्तावेज के प्रारंभिक भागों का प्रारूप तैयार करना आदि।

परामर्शकारी केस प्रबंधन : व्यावहारिक संदर्शिका का विकास

इस परियोजना का उद्देश्य परामर्श और मार्गदर्शन के स्नातकोत्तर

डिप्लोमा पाठ्यक्रम के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा पिछले पाँच वर्षों में सफलतापूर्वक निपटाए गए मामलों पर एक पुस्तक तैयार करना है। इसका उद्देश्य भारतीय विद्यालयी छात्रों की समस्याओं को सुलझाने के कुछ परामर्शकारी सिद्धांतों, विधियों और प्रविधियों की उपयोगिता को दर्शाने के लिए परामर्श व्यावसायिकों हेतु मार्गनिर्देशन प्रदान करना है। पुस्तक में मामलों के समावेश के लिए केस पहचान करने हेतु लगभग 550 केसों के एक समूह की मार्गदर्शन विशेषज्ञों ने छानबीन और समीक्षा की। इनमें से 20 ऐसे केसों का चयन किया गया जो प्रायः छात्रों के सम्मुख आते हैं। इन केसों को शामिल करके संदर्शिका की पांडुलिपि को मुद्रण हेतु अंतिम रूप दिया जा रहा है। अवधारणा, कौशल और भारत में परामर्शदाताओं द्वारा प्रयोग में लाई जा रही विधियों और तकनीकों पर आधारित 4 सैद्धांतिक अध्याय अभी लिखे जा रहे हैं।

कक्षा में अध्यापकों द्वारा पूछे जाने वाले प्रश्न : संसाधन सामग्री का विकास

इस परियोजना कार्य का उद्देश्य अध्यापन कौशल के रूप में प्रश्नों के प्रयोग में अध्यापकों और अध्यापक प्रशिक्षकों को अपने कौशल में और अधिक सक्षम और सशक्त बनाना है। कक्षा में मौजूदा प्रश्न पूछने के कार्यव्यवहारों से संबंधित शोध प्रवृत्तियों और प्रारंभिक स्तर पर अध्यापक प्रशिक्षकों की कक्षा में प्रश्न पूछने के प्रति समझ की वास्तविक स्थिति का पता लगाने के लिए आँकड़े का विश्लेषण किया गया। इन उपर्युक्त पक्षों पर एक सामग्री तैयार की गई है। इसका संशोधन और पुनः संयोजन किया जा रहा है। इसके बाद अध्यापकों के प्रश्न पूछने के कौशल पर एक अनुकरणीय सामग्री का विकास किया जाएगा।

+2 स्तर पर मनोविज्ञान पाठ्यचर्या

हाल ही में +2 स्तर की अनुकरणीय मनोविज्ञान पाठ्यचर्या की समीक्षा का कार्य शुरू किया गया है। इसके प्रथम चरण में विभिन्न बोर्डों में +2 स्तर पर लागू मनोविज्ञान की पाठ्यचर्या का विश्लेषण किया जा रहा है। इसके बाद शीघ्र ही मनोविज्ञान के विद्यालय अध्यापकों और छात्रों के एक प्रतिदर्श के माध्यम से आवश्यकता मूल्यांकन सर्वेक्षण कार्य किया जाएगा। उपर्युक्त कार्यों और विशेषज्ञों के सुझावों के आधार पर +2 स्तर के लिए आदर्श मनोविज्ञान पाठ्यचर्या का विकास किया जाएगा।

राष्ट्रीय शैक्षिक और मनोवैज्ञानिक परीक्षण लाइब्रेरी (एन.एल.ई.पी.टी.)

राष्ट्रीय शैक्षिक और मनोवैज्ञानिक परीक्षण लाइब्रेरी में नए परीक्षणों को शामिल करके इसके संवर्धन का कार्य निरंतर जारी है। लक्ष्य समूह/आबादी की उपयुक्तता और मानकीकरण के महत्वपूर्ण मानदंडों के आधार पर विशेषज्ञों द्वारा परीक्षणों की समीक्षा की गई। 20 नए परीक्षण लाइब्रेरी में शामिल किए गए। लाइब्रेरी में शामिल करने के लिए मनोविज्ञान की उपलब्ध परीक्षण सूची से 6 विदेशी परीक्षणों का चयन किया गया।

भारत में मूल्य/मनोवृत्ति/रुचि मापन की पुस्तिका

इस पुस्तिका में तीन क्षेत्रों—मूल्य, मनोवृत्ति और रुचि से संबंधित भारतीय परीक्षणों की समीक्षाएं शामिल हैं। समीक्षाओं का संपादन करके मुद्रण हेतु अंतिम पाँडुलिपि तैयार कर दी गई है। इसे प्रकाशन के लिए भेजना है।

भारत में योग्यता मापन की पुस्तिका

इस पुस्तिका की पाँडुलिपि तैयार कर ली गई है। इसमें 45 योग्यता परीक्षणों की 90 समीक्षाएँ शामिल हैं। वर्ष 1999-2000 में इन समीक्षाओं का संपादन करके इसे अंतिम रूप दिया जाएगा।

कैरियर सूचना कक्ष

इस सूचना कक्ष में परामर्श और निर्देशन के पी.जी. डिप्लोमा पाठ्यक्रम के संकाय और प्रशिक्षणार्थियों की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु विभिन्न स्रोतों से एकत्रित विविध प्रकार की कैरियर सूचना सामग्री रखी जाती है। समीक्षाधीन वर्ष में नवीनतम प्रकाशित सूचना सामग्री प्राप्त हुई। कैरियर सूचना और मार्गदर्शन से संबंधित मुद्दों पर कुछ संगठनों और मार्गदर्शन कार्मिकों को परामर्शकारी सेवाएँ प्रदान की गईं। दिल्ली के कुछ विद्यालयों और संगठनों में सामग्री प्रदर्शन के जरिए कैरियर सम्मेलन और सूचना प्रदर्शनियाँ आयोजित करने में मदद की गई। अनेक व्यक्तियों को व्यक्तिगत रूप से और पत्राचार के माध्यम से सूचना और मार्गदर्शनकारी सेवाएँ प्रदान की गई।

मार्गदर्शन प्रयोगशाला

इस कार्यक्रम का उद्देश्य मार्गदर्शन कार्यक्रमों, मार्गदर्शन के क्षेत्र में कार्मिकों के अभिविन्यास कार्यक्रम और एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा आयोजित मार्गदर्शन और परामर्श में डिप्लोमा पाठ्यक्रम के संकाय और प्रशिक्षकों को समर्थनकारी सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए अपेक्षित सामग्री का संग्रह और विकास करना है।

प्रशिक्षण

मार्गदर्शन और परामर्श में पी.जी. डिप्लोमा पाठ्यक्रम : 1998-99

इस नौ महीने के मार्गदर्शन और परामर्श पी.जी. डिप्लोमा का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों सहित केंद्र और राज्य स्तरों पर शैक्षिक संस्थानों में कार्य करने के लिए व्यावसायिक परामर्शदाता तैयार

करना है। 1998-99 में 16 राज्यों–बिहार, चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, केरल, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, उड़ीसा, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल से 28 प्रशिक्षणार्थियों ने पाठ्यक्रम पूरा किया। पाठ्यक्रम में क्षेत्रीय दौरे, अतिथि व्याख्यान, शैक्षिक दौरे और प्रायोगिक प्रदर्शन कार्यों आदि के अलावा सघन सैद्धांतिक और प्रायोगिक कार्य शामिल थे।

डाइट कार्मिकों के लिए अध्यापन-अधिगम मनोविज्ञान में संवर्धन पाठ्यक्रम

आंध्र प्रदेश, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, गुजरात, केरल, असम, राजस्थान, बिहार और मध्य प्रदेश के डाइट में शैक्षिक मनोविज्ञान पढ़ाने वाले 47 अध्यापक प्रशिक्षकों के लिए 10 दिन का एक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मॉड्यूलों के शिक्षण के अलावा क्षेत्रीय दौरे कराए गए और ऑडियो/वीडियो माध्यम से संबंधित कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

परामर्शकारी सेवाएँ

एन.सी.ई.आर.टी. ने शैक्षिक मनोविज्ञान और मार्गदर्शन तथा परामर्श के क्षेत्र में विभिन्न सरकारी संगठनों और गैर सरकारी संगठनों जैसे होराइजन, लोधी एस्टेट, संपर्क, जी.एम. मोदी अस्पताल, साकेत का एक परामर्शकारी एजेंसी, डी.पी.एस. मारुतिकुंज, हरियाणा, विमहंस, सहज इंटरनेशनल स्कूल, धर्मशाला, एस.वी.पी., नेशनल पुलिस अकादमी, हैदराबाद, माउंट कार्मेल स्कूल, नई दिल्ली, माडल शैक्षिक शोध संस्थान (एम.आई.ई.आर.) नई दिल्ली और इग्नो को परामर्शकारी सेवाएँ और संसाधन समर्थन प्रदान किए।

1998-99 में प्रकाशित रिपोर्टें और अन्य सामग्री

1. कैरियर डवलपमेंट इन इंडियाः थियरी, रिसर्च एण्ड डवलपमेंट (विकास पब्लिशिंग हाउस प्रा.लि. नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित और वितरित)
2. बिल्डिंग पर्सनल एण्ड कैरियर कांससनेस इन गर्ल्स (विकास पब्लिशिंग हाउस प्रा.लि. नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित और वितरित)
3. हैंडबुक ऑफ पर्सनालिटी मैनेजमेंट इन इंडिया (एन.सी.ई.आर.टी. प्रकाशन)
4. रिपोर्ट ऑफ दि नेशनल कांफ्रेंस ऑफ स्टेट लेवल की गाइडेंस पर्सनल (मिमियोग्राफ)

अध्यापक शिक्षा



विद्यालयी शिक्षा के सुधार में अध्यापक शिक्षा एक पाठ्यचर्यात्मक आगत है। इस क्षेत्र के कार्यक्रम और कार्यकलाप सामान्यतया जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम (डी.पी.ई.पी.) और प्राथमिक अध्यापकों के विशेष अभिविन्यास के लिए सॉप्ट के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम सहित राज्यों में क्षमता विकसित करने, अध्यापक शिक्षा की केंद्र प्रायोजित योजनाओं जैसे जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय (सी.टी.ई.), शिक्षा में उच्च अध्ययन संस्थानों (आई.ए.एस.ई.) तथा राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषदों को शैक्षिक समर्थन देने पर केंद्रित है।

विद्यालयी शिक्षा के सुधार में अध्यापक शिक्षा एक पाठ्यचर्यात्मक आगत है। इस क्षेत्र के कार्यक्रम और कार्यकलाप सामान्यतया जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम (डी.पी.ई.पी.) और प्राथमिक अध्यापकों के विशेष अभिविन्यास के लिए साफ्ट के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम सहित राज्यों में क्षमता विकसित करने, अध्यापक शिक्षा की केंद्र प्रायोजित योजनाओं जैसे जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय (सी.टी.ई.), शिक्षा में उच्च अध्ययन संस्थानों (आई.ए.एस.ई.) तथा राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषदों को शैक्षिक समर्थन देने पर केंद्रित है। अध्यापक शिक्षा की गुणवत्ता के सुधार के लिए, एन.सी.ई.आर.टी. के मुख्य घटक राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान (एन.आई.ई.) के अंतर्गत अध्यापक शिक्षा और विस्तार विभाग (डी.टी.ई.ई.), नई दिल्ली और क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, अजमेर, भुवनेश्वर, भोपाल, मैसूर और शिलांग अध्यापक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार संबंधी कार्यों में संलग्न हैं।

प्रत्येक आर.आई.ई. अपने क्षेत्राधिकार में आने वाले राज्यों/संघीय क्षेत्रों की शैक्षिक आवश्यकताओं (सेवारत और सेवापूर्व शिक्षा) को पूरा करती हैं। वे विद्यालय शिक्षा और अध्यापक शिक्षा के लिए क्षेत्रीय संस्थानों के रूप में कार्य करती हैं और राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों की नीतियों के कार्यान्वयन और केंद्र प्रायोजित योजनाओं के कार्यान्वयन, निगरानी और मूल्यांकन में अपेक्षित सहायता भी करते हैं। क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान अजमेर, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश तथा संघीय क्षेत्र चंडीगढ़ की अध्यापक शिक्षा और शैक्षिक आवश्यकताओं का ध्यान रखता है। आर.आई.ई. भोपाल अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले राज्यों—गोवा, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और संघीय क्षेत्र दादरा और नागर हवेली तथा दमन दीव की शैक्षिक आवश्यकताएँ पूरी करता है। अरुणाचल प्रदेश, असम, मिजोरम, मेघालय, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, बिहार, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल राज्यों और संघीय क्षेत्र अंडमान और निकोबार द्वीप समूह आर.आई.ई. भुवनेश्वर के अंतर्गत आते हैं। आँध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु राज्यों और संघीय क्षेत्रों लक्षद्वीप और पांडिचेरी आर.आई.ई. मैसूर में हैं। उत्तर पूर्वी राज्यों—असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम की शैक्षिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए एक नया क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान शिलांग में स्थापित किया गया है। यह संस्थान अभी संस्थानीकरण की प्रक्रिया में है इसलिए उन राज्यों की शैक्षिक आवश्यकताएँ अभी आर.आई.ई. भुवनेश्वर पूरी करता है।

अनुसंधान

प्राथमिक स्तर पर बड़े आकार की कक्षाओं में अनुदेशी कार्य व्यवहार और कक्षा प्रबंधन

बड़े आकार की कक्षाओं में अध्यापकों द्वारा अपनाई जाने वाली प्रचलित अनुदेशी और प्रबंधनकारी कार्यनीतियों और अध्यापकों के सामने जाने वाली विशेष बाधाओं का अध्ययन करने के लिए



प्रस्तुत अध्ययन किया गया था। यह अध्ययन कक्षा-3-4 तक सीमित था और दिल्ली के निम्न आर्थिक सामाजिक आबादी वाले मुख्यतः पुनर्वास और झुग्गी-झोपड़ी कालोनियों में स्थित 18 दिल्ली नगर निगम के विद्यालयों में किया गया जहाँ एक कक्षाकक्ष में विद्यार्थियों की संख्या 60-80 होती है। इस अध्ययन के लिए गुणात्मक शोध तकनीकों, जैसे कक्षा-कक्ष प्रेक्षण, अर्ध संयोजित साक्षात्कारों और समूह चर्चा के माध्यम से आँकड़ा एकत्र किया गया है। अध्ययन से पता चलता है कि अनेक प्रकार की बाधाओं के बावजूद अध्यापक बड़े आकार की कक्षाओं को संभालने में विविध नवाचारी अनुदेशी और प्रबंधन की कार्यनीतियाँ अपना रहे हैं। वास्तव में ये कार्यनीतियाँ मौजूदा व्यवस्था में स्वतः बनी हैं अतः बड़े आकार की कक्षाओं का प्रबंधन करने के लिए एक तत्काल कदम के रूप में अनुदेशी कार्यनीतियों का एक पैकेज तैयार किया जाए और उसका प्रचार-प्रसार किया जाए। इसकी प्रासंगिक बाधाओं को दूर करने के लिए व्यवस्थागत कार्यनीतियों को मजबूत बनाने के लिए एक एकीकृत मॉडल का सुझाव भी दिया गया है। बड़े आकार की कक्षाओं में एकीकृत विधि के कार्यान्वयन के लिए प्रणालीगत विधि की आवश्यकता है।

प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों की कार्यदिशाएँ

इस अध्ययन के अंतर्गत हरियाणा और मध्य प्रदेश के नगरीय और ग्रामीण ढाँचे में कार्यरत प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों की कार्यदशाओं का अध्ययन किया गया। इस अध्ययन के हल हरियाणा के 20 प्राथमिक विद्यालयों और मध्य प्रदेश के 20 प्राथमिक विद्यालयों का चयन किया गया था। प्रत्येक राज्य के दो जिलों से ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों से समान संख्या में विद्यालयों का चयन किया गया। निम्न और उच्च साक्षरता प्रतिशत के आधार पर हरियाणा के अम्बाला और सिरसा तथा मध्य प्रदेश के राजगढ़ और भोपाल जिलों को चुना गया। इस अध्ययन में अध्यापकों के प्रमुख चार कार्य दशाओं—विद्यालय की सामान्य विशेषताएँ, विद्यालय भवन की सुविधाएँ, अनुदेशी सामग्री, अध्यापकों का सामान्य विवरण और कार्य की दशाओं को शामिल किया गया। अध्ययन के लिए आँकड़ा संग्रहण का कार्य निम्नांकित उपकरणों के माध्यम से किया गया—विद्यालय सूचना प्रश्न सूची, अध्यापक कार्य दशा प्रश्नावली/अध्यापक व्यवसायिक जिज्ञासा मापक, अध्यापकों की साक्षात्कार प्रश्न सूची, डी.पी.ई.ओ. की साक्षात्कार प्रश्नसूची और प्रेक्षण सूची। अध्ययन से पता चलता है कि अधिकांश अपनी नौकरी से संतुष्ट हैं। अधिकांश अध्यापक मानते हैं कि उनके विद्यालय का माहौल संज्ञानात्मक और पठन-पाठन के योग्य है।

नगरीय विद्यालयों की तुलना में ग्रामीण विद्यालयों में भौतिक सुविधाएँ संतोषजनक नहीं हैं। इस अध्ययन में सुझाव दिया गया है कि ग्रामीण इलाके के विद्यालयों में भौतिक सुविधाओं की दशाओं में सुधार करने की जरूरत है। हरियाणा और मध्य प्रदेश की रिपोर्टें तैयार हैं।

दिल्ली की स्वायत्त एस.सी.ई.आर.टी. का केस अध्ययन

इस विभाग ने कार्य प्रभाविता बढ़ाने में स्वायत्तता के प्रभाव का पता लगाने के लिए दिल्ली की स्वायत्त एस.सी.ई.आर.टी. का अध्ययन किया। यह अध्ययन एस.सी.ई.आर.टी. द्वारा अपने कार्यक्रमों, कार्यकलापों, योजना, नीतिगत परिप्रेक्ष्य के संदर्भ में प्रकाशित दस्तावेजों के विश्लेषण पर आधारित है। एस.सी.ई.आर.टी. के कार्यकलापों, को समझने के लिए उसके निदेशक और संकाय सदस्यों के साक्षात्कार के लिए गए और उनसे चर्चाएँ कीं।

एस.सी.ई.आर.टी./एस.आई.ई. की स्थिति

यह अध्ययन निम्नांकित उद्देश्यों से किया गया— (1) विभागीय ढाँचा, भौतिक सुविधाएँ, स्टाफ विवरण, कार्य योजना और कार्यान्वयन के संदर्भ में एस.सी.ई.आर.टी./एस.आई.ई. की मौजूदा स्थिति का पता लगाना (2) इन संस्थानों के सुचारू रूप से कार्यकलापों के संचालन में बाधा डालने वाले कारकों की जानकारी करना, (3) इन बाधाओं को निष्प्रभावित करने के लिए उपयुक्त कदम उठाने के सुझाव देना। इन सभी राज्य स्तरीय शीर्षस्थ संस्थानों से सूचनाएँ एकत्र करने के लिए तीन उपकरण— एस.सी.ई.आर.टी./एस.आई.ई. प्रश्नावली, एस.सी.ई.आर.टी./एस.आई.ई. सूचना सूची और अध्यापक प्रशिक्षण सूचना सूची विकसित किए गए।

अध्यापक प्रशिक्षकों द्वारा नवाचार : एक सर्वेक्षण

इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य 1993-94 से 1997-98 के दौरान "अध्यापक शिक्षा में नवाचारी प्रयोग और कार्य व्यवहार" कार्यक्रम के अंतर्गत पुरस्कार के लिए चुने गए अध्यापक प्रशिक्षकों के नवाचारी आलेखों का विश्लेषण करना और उनकी प्रवृत्ति का अध्ययन करना था। इन पुरस्कृत आलेखों के सारांशों का निर्धारित ढांचे के तहत विश्लेषण किया गया और प्रवृत्ति मूलक रिपोर्ट तैयार की गई।

डाइट की योजना का कार्य संचालन : एक सर्वेक्षण

डाइट को अपनी भूमिका प्रभावकारी ढंग से निभाने में मदद के उद्देश्य से अपेक्षित कदम के सुझाव देने की दृष्टि से डाइट की मौजूदा स्थिति और कार्यकलापों का एक विश्लेषणात्मक अध्ययन जारी है। इसके लिए तीन अध्ययन उपकरण—डाइट प्रश्नावली, अध्यापक सूचना बैंक और साक्षात्कार सूची तैयार किए गए और डाइट संस्थानों से आँकड़ा एकत्र करने में इनका प्रयोग किया गया।

चुनिंदा नवाचारी अध्यापकों का केस अध्ययन

एन.सी.ई.आर.टी. नवाचारी अध्यापकों को नवाचारों के लिए पुरस्कृत करने के उद्देश्य से एक अखिल भारतीय अध्यापक शिक्षा प्रतियोगिता आयोजित करती है। नवाचारी प्रक्रिया और नवाचारी अध्यापकों को नवाचार के लिए प्रोत्साहित करने वाले कारकों को समझने के लिए एक अध्ययन किया गया। नवाचारी अध्यापकों के मनोवैज्ञानिक मानदंडों और अभिप्रेरणादायी कारकों की पहचान कर ली गई है। नवाचारी प्रक्रिया के बारे में यह पता लगाने के लिए क्या यह प्राकृतिक है या वाह्य कारकों से अभिप्रेरित है, इसके लिए मनोवैज्ञानिक परीक्षणों का प्रयोग किया गया और संस्थानों के मानव संसाधन विकास के परिवेश का अध्ययन किया गया। आँकड़ा विश्लेषण से पता चला कि नवाचारी अध्यापकों को मानव संसाधन विकास के लिए अनुकूल और अच्छा परिवेश और वातावरण प्राप्त है। अध्यापकों ने यह स्वीकार किया कि नवाचार करने में स्वस्थ मानव संसाधन विकास परिवेश, और कार्य की स्वायत्तता से बहुत सहायता मिली। अध्यापकों की स्वाभाविक सृजनात्मकता ने नवाचारों में योगदान किया। अध्यापकों की नवाचारी दक्षता से संबंधित अन्य वैयक्तिक कारक थे– अनुभव का खुलापन, ज्ञान का उच्च स्तर, अंतर्मुखी मगर प्रभावशाली स्वभाव और अच्छी बौद्धिक जिज्ञासा। अध्ययन की रिपोर्ट तैयार है।

विकास

भारत में अध्यापक शिक्षा के पचास वर्ष : मूल्यांकन और भावी परिप्रेक्ष्य

अध्यापक शिक्षा के विकास की प्रवृत्ति और मौजूदा स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त करने के उद्देश्य से इस परियोजना अध्ययन के निम्नलिखित उद्देश्य हैं: सेवा पूर्व अध्यापक शिक्षा के विभिन्न प्रकारों और स्तरों के ऐतिहासिक विकास का विश्लेषण करना (2) सेवारत शिक्षा के ऐतिहासिक विकास का विश्लेषण करना (3) आजादी के बाद शुरू किए गए नवाचारी कार्यक्रमों और कार्यान्वित कार्यक्रमों की समीक्षा करना (4) अध्यापक शिक्षा के पुनर्गठन की केंद्र प्रायोजित योजना के अंतर्गत स्थापित अध्यापक शिक्षा संस्थानों के कार्य निष्पादन का मूल्यांकन करना और (5) अध्यापक शिक्षा के विकास में विभिन्न संस्थानों और संगठनों की भूमिकाओं की समीक्षा करना। इस परियोजना अध्ययन के विस्तार और इसकी संचालन की रूप रेखा तय करने के लिए विशेषज्ञों के एक समूह के साथ परामर्शकारी दल की एक बैठक आयोजित की गई। अध्यापक शिक्षा के एकीकृत विषयों सहित विभिन्न घटों को लेकर 11 अध्यायों के विषयों की अंतिम रूप से पहचान की गई। विशेषज्ञ दल और एन.सी.ई.आर.टी. से चुनिंदा लेखकों की पहचान कर ली गई है। अध्याय लिखने का कार्य जारी है।

अध्यापक मूल्यांकन की सहभागिता और आँकड़ा आधारित प्रणाली के विकास का ढाँचा

एन.सी.ई.आर.टी. ने सहभागिता और आँकड़ा आधारित अध्यापक मूल्यांकन की प्रणाली का विकास किया है। इसमें सैद्धांतिक पृष्ठभूमि के साथ भारत और विदेशों में प्रयोग की जा रही मूल्यांकन प्रणालियों की आलोचनात्मक समीक्षा भी शामिल है। के. वी. एस, एन.डी.एम.सी. दिल्ली नगर निगम तथा सरदार पटेल विद्यालय द्वारा प्रयोग की जा रही ए.सी.आर. का विश्लेषण किया गया है। इस ढांचे में अध्यापक का आत्म मूल्यांकन और प्रत्येक अध्यापक के शैक्षिक और सह पाठ्यचर्यात्मक गतिविधियों तथा योगदानों के बारे में एकत्रित आंकड़े के आधार पर प्रधानाचार्य के मूल्यांकन को भी शामिल किया जाता है। इस ढांचे के अंतर्गत यह भी सुझाव है कि एक मूल्यांकन साक्षात्कार भी इसमें शामिल किया जाए ताकि जिस अध्यापक का मूल्यांकन किया जा रहा है उसे अपने महत्वपूर्ण योगदानों को प्रस्तुत करने का मौका मिल सके। इस अध्ययन से संबंधित उपकरणों का दो कार्यशालाओं में विकास करके और उनमें संशोधन करके अंतिम रूप दिया गया। इन उपकरणों में शामिल हैं–(1) अध्यापक आत्म मूल्यांकन प्रश्नावली, (2) समीक्षा प्राधिकारी की टिप्पणियां (3) अध्यापकों के रिकार्ड का रख रखाव करने के लिए प्रधानाध्यापक की डायरी (4) मूल्यांकन साक्षात्कार के लिए मार्गदर्शन।

प्राथमिक शिक्षा में डिप्लोमा के लिए स्व अधिगम अनुदेशी सामग्री

एन.सी.ई.आर.टी. ने इग्नो के साथ मिलकर प्राथमिक शिक्षा में डिप्लोमा पाठ्यक्रम के लिए स्व अधिगम अनुदेशी सामग्री का विकास किया। इस अनुदेशी सामग्री में अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में मौजूदा विकास और कार्य व्यवहार जैसे – बड़े आकार की कक्षाओं में अध्यापन, सहकारी अधिगम विधियाँ और अध्यापन के बाल केंद्रित और खेल-खेल में अध्यापन विधि सम्मिलित हैं। इस सामग्री में सतत व्यापक मूल्यांकन, पाठयोजना, अधिगम का मनोविज्ञान आदि भी शामिल है। आरंभ में यह डिप्लोमा कार्यक्रम पूर्वोत्तर राज्यों जहाँ अधिकांश संख्या में अप्रशिक्षित अध्यापक हैं, के सेवारत अध्यापकों के लिए दूरवर्ती शिक्षा माध्यम के रूप में शुरू किया जाएगा।

प्रशिक्षण

प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों के लिए विशेष अभिविन्यास कार्यक्रम

प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों के लिए विशेष अभिविन्यास कार्यक्रम (सॉप्ट) एक केंद्र प्रायोजित योजना है। प्रारंभिक शिक्षा के सार्वजनीकरण के लक्ष्य की प्रगति की कार्यनीति के एक भाग के रूप में प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार की दृष्टि से

इस कार्यक्रम की रूप रेखा बनाई गई है। इस योजना का मुख्य केंद्र विंदु प्राथमिक विद्यालयों को आवंटित आपरेशन ब्लैकबोर्ड सामग्री के उपयोग के लिए अध्यापकों में कार्यक्षमता का विकास करना और उन्हें बालकेंद्रित अध्यापन अधिगम विधि अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस अभिविन्यास कार्यक्रम का उद्देश्य एम. एल. एल. की राष्ट्रीय रिपोर्ट में विशेष रूप से उल्लेखित क्षमताओं का विकास करना भी है। साप्ट योजना प्रति वर्ष 4.5 लाख अध्यापकों को प्रशिक्षित करने के लक्ष्य के साथ शुरू की गई थी। राज्यों और संघीय क्षेत्रों में इस योजना के कार्यान्वयन को सुसाध्य बनाने की जिम्मेदारी एन.सी.ई.आर.टी. को दी गई है। इस दिशा में एन.सी.ई.आर.टी. ने प्रशिक्षण की रूप रेखा तैयार की और प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रयोग के लिए प्रशिक्षण पैकेज और ऑडियो-वीडियो सामग्री विकसित की। इसके लिए तीन स्तरों का प्रशिक्षण मॉडल विकसित किया गया जिसके अंतर्गत एन.सी.ई.आर.टी. ने राज्य स्तर के मुख्य व्यक्तियों को प्रशिक्षण प्रदान किया, एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रशिक्षित मुख्य व्यक्ति अपने राज्य में जिला स्तर पर संसाधन व्यक्तियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इन प्रशिक्षित संसाधन व्यक्तियों को राज्य में प्राथमिक अध्यापकों के प्रशिक्षण का मुख्य दायित्व सौंपा गया।

1998-99 में असम, केरल, कर्नाटक, हरियाणा, महाराष्ट्र और चंडीगढ़ संघ शासित क्षेत्र में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए राज्य की मुख्य एजेंसियों को साप्ट योजना के तहत धनराशि प्रदान की गई। कुछ राज्यों ने पूर्व वर्षों में दी गई धन राशि में से बची हुई धनराशि से साप्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। एन.सी.ई.आर.टी. ने विभिन्न राज्यों में संचालित साप्ट कार्यक्रमों को अकादमिक समर्थन और उनकी निगरानी का दायित्व भी अपने ऊपर लिया है। साप्ट कार्यक्रम की निगरानी के एक भाग के रूप में क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान और क्षेत्र सलाहकार ने अपने क्षेत्राधिकारों में आने वाले राज्यों और संघीय क्षेत्रों को आवश्यक समर्थन दिए और प्रशिक्षण कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए तत्काल मार्गदर्शन सेवा भी प्रदान की। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रभाव अध्ययन भी आयोजित किया गया। इस योजना के 1993-94 में आरंभ के बाद अब तक कुल 13 लाख अध्यापक प्रशिक्षित किए जा चुके हैं।

अनुक्रियात्मक टेलीविजन (आई.पी.टी.टी. : आई.टी.वी) के माध्यम से सेवारत प्राथमिक अध्यापकों का प्रशिक्षण

राष्ट्रीय कार्रवाई योजना के अंतर्गत देशभर में प्रशिक्षण साफ्टवेयर के रूप में प्रयोग के पहले इसे पायलट परियोजना के रूप में प्रौद्योगिकी और प्रशिक्षण साफ्टवेयर का पूर्व परीक्षण मध्य प्रदेश और गुजरात में किया जा रहा है। इस परियोजना का पर्यवेक्षण और मार्गदर्शन एन.सी.ई.आर.टी. कर रही है। इस परियोजना के सहयोगी संगठन–शिक्षा विभाग और उसके स्वायत्त संगठन, दूरसंचार विभाग, भारत सरकार, यूनेस्को और अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार परिसंघ को विशेष जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं।

इस परियोजना के कार्यान्वयन के लिए राज्य स्तरीय मुख्य अभिकरण हैं–एम.पी. एस.सी.ई.आर.टी., मध्य प्रदेश और जी.सी. आर.टी., गुजरात। एन.सी.ई.आर.टी. अकादमिक समर्थन देने के अलावा परियोजना का समन्वयन, निगरानी और मूल्यांकन का कार्य भी देख रही है। इस परियोजना के अंतर्गत गुजरात के छः जिले और 62 प्रखंड तथा मध्य प्रदेश के 10 जिले और 124 प्रखंड हैं। इसके लिए 20 अधिगम केंद्र हैं। इनमें 12 केंद्र मध्य प्रदेश में हैं और 6 गुजरात में हैं। इस परियोजना के लाभार्थी हैं–अध्यापक, अध्यापक प्रशिक्षक और शिक्षा पर्यवेक्षक। अनुक्रियात्मक गुणवत्ता में सुधार के लिए कंप्यूटर समर्थन प्रणाली के तहत इस प्रौद्योगिकी की दो तरफा ऑडियो और वीडियो माध्यम प्रयोग किए जाते हैं। एन.सी.ई.आर.टी. ने भी अपने संस्थान में डिजीटल अपलिंक अर्थ स्टेशन स्थापित करने का प्रस्ताव रखा है ताकि प्राथमिक स्तर के अधिकांश अध्यापक प्रशिक्षक सीधे प्रशिक्षण का लाभ प्राप्त कर सकें। इसके लाभार्थियों में शामिल हैं एस.सी.ई.आर.टी. और डाइट के संकाय वी.ई.सी. अध्यापक और विद्यालय शिक्षा से संबद्ध अन्य कार्मिक।

पूर्वोत्तर राज्यों के एस.सी.ई.आर.टी. संकाय के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम

पूर्वोत्तर राज्यों के एस.सी.ई.आर.टी./एस.आई.ई. संकाय के लिए एन.ई.आर.आई.ई., शिलांग में 15-19 फरवरी 1999 के दौरान पाँच दिवसीय एक अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य इस क्षेत्र में विद्यालय शिक्षा और अध्यापक शिक्षा से संबंधित उभरती प्रवृत्तियों और मुद्दों के बारे में भागीदारों को अवगत कराना था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सेवारत प्रशिक्षण की विधि, पाठ्यचर्या और अनुदेशी सामग्री के विकास, क्रियात्मक अनुसंधान और मूल्यांकन कार्यनीतियों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। एन.सी.ई.आर.टी. की अनुदेशी सामग्री में प्रारंभिक शिक्षा की राष्ट्रीय पाठ्यचर्या के विषय, पूर्वोत्तर राज्यों में प्रारंभिक अध्यापक शिक्षा के सरोकार और मुद्दे, पाठ्यचर्या और अनुदेशी सामग्री का विकास, सेवारत प्रशिक्षण कार्यक्रमों की योजना, आयोजन, निगरानी और मूल्यांकन और कक्षा अध्यापन के लिए क्रियात्मक अनुसंधान की तकनीकें और उनके निहितार्थ सम्मिलित थे।

सी.टी.ई. के लिए गुणात्मक अनुसंधान विधियों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

शांतिनिकेतन में पूर्वी क्षेत्र के विश्वविद्यालयों और शिक्षा विभाग के संकाय के लिए गुणात्मक अनुसंधान विधियों पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य

भागीदारों को शैक्षिक अनुसंधान में गुणात्मक अनुसंधान विधियों की आवश्यकता और प्रयोग के बारे में जानकारी देना था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मानव जाति वर्णन, केस अध्ययन, साक्षात्कार और परिघटनात्मक विधियों जैसी गुणात्मक अनुसंधान तकनीकों पर भागीदारों से चर्चा की गई। भागीदारों को पठन सामग्री भी प्रदान की गई। भागीदारों ने कुछ विशेष अनुसंधानों के लिए योजनाएँ भी बनाई।

विस्तार

अध्यापक शिक्षा और विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार : अखिल भारतीय प्रतियोगिता

अध्यापक प्रशिक्षकों और विद्यालय अध्यापकों में नव प्रयोगों, अनुसंधानों और नवाचारी कार्य व्यवहारों की भावना और जिज्ञासा को बढ़ावा देने के लिए एन.सी.ई.आर.टी. हर साल अध्यापक शिक्षा में नवाचार और विद्यालय शिक्षा में नवाचार नाम से दो अखिल भारतीय प्रतियोगिताओं का आयोजन करती है। इन प्रतियोगिताओं के लिए अध्यापक प्रशिक्षकों और विद्यालय अध्यापकों से आलेख आमंत्रित किए जाते हैं और एन.सी.ई.आर.टी. पुरस्कार के लिए विशेषज्ञों के पैनल से आलेखों का मूल्यांकन किया जाता है। 1998-99 में 15 राज्यों—आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, उड़ीसा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, दिल्ली और उत्तर प्रदेश से 71 आलेख प्राप्त हुए। इनमें से 27 आलेख राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चुने गए। इन पुरस्कृत आलेखों में से 19 आलेख प्रारंभिक अध्यापक शिक्षा से और 8 माध्यमिक अध्यापक शिक्षा से संबंधित थे। पुरस्कार के लिए चुने गए आलेखों के लेखक अध्यापकों के लिए एन.सी.ई.आर.टी., नई दिल्ली में एक संगोष्टी का आयोजन किया गया जिसमें लेखकों के साथ उनके नवाचारों पर चर्चा की गई।

एन.सी.ई.आर.टी. के क्षेत्र सलाहकारों की वार्षिक बैठक

राज्यों की आवश्यकताओं और विकास से संबंधित मुद्दों और राज्यों की आवश्यकताओं की पूर्ति में क्षेत्र सलाहकारों की भूमिकाओं पर चर्चा करने के लिए एन.सी.ई.आर.टी., नई दिल्ली में क्षेत्र सलाहकारों की वार्षिक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में 11 राज्यों के क्षेत्र सलाहकारों ने हिस्सा लिया। पूर्वोत्तर राज्यों की आवश्यकताओं पर विस्तृत चर्चा की गई और कार्रवाई के लिए कार्यनीति प्रस्तावित की गई।

रिपोर्टें और प्रकाशन

1. सेल्फ इंस्ट्रक्शनल मैटेरियल फॉर टीचर एजुकेटर्स जिल्द 2 (1998) मुद्रित
2. सेल्फ इंस्ट्रक्शनल मैटेरियल फॉर टीचर एजुकेटर्स जिल्द 3 (1999) (फोटो प्रति)
3. ए स्टडी ऑफ वर्किंग कंडीशंस ऑफ प्राइमरी स्कूल्स टीचर्स इन हरियाणा (1998) (फोटो प्रति)
4. ए स्टडी ऑफ वर्किंग कंडीशंस ऑफ प्राइमरी स्कूल्स टीचर्स इन मध्य प्रदेश (1998) (फोटो प्रति)
5. एस.सी.ई.आर.टी. : देयर रोल इन दि कांटेक्स्ट ऑफ लेटेस्ट डवलपमेंट्स इन एजुकेशन, 1998 (फोटो प्रति)
6. रिपोर्ट ऑफ दि एनुअल कांफ्रेंस ऑफ डाइरेक्टर्स ऑफ एस.सी.ई.आर.टी./एस.आई.ई. (फोटो प्रति)
7. एसेसिंग प्राइमरी टीचर्स ट्रेनिंग नीड्स सेल्फ लर्निंग पैकेज फॉर ट्रेनर्स एण्ड डाटा कलेक्शन टूल्स (फोटो प्रति)
8. आईडेंटिफिकेशन ऑफ ट्रेनिंग नीड्स ऑफ प्राइमरी टीचर्स—ए स्टडी (फोटो प्रति)
9. एप्रेसिंग क्वालिटी ऑफ ट्रेनिंग—सेल्फ लर्निंग पैकेज फॉर ट्रेनर्स एण्ड डेटा कलेक्शन टूल्स (फोटो प्रति)
10. अप्रेजल ऑफ ट्रेनिंग क्वालिटी—ए स्टडी (फोटो प्रति)
11. स्ट्रेंगथनिंग ऑफ वी.आर.सी. (फोटो प्रति)
12. मॉनिटरिंग एण्ड इवैल्युएशन ऑफ इन-सर्विस ट्रेनिंग ऑफ प्राइमरी टीचर्स (फोटो प्रति)
13. एन.सी.ई.आर.टी., स्पेशल ओरिएंटेशन प्रोग्राम फॉर प्राइमरी स्कूल टीचर्स थ्रो इंटरएक्टिव टेलिविजन, रिपोर्ट ऑफ टेलि-साप्ट प्रोग्राम 1998 (मिमियोग्राफ)
14. क्वालिटी इंप्रूवमेंट प्रोग्राम फॉर आश्रम स्कूल्सः ए केस स्टडी (फोटो प्रति)

अध्यापक शिक्षा को क्षेत्र स्तरीय योगदान

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान अजमेर, भोपाल, भुवनेश्वर और मैसूर ने अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में 1998-99 में निम्नांकित कार्य आरंभ किए :

सेवा पूर्व अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम

एन.सी.ई.आर.टी. के प्रमुख सरोकारों में सेवापूर्व नवाचारी अध्यापक शिक्षा का विकास और संचालन भी एक महत्वपूर्ण कार्य है। इस कार्य के अंतर्गत एन.सी.ई.आर.टी. के क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों में विज्ञान शिक्षा में चार वर्षीय एकीकृत अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम और प्रारंभिक शिक्षा में विशेषीकरण के साथ एक वर्ष का एम.एड. पाठ्यक्रम संचालित किया जाता है। 1998-99 में आर.आई.ई. के विभिन्न पाठ्यक्रमों में कुल 1270 छात्रों ने दाखिला लिया। बी.एससी., बी.एड/बी.एससी.एड. के पाठ्यक्रमों में मुख्य बल गुणवत्ता पर दिया जाता है अर्थात् विषयवस्तु, अध्यापन अधिगम प्रक्रिया, शिक्षाशास्त्र और पाठ्यचर्यात्मक कार्यकलापों में

Magenta

पूर्णतः पारंगत अच्छा अध्यापक तैयार करने पर खास जोर दिया जाता है।

एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रारंभिक शिक्षा के सार्वजनीकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के एक भाग के रूप में राज्यों के विभिन्न संस्थानों विशेषकर डाइट/एस.सी.ई.आर.टी. की जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से 1995-96 में एक वर्ष का एम. एड. (प्रारंभिक शिक्षा) पाठ्यक्रम आरंभ किया गया। यह अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में एक वर्ष का एक एकीकृत और नवाचारी पाठ्यक्रम है जिसमें प्राथमिक शिक्षा के सरोकारों तथा मुद्दों और शोध आधारित आगतों पर पर्याप्त बल दिया जाता है। इस पाठ्यक्रम के साथ-साथ अध्यापक प्रशिक्षणार्थी प्रारंभिक शिक्षा के प्राथमिकता वाले विभिन्न क्षेत्रों में अनेक अनुसंधान अध्ययन भी संचालित करते हैं।

2 वर्ष के विज्ञान और मानविकी के बी.एड. (माध्यमिक) पाठ्यक्रम में विस्तृत पाठ्यविवरण कार्यशालाओं में विकसित किए गए। यह पाठ्यक्रम 1999-2000 से आरंभ हो सकता है।

क्षेत्रीय अनुसंधान संगोष्ठियाँ

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों ने प्राथमिक स्तर पर अधिगम आयोजन, सामुदायिक भागीदारी और विद्यालय प्रभाविता के क्षेत्र में अनुसंधान कार्य पर क्षेत्रीय संगोष्ठियों का आयोजन किया।

इन संगोष्ठियों के उप-विषय थे—बहुस्तरीय स्थितियों में अधिगम का आयोजन, बहु-सांस्कृतिक कक्षाओं में अधिगम की कार्यनीतियों, बड़े आकार की कक्षाओं में अधिगम का प्रबंधन, विद्यालय परिवेश, विद्यालय योजना और प्रबंधन। इन संगोष्ठियों में चुने गए आलेखों को 15-18 जुलाई 1998 के दौरान आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रस्तुत किया गया।

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, अजमेर ने डाइट संकाय और के.आर. पी. के लिए निम्नांकित विषयों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए : (1) सामाजिक अध्ययन में अवधारणा मूलक अध्यापन, (2) मातृभाषा (हिंदी) में कौशल विकास के लिए कार्यकलाप आधारित अध्यापन, (3) उर्दू भाषा प्रवीणता का अध्यापन (4) विज्ञान का अध्यापन (5) विषय और विधि की दृष्टि से गणित का अध्यापन, (6) द्वितीय भाषा के रूप में हिंदी शिक्षण (7) अनुदेशन का मनोविज्ञान (8) जिला स्तरीय योजना और प्रबंधन और (9) क्रियात्मक अनुसंधान। विद्यालय प्रधानाचार्यों और सहयोगी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न शैक्षिक योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए अभिविन्यास किया गया। +2 स्तर पर निम्नांकित विषयों—(1) लेखा विज्ञान (2) गणित (3) अर्थशास्त्र, (4) भूगोल, (5) अंग्रेजी (6) भौतिक विज्ञान (7) जीव विज्ञान और (8) रसायन विज्ञान के अध्यापकों के लिए सेवारत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। माध्यमिक स्तर के अध्यापकों को विद्युत, कृषि और बढ़ईगिरी के क्षेत्रों—एस. यू.पी.डब्ल्यू. के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु प्रशिक्षण दिया गया। आर. आई.ई. अजमेर ने व्यावसायिक लेखा विज्ञान के लिए अध्यापक संदर्शिका, इतिहास के लिए प्रशिक्षण पैकेज, विज्ञान में प्रश्नपत्रों के चयन हेतु डिजाइन की रूपरेखा और भाषा तथा गणित में दक्षताओं के मूल्यांकन के लिए उपकरणों का भी विकास किया। प्रारंभिक शिक्षा के सार्वजनीकरण पर विस्तार कार्यक्रम के अंतर्गत व्याख्यान भी आयोजित किए गए।

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भोपाल ने (1) डाइट कार्मिकों के लिए प्रयोजनमूलक सांख्यिकी और अनुसंधान प्रविधि पर (2) एस.सी. ई.आर.टी. संकाय के लिए कंप्यूटर शिक्षा पर (3) सी.टी.ई./आई. ए.एस.ई. संकाय के लिए मार्गदर्शन और परामर्श (4) सी.टी.ई. आई.ए.एस.ई. के संकाय के लिए अनुसंधान प्रविधि पर चार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। इसके अलावा के. वी. एस. के अध्यापकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम की योजना बनाई गई और विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। आर. आई. ई. भोपाल ने निम्नांकित विषयों पर प्रशिक्षण पैकेज तैयार किए : (1) आई. ए.एस.ई. और सी.टी.ई. के संकाय के लिए प्रबंधन और पर्यवेक्षण, (2) डाइट के प्रस्तावों और जी.सी.ई.आर.टी. के संकाय के लिए विषय परिचय (3) गुजरात के डाइट और पी.टी.सी. के अध्यापक प्रशिक्षकों के लिए उच्च प्राथमिक स्तर पर अंग्रेजी शिक्षण (4) +2 स्तर पर इतिहास शिक्षण की कार्यनीतियाँ, और (5) +2 स्तर पर वाणिज्य और लेखाशास्त्र के अंतर्गत निदानात्मक परीक्षण के मदों का विकास भी किया। पश्चिमी क्षेत्र (महाराष्ट्र और गोवा) में संस्थान द्वारा आयोजित सेवारत प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रभाव विश्लेषण पर एक अध्ययन किया जा रहा है। इस अध्ययन के लिए आवश्यक उपकरणों का विकास किया जा चुका है।

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भुवनेश्वर ने 26 मई से 9 जून 1998 तक रेलवे बोर्ड के विद्यालयों में कार्यरत 48 पी.जी.टी. (राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र और वाणिज्य) के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया। संस्थान ने +2 स्तर के जीव विज्ञान और विषय विशिष्ट कौशलों की जानकारी के लिए प्रशिक्षण विधि का विकास किया और कठिन अवधारणाओं की पहचान करके विभिन्न अवधारणाओं के लिए अनुकरणीय/आदर्श सामग्री का विकास किया। माध्यमिक स्तर के लिए अवधारणा संप्राप्ति कार्य कौशल/क्षमता विकास की कार्यनीतियों को केंद्र में रखकर 20 आदर्श पाठयोजनाएँ तैयार की गईं। माध्यमिक विद्यालयों के अध्यापकों के लिए दूसरी भाषा के रूप में अंग्रेजी शिक्षण हेतु प्रशिक्षण की विधि के विकास और परीक्षण प्रक्रिया के अंतर्गत संस्थान ने अंतरित प्रशिक्षण कार्यविधियों के साथ प्रतिदर्शी प्रशिक्षण योजनाएं बनाईं।

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, मैसूर ने डाइट संकाय के लिए निम्नांकित विषयों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए :

(1) शैक्षिक आँकड़ा प्रक्रियन में कंप्यूटर की उपयोगिता के बारे में जानकारी और (2) पुस्तकालय अनुरक्षण। आंध्र प्रदेश के जूनियर कालेजों के रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान और गणित के प्रवक्ताओं के लिए विषय संवर्धन कार्यक्रम आयोजित किए गए। संस्थान ने क्रियात्मक और प्रायोगिक अनुसंधान, माध्यमिक स्तर पर भूगोल और +2 स्तर पर जीव विज्ञान के शिक्षण हेतु अध्यापक प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षण पैकेजों का विकास किया। आंध्र प्रदेश के कक्षा 9 स्तर के गणित की पाठ्यपुस्तक पर आधारित एक अध्यापक संदर्शिका का विकास किया गया। एक परियोजना अध्ययन–"प्रारंभिक स्तर पर अध्यापक प्रशिक्षकों के लिए उपलब्ध विशेषज्ञों की सूची और प्रशिक्षण की रूपरेखा का विकास" पूरा होने वाला है।

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, शिलांग ने डी.टी.ई.ई. द्वारा शिलांग पूर्वोत्तर राज्यों के एस.आई.ई./एस.सी.ई.आर.टी. संकाय सदस्यों के लिए विषय परिचय कार्यक्रम आयोजित किया। सी.आई.ई.टी. के माध्यम से कोहिमा में नागालैंड के एस.सी.ई.आर.टी./डाइट संकाय के लिए शैक्षिक प्रसारण हेतु रेडियो और टी.वी. कार्यक्रमों के निर्माण पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। आई.आर.टी. और इग्नो के सहयोग से शिलांग में प्राथमिक शिक्षा में डिप्लोमा विषय पर अभिविन्यास कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। पी. एस.एस.सी.आई.वी.ई. ने पूर्वोत्तर में मुख्य कार्मिकों के लिए व्यावसायिक शिक्षा पर एक अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया और पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए इटानगर में ग्रामीण विकास के लिए व्यावसायिक शिक्षा पर क्षेत्रीय संगोष्ठी भी आयोजित की गई।

डी.ई.एम.ई. द्वारा एज़ावल में मिजोरम विद्यालय शिक्षा बोर्ड के विज्ञान और गणित के पी.जी.टी. अध्यापकों के लिए प्रश्नपत्र निर्माण और मूल्यांकन पर एक अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत इन सभी विषयों के लिए 700 प्रश्न तैयार किए गए और प्रत्येक विषय के दो संतुलित प्रश्नपत्र विकसित किए गए।

1998-99 में आर.आई.ई. में पाठ्यक्रमवार नामांकन

क्रम सं.	*पाठ्यक्रम*	*अजमेर*	*भोपाल*	*भुवनेश्वर*	*मैसूर*
1.	बी.एससी.बी.एड.				
	1 वर्ष	79	87	98	77
	2 वर्ष	75	84	71	68
	3 वर्ष	59	76	87	48
	4 वर्ष	68	68	69	61
2.	एम.एड. (प्रारं)	20	19	32	24
	योग	301	334	357	278

1998-99 में आर.आई.ई. में परीक्षाफल (उत्तीर्ण प्रतिशत)

क्रम सं.	*पाठ्यक्रम*	*अजमेर*	*भोपाल*	*भुवनेश्वर*	*मैसूर*
1.	बी.एससी.बी.एड./ बी.एससी.एड.				
	1 वर्ष	76.2	94.1	91.1	
	2. वर्ष	93.3	100	78.2	
	3. वर्ष	95.6	98.5	97.1+	
	4 वर्ष	96.4	100	94.8	94.4
2.	बी.ए.बी.एड/ बी.ए.एड. 4 वर्ष		100	100	100
3.	एम.एड. (प्रारंभिक)	100	100	89.3	100

डी. एम. विद्यालय

डी. एम. विद्यालय आर.आई.ई. के अभिन्न अंग हैं। ये संस्थान की प्रयोगशालाएँ हैं जहाँ विद्यालय शिक्षा और अध्यापक शिक्षा के नवाचारी प्रयोगों का परीक्षण किया जाता है। आर.आई.ई. के सेवापूर्व अध्यापक शिक्षा के विभिन्न पाठ्यक्रमों में नामांकित अध्यापक विद्यार्थी इन विद्यालयों में व्यावहारिक प्रशिक्षण का अभ्यास कर रहे हैं। पिछले चार वर्षों से डी. एम. विद्यालयों के प्राथमिक स्तर के अध्यापक क्रियात्मक अनुसंधान के अंतर्गत दक्षता आधारित शिक्षण का प्रयोग कर रहे हैं। वे बच्चों के अधिगम संबंधी आवश्यकताएँ, कक्षा कक्ष आँकड़ों के आधार पर शिक्षण और निदानात्मक कार्यनीतियों की योजना बनाते हैं। डी. एम. विद्यालय सी.बी.एस.ई. नई दिल्ली से संबद्ध हैं और कक्षा 1 से 12 तक की शिक्षा प्रदान करते हैं। इनमें शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी है। ये विद्यालय मार्गदर्शन और परामर्शकारी सेवाएँ भी प्रदान करते हैं और इनमें +2 स्तर पर अलग प्रकार के व्यावसायिक पाठ्यक्रम हैं।

1998-99 में डी. एम. विद्यालयों के कक्षावार नामांकन

कक्षा	*अजमेर*	*भोपाल*	*भुवनेश्वर*	*मैसूर*
1	30	69	64	69
2	30	70	64	70
3	31	70	72	70
4	30	67	78	72
5	32	73	72	70
6	58	86	76	72
7	55	67	119	70
8	59	68	122	70
9	64	66	126	70
10	37	63	117	68
11	85	73	95	38
12	26	67	91	47
योग	537	839	1096	786

1998-99 में डी. एम. विद्यालयों के परीक्षाफल (उत्तीर्ण प्रतिशत)

कक्षा	*अजमेर*	*भोपाल*	*भुवनेश्वर*	*मैसूर*
10	88.3	97	96.1	87
12 (विज्ञान)	94.7	81	100	91
12 (कला)	-	100	-	-
12 (वाणिज्य)	100	100	95.8	-
12 (व्यावसायिक)	-	100	66.66	-
12 (मानविकी)	91.6	-	46.1	83

1998-99 में प्रकाशित रिपोर्टें और अन्य सामग्री

आर.आई.ई. अजमेर

1. रीजनल सेमिनार ऑन डवलिपिंग वैल्यूज इन स्कूल चिल्ड्रेन थ्रो को-करीकुलर एक्टिविटीज (फोटो प्रति)
2. ट्रेनिंग पैकेज फॉर टीचिंग हिस्ट्री एट +2 लेवल (फोटो प्रति)
3. ओरिएंटेशन प्रोग्राम फॉर केमिस्ट्री टीचर्स एट +2 लेवल फॉर पंजाब एण्ड चंडीगढ़ (फोटो प्रति)
4. कांसेप्ट ओरिएंटेड टीचिंग इन सोशल स्टडीज एट अपर प्राइमरी लेवलः ट्रेनिंग ऑफ की रिसोर्स पर्सन्स (फोटो प्रति)
5. वैल्यू एजुकेशन इन नार्दर्न स्टेट्स
6. माड्यूल्स ऑफ फैब्रिकेशन ऑफ इंस्ट्रूमेंट्स एण्ड दियर एनालिटिकल यूसेज इन केमिस्ट्री एट +2 लेवल (फोटो प्रति)
7. ट्रेनिंग ऑफ एस.आई.ई. डाइट फैकल्टीज ऑफ जम्मू एण्ड कश्मीर एण्ड उत्तर प्रदेश ऑन दि मेथडोलोजीज इन एक्शन रिसर्च (फोटो प्रति)
8. ट्रेनिंग पैकेज इन मैथेमेटिक्स एट अपर प्राइमरी लेवल (फोटो प्रति)
9. रिपोर्ट्स ऑफ ओरिएंटेशन ऑफ टीचर्स टीचिंग एण्ड सीनियर सेकेंडरी लेबल इन न्यू ट्रेंड्स ऑफ टीचिंग फिजिक्स (फोटो प्रति)
10. ट्रेनिंग पैकेज इन उर्दू एट अपर प्राइमरी लेवल (फोटो प्रति)
11. ऑन कांसेप्ट एटेनमेंट मॉडल डवलपमेंट ऑफ इंस्ट्रक्शनल मैटेरियल एण्ड ट्रेनिंग इन सेलेक्टेड टापिक्स ऑफ इकानमिक्स एट +2 लेवल (फोटो प्रति)
12. टीचर्स गाइड इन वोकेशनल एकांउटेंसी (फोटो प्रति)
13. ट्रेनिंग ऑफ टीचर्स ऑन प्रैक्टिकल्स इन ज्योग्राफी एट सीनियर सेकेंडरी लेबल (फोटो प्रति)
14. इंस्ट्रक्शनल मैटेरियल फॉर टीचिंग एकाउंटेंसी (फोटो प्रति)
15. इफेक्टिव इंप्लिमेंटेशन ऑफ एस.यू.पी.डब्ल्यू. एक्टिविटीज एट सेकेंडरी लेवल इन दि एरियाज ऑफ एग्रीकल्चर, बुडवर्क एण्ड इलेक्ट्रीसिटी (फोटो प्रति)
16. दक्षता आधारित मूल्यांकन उपकरण (कक्षा 1 और 2) फोटो प्रति
17. एजुकेशनल प्लानिंग एण्ड मैनेजमेंट एट डिस्ट्रिक्ट लेवल (फोटो प्रति)
18. ट्रेनिंग पैकेज फॉर ब्ल्यू प्रिंट डिजाइन एण्ड सेटिंग ऑफ क्वेश्चन पेपर्स इन साइंस फॉर अपर प्राइमरी स्कूल्स इन हरियाणा (फोटो प्रति)
19. माध्यमिक स्तर के एस.सी./एस.टी. विद्यार्थियों के लिए गणित में निदानात्मक परिकलन एवं उपचारात्मक शिक्षण।

आर. आई. ई. भोपाल

1. रिसर्च मेथोडोलोजी एण्ड फंक्शनल स्टेटिस्टिक्स (फोटो प्रति)
2. नेशनल सेमिनार ऑन साइंस एण्ड मैथेमेटिक्स एजुकेशन
3. हैंडबुक ऑफ गाइडेंस एण्ड काउंसिलिंग
4. हैंड बुक ऑफ रिसर्च मैथोडोलोजी (सी.टी.ई. एण्ड आई.ए. एस.ई. फैकल्टी) (फोटो प्रति)
5. इंस्ट्रक्शनल मैटेरियल फॉर टीचर्स ऑन दि न्यू टेकनीक्स एण्ड एप्रोचेज ऑफ टीचिंग उर्दू एट सेकेंडरी लेवल, मध्य प्रदेश (फोटो प्रति)
6. मैनेजमेंट एण्ड सुपरविजन अंडर आई.ए.एस.ई. एण्ड सी.टी. ई. (फोटो प्रति)
7. डायग्नोस्टिक टेस्टिंग फॉर रिमेडियल टीचिंग इन एकाउंटेंसी (फोटो प्रति)
8. डायग्नोस्टिक टेस्टिंग फॉर रिमेडियल टीचिंग इन आर्गेनाइजेशन ऑफ कामर्स (फोटो प्रति)
9. स्ट्रेटेजी फॉर दि डवलपमेंट ऑफ इसेंशियल स्किल्स ऑफ केमिस्ट्री प्रैक्टिकल्स इन दि टीचर्स ऑफ सीनियर सेकेंडरी लेवल (फोटो प्रति)
10. इनोवेटिव एक्सेपेरिमेंट्स एण्ड स्किल्स इन फिजिक्स (+2 लेवल) फोटो प्रति
11. माड्यूल्स यूजिंग प्रोब्लम सोल्विंग एज ए टेकनीक फॉर फोस्टरिंग मीनिंगफुल लर्निंग ऑफ साइंस एट सेकेंडरी लेवल
12. डवलपमेंट ऑफ ट्रेनिंग पैकेज इन टीचिंग स्ट्रेटेजीस इन हिस्ट्री एट +2 लेवल (फोटो प्रति)
13. प्रोजेक्ट प्रपोजल्स इन कामर्स सब्जेक्ट (फोटो प्रति)
14. डवलपमेंट ऑफ एट-वीक सर्टिफिकेट कोर्स स्ट्रक्चर इन कंप्यूटर एजुकेशन (फोटो प्रति)
15. डवलपमेंट ऑफ करीकुलम फॉर पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन बायोलोजी/मैथेमैटिक्स/फिजिक्स एजुकेशन एट सीनियर सेकेंडरी स्टेज (फोटो प्रति)
16. इंपैक्ट एनालिसिस ऑफ इन-सर्विस प्रोग्राम (फोटो प्रति)।

आर. आई. ई. भुवनेश्वर

1. रिपोर्ट ऑफ रिव्यू ऑफ मैथेमेटिक्स टेक्स्ट बुक्स ऑफ क्लासेज 1 और 2 ऑफ उड़ीसा एण्ड डवलपमेंट ऑफ एक्जेम्पलर मेटेरियल (फोटो प्रति)
2. डवलपमेंट ऑफ स्ट्रेटेजीज फॉर कांसेप्ट सेंटर्ड टीचिंग एण्ड सब्जेक्ट स्पेसिफिक स्किल्स एक्जिवीशन इन केमिस्ट्री एट +2 (फोटो प्रति)

आर. आई. ई. मैसूर

1. कांटेंट इनरीचमेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम इन मैथेमेटिक्स फॉर जूनियर कालेज लेक्चरर्स ऑफ ए पी.एस.वी.आर.ई.आई. सोसायटी, हैदराबाद (फोटो प्रति)
2. कांटेंट इनरीचमेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम इन फिजिक्स फॉर जूनियर कालेज लेक्चरर्स ऑफ ए पी.एस.वी.आर.ई.आई. सोसायटी, हैदराबाद (फोटो प्रति)
3. कांटेंट इनरीचमेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम इन केमिस्ट्री फॉर जूनियर कालेज लेक्चरर्स ऑफ ए पी.एस.वी.आर.ई.आई. सोसायटी, हैदराबाद (फोटो प्रति)
4. इंपैक्ट ऑफ साप्ट ट्रेनिंग प्रोग्राम ऑन दि क्लासरूम प्रैक्टिसेज ऑफ टीचर्स–ए स्टडी इन आंध्र प्रदेश (फोटो प्रति)
5. इंपैक्ट ऑफ साप्ट ट्रेनिंग प्रोग्राम ऑन दि क्लासरूम प्रैक्टिसेज ऑफ टीचर्स–ए स्टडी इन आंध्र प्रदेश (फोटो प्रति)
6. आईडेंटिफिकेशन ऑफ इसेंशियल कंपिटेंसीज फॉर प्राइमरी टीचर्स (फोटो प्रति)

व्यावसायिक शिक्षा केन्द्र

पंडित सुन्दर लाल शर्मा केन्द्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान (पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई.) भोपाल, एन.सी.ई.आर.टी. की एक प्रमुख घटक है जो व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास की एक शीर्षस्थ राष्ट्रीय संस्था है। औपचारिक और अनौपचारिक दोनों प्रणालियों के अंतर्गत व्यावसायिक शिक्षा और कार्य अनुभव के क्षेत्र में पूर्ण संसाधन संस्थान के रूप में कार्य करना इसका प्रमुख सरोकार है।

विद्यालयी शिक्षा के सभी चरणों पर कार्य शिक्षा में सुधार करना एन.सी.ई.आर.टी. का एक प्रमुख सरोकार रहा है। पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान (पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई.) भोपाल एन.सी.ई.आर.टी. का एक घटक है और व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास की एक शीर्षस्थ राष्ट्रीय संस्था है। पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई. के महत्वपूर्ण कार्यों में सम्मिलित हैं : भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एम.एच.आर.डी.), राज्य सरकारों और संघ शासित क्षेत्रों को व्यावसायिक शिक्षा और कार्यानुभव कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के बारे में सलाह देना और अपेक्षित मदद करना, विभिन्न स्तरों—राष्ट्रीय, राज्यीय, जिला और संस्था स्तर पर व्यावसायिक शिक्षा के लिए व्यापक प्रबंधन प्रणाली की स्थापना को बढ़ावा देना, उनके पर्यवेक्षण करना और मार्गदर्शन करना, औपचारिक और अनौपचारिक, दोनों प्रणालियों के अंतर्गत व्यावसायिक शिक्षा और कार्य अनुभव के क्षेत्र में पूर्ण संसाधन संस्थान के रूप में कार्य करना, व्यावसायिक शिक्षा के औपचारिक और अनौपचारिक प्रणाली में पाठ्यचर्या विकास और प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करना, उनका मार्गदर्शन करना, सूचनाओं का प्रचार-प्रसार करना, अनुसंधान, निगरानी और मूल्यांकन करना तथा राज्य सरकारों को परामर्शकारी सेवाएं प्रदान करना, व्यावसायिक शिक्षा की राष्ट्रीय प्रणाली में मानदंडों की एकरूपता को बनाए रखना और सभी स्तरों पर अध्ययन व्यवसायों सहित व्यावसायिक शिक्षा की गुणवत्ता और स्तर बनाए रखना, देश भर में औपचारिक और अनौपचारिक दोनों माध्यमों के व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रमों के विभिन्न स्तरों पर उत्कृष्टता को बढ़ावा देना, व्यावसायिक शिक्षा और कार्य अनुभव तथा संबंधित और सहायक क्षेत्रों में शोध और अन्य अध्ययनों की आवश्यकताओं की पूर्ति करना, गुणवत्ता के मानदंड को ध्यान में रखते हुए प्रमाणपत्रों की समतुल्यता स्थापित करना और व्यावसायिक संस्थानों तथा कार्यक्रमों को मान्यता प्रदान करना, संबंधित और अन्य संगठनों के स्वैच्छिक सहयोग के आधार पर व्यावसायिक सूचना प्रणाली और सेवाओं के राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क को बढ़ावा देना तथा सूचनाओं के प्रभावशाली प्रसार को सुगम बनाना और व्यावसायिक शिक्षा तथा मानव संसाधन विकास के अंतर्राष्ट्रीय पहलुओं का सतत ध्यान रखना।

अनुसंधान

तमिलनाडु के लिए सी.एस.एस. के अंतर्गत वी.ई.पी. के कार्यान्वयन का सीधे प्रभाव क्षेत्र में अध्ययन किया गया। इस अध्ययन में कार्यक्रम की कमजोरी और उसकी शक्ति तथा सफलता के पक्षों का मूल्यांकन किया गया और राज्य में सुधार के कदम उठाने के लिए निदानात्मक सुझाव और सिफारिशें प्रस्तुत की गईं।

व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में आयोजित निम्नांकित परियोजना अध्ययन जारी हैं :

- कुछ राज्यों में सामान्य बेसिक पाठ्यक्रमों के कार्यान्वयन का तुलनात्मक अध्ययन
- भारत में व्यापार और वाणिज्य आधारित पाठ्यक्रमों के

व्यावसायिक शिक्षा के उत्तीर्ण उम्मीदवारों की स्थिति का अध्ययन

- ग्रामीण तथा नगरीय समाजों में लड़कियों की वृत्तिक आकाँक्षाएँ और व्यावसायिक शिक्षा
- माध्यमिक व्यावसायिक विद्यालयों में उद्योग-विद्यालय के बीच संबंध की स्थापना-क्रियात्मक अनुसंधान
- चुनिंदा राज्यों में व्यावसायिक पाठ्यचर्या और अनुदेशी सामग्री के मानदण्ड और गुणवत्ता का तुलनात्मक अध्ययन
- कृषि में व्यावसायिक अध्यापन अधिगम की स्थिति और प्रभाविता का तुलनात्मक अध्ययन
- महाराष्ट्र के कुछ व्यावसायिक संस्थानों के विद्यालय-उद्योग संबंध पर केस अध्ययन
- पंजाब में व्यावसायिक शिक्षा के छात्रों के कार्यनिष्पादन पर ओ.जे.टी. का प्रभाव
- महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण में गृह विज्ञान के व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का महत्व
- +2 स्तर के विद्यार्थियों में व्यावसायिक कौशल के विकास में अध्यापक की भूमिका

गई। आयुर्विज्ञान प्रयोगशाला तकनीशियन पाठ्यक्रम की अनुदेशी सामग्री में संशोधन किया गया। छः व्यावसायिक पाठ्यक्रमों से संबंधित 15 पुस्तकें/पांडुलिपियाँ विभिन्न राज्यों को भेजी गईं। व्यावसायिक शिक्षा पर 5 अनुदेशी सामग्री और पूर्व व्यावसायिक शिक्षा पर 3 पांडुलिपियाँ प्रकाशन के लिए भेजी गईं।



विकास

व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की पाठ्यचर्या का विकास और संशोधन

मछली प्रजनन प्रौद्योगिकी, बीमा और साफ्टवेयर अनुप्रयोग की पाठ्यचर्या में संशोधन किए गए। दूर संचार प्रौद्योगिकी, पी. सी. एसेंबली और हार्डवेयर रखरखाव, यातायात सेवा अनुरक्षण, कृषि व्यापार, बायो-मेडिकल उपकरण अनुरक्षण तकनीशियन, और कंप्यूटर एसेंवली और रखरखाव पर नई व्यावसायिक शिक्षा की पाठ्यचर्या विकसित की गई। समीक्षाधीन वर्ष में व्यावसायिक मार्गदर्शन और परामर्श पर एक पाठ्यचर्या और प्रशिक्षण माड्यूल, अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में व्यावसायिक मार्गदर्शन और परामर्श पर एक पाठ्यचर्या और प्रशिक्षण माड्यूल, अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में व्यावसायिक पाठ्यचर्या के साथ पर्यावरणजन्य घटकों के एकीकरण पर पाठ्यचर्या की एक परिशिष्ट, फसल उत्पाद और भवन निर्माण में राष्ट्रीय व्यावसायिक योग्यता की रूपरेखा का भी विकास किया गया।

व्यावसायिक और पूर्व व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए अनुदेशी सामग्री का विकास

सिरामिक कार्य के नवसाक्षरों के लिए पूर्व व्यावसायिक शिक्षा की अनुदेशी सामग्री विकसित की गई और संबंधित राज्यों को भेजी

प्रशिक्षण

अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम

व्यावसायिक विद्यालयों के अनुशिक्षण में सुधार के लिए सेरीकल्चर, लेखा ओर लेखा परीक्षा, विपणन और विक्रेतावृत्ति, व्यापारिक वस्त्र डिजाइन और विपणन, उद्यम विकास और व्यावसायिक विद्यालयों में उत्पादन सहित प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना पर 7 अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में 135 व्यावसायिक अध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया। इनमें से 5 अध्यापक एस.सी. वर्ग और 4 एस.टी. वर्ग के थे।

मुख्य कार्यकर्ताओं के लिए अल्पावधि का प्रशिक्षण

महाराष्ट्र और गुजरात के मुख्य कार्यकर्ताओं के लिए व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रमों के कार्यान्वयन से संबंधित संकल्पनात्मक स्पष्टीकरण हेतु अल्पावधि का एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अभिविन्यास कार्यक्रम

व्यावसायिक शिक्षा पर सात अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए। ऐसा एक कार्यक्रम पूर्वोत्तर राज्यों के अध्यापकों के लिए आयोजित किया गया जिसमें 18 अध्यापकों को प्रशिक्षित

किया गया विशेषरूप से गोवा के व्यावसायिक अध्यापकों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभिविन्यास कार्यक्रम के विषय थे–कृषि, गृह विज्ञान, व्यापार और वाणिज्य और अभियांत्रिकी तथा प्रौद्योगिकी। इन कार्यक्रमों में 210 अध्यापक शामिल हुए। आंध्र प्रदेश में विकलांग व्यक्तियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैंगलोर में कर्नाटक के व्यावसायिक शिक्षा के मुख्य कार्यकर्ताओं के लिए एक अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 37 मुख्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

विस्तार

राष्ट्रीय संगोष्ठी/बैठकें

समीक्षाधीन वर्ष में 8 राष्ट्रीय संगोष्ठियाँ और बैठकें आयोजित की गईं जिनमें विषय थे : (1) उद्यान विज्ञान व्यावसायिक पाठ्यचर्या की लोकप्रियता (2) खाद्यपदार्थ संरक्षण और प्रक्रियन का नेटवर्क और जागरूकता (3) यातायात क्षेत्र (4) कार्य अनुभव/एस.यू.पी.डब्ल्यू. (5) +2 स्तर की व्यावसायिक शिक्षा के साथ उच्च शिक्षा का संबंध (6) महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की बाधाओं का उन्मूलन (7) विकलांग व्यक्तियों के लिए व्यावसायिक शिक्षा, (8) +2 स्तर की कृषि व्यावसायिक शिक्षा का उच्च कृषि शिक्षा के साथ संयोजन।

आजादी की स्वर्ण जयंती के अवसर पर क्षेत्रीय संगोष्ठियाँ

आजादी की स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में संगोष्ठी शृंखला के अंतर्गत पूर्वी, पश्चिमी, उत्तरी और दक्षिणी क्षेत्र में 4 क्षेत्रीय संगोष्ठियाँ आयोजित की गई। प्रत्येक क्षेत्र में एक संगोष्ठी आयोजित की गई। इन क्षेत्रीय संगोष्ठियों में कुल 207 भागीदार शामिल हुए। इन संगोष्ठियों के मुख्य उद्देश्य थेः (1) आदिवासियों और दस्तकारों की आवश्यकताओं को विशेषरूप से ध्यान में रखते हुए ग्रामीण आबादी के सशक्तिकरण में व्यावसायिक शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल देना, ग्रामीण क्षेत्रों में औपचारिक और अनौपचारिक, दोनों प्रणालियों में मौजूदा व्यावसायिक शिक्षा व्यवस्था की समीक्षा करना (2) ग्रामीण क्षेत्रों में व्यावसायिक शिक्षा प्रणाली के माध्यम से विकास कार्यक्रम के बारे में विभिन्न एजेंसियों और व्यक्तियों के विचार और राय जानना और (3) गांवों में कार्य के नये अवसरों के द्वारा छात्रों को आर्थिक और बौद्धिक दृष्टि संतुष्ट करने वाले व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की संभावनाओं की पहचान करना।

व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए पुरस्कार

व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से व्यावसायिक शिक्षा के प्रति समर्पित व्यक्तियों को प्रोत्साहित करने और अन्य दूसरों के बीच उनकी प्रतिष्ठित पहचान के लिए पी.एस.एस.सी. आई.वी.ई. हर साल पुरस्कार कार्यक्रम आयोजित करता है। यह कार्यक्रम 5 जुलाई को संस्थान के स्थापना दिवस के दिन आयोजित किया जाता है। पुरस्कृत व्यक्तियों को पुरस्कारस्वरूप स्मृति चिह्न, प्रमाण पत्र और नकद राशि से भी सम्मानित किया जाता है। समीक्षाधीन वर्ष में आयोजित पुरस्कार समारोह में गणमान्य शिक्षाविदों, प्रशासकों और 46 पुरस्कार विजेताओं सहित 250 अतिथि भी शामिल हुए। इस अवसर पर निम्नांकित कार्यक्षेत्रों के लिए पुरस्कार प्रदान किए गए :

- सर्वोत्तम परीक्षाफल पुरस्कार (प्रत्येक राज्य से दो-राज्य में उच्च माध्यमिक परीक्षा के परीक्षाफल के आधार पर)
- सर्वोत्तम व्यावसायिक अध्यापक पुरस्कार (प्रत्येक राज्य से एक)
- सर्वोत्तम संस्था पुरस्कार (प्रत्येक राज्य से एक)
- सर्वोत्तम विद्यालय उद्योग संयोजन पुरस्कार (प्रत्येक राज्य से एक)

प्रदर्शनियाँ

व्यावसायिक शिक्षा को लोकप्रिय बनाने के लिए प्रदर्शनियां आयोजित की गईं। संस्थान के स्थापना दिवस पर, रवींद्र भवन, भोपाल में; प्रशासनिक अकादमी भोपाल में +2 स्तर पर की व्यावसायिक शिक्षा का उच्च शिक्षा से संयोजन पर आयोजित डी. एस. कोठारी संगोष्ठी के अवसर पर; पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई. भोपाल और एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली में राष्ट्रीय संगोष्ठियों के दौरान चार प्रदर्शनियाँ आयोजित की गईं। इन प्रदर्शनियों में व्यावसायिक शिक्षा पर विभिन्न सामग्री जैसे – दक्षता आधारित व्यावसायिक पाठ्यचर्या, अनुदेशी सामग्री, मार्गदर्शिका, विभिन्न पाठ्यक्रमों की रिपोर्टें और प्रचार फोल्डर प्रदर्शित किए गए।

पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई. के प्रयोगशाला विद्यालयों के लिए वृत्तिक सम्मेलन

भोपाल और निकटवर्ती क्षेत्रों में स्थित पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई. के 4 प्रयोगशाला विद्यालयों के लिए 14 वृत्तिक सम्मेलन आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य थे–कक्षा 10 के विद्यार्थियों को उनके अपने विद्यालयों और आस-पास के विद्यालयों में चलाए जा रहे व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रमों और विविध व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के बारे में जानकारी देना, (2) व्यावसायिक शिक्षा के उत्तीर्ण विद्यार्थियों को आगे के कैरियर की योजना बनाने में मदद करना और (3) व्यावसायिक शिक्षा की योजना के वास्तविक प्रशासन और संचालन में प्रधानाचार्यो और अध्यापकों की सहायता करना। सम्मेलनों में पी.एस.एस.सी. आई.वी.ई. संकाय सदस्योंका एक दल–प्रत्येक शाखा से एक सदस्य, और जिला उद्योग केंद्र के अधिकारियों ने वांछित सहयोग प्रदान किए। प्रत्येक विद्यालय में संस्थान के प्रकाशनों की

प्रदर्शनियाँ भी लगाई गईं। पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई. द्वारा विकसित व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम पर पुस्तिकाएँ और पर्चे वितरित किए गए।

त्रैमासिक बुलेटिन का प्रकाशन

व्यावसायिक शिक्षा पर त्रैमासिक बुलेटिन का नियमित रूप से प्रकाशन किया जा रहा है। बुलेटिन की प्रतियाँ मुख्य कार्यकर्ताओं सहित 4000 विद्यालयों को भेजी जाती हैं। समीक्षाधीन वर्ष में 2 अंक प्रकाशित किए गए और 2 अंक मुद्रणाधीन थे।

परामर्शकारी सेवाएँ

वी.वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान, श्रम मंत्रालय, भारत सरकार को तीन मुख्य क्षेत्रों—गृहविज्ञान, अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी, कृषि और सामान्य केंद्रिक घटकों से संबंधित व्यावसायिक कौशल, प्रशिक्षण के 15 माड्यूलों के विकास में मदद की गई।

पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई. ने विशेष व्यावसायिक विद्यालयों की स्थापना, उत्पादन सहित प्रशिक्षण केंद्र (पी.टी.सी.) की स्थापना और संबंधित व्यावसायिक पाठ्यचर्या के संशोधन में अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम और असम को परामर्शकारी सेवाएँ प्रदान कीं।

1998-99 में प्रकाशित रिपोर्टें और अन्य सामग्री

सामान्य प्रकाशन

1. क्वार्टरली बुलेटिन—वोकेशनल एजुकेशन—वर्ष 5 अंक 1 व 2 अप्रैल और जून-जून और जुलाई-सितंबर 1998 (मुद्रित) वर्ष 5 अंक 3 और 4 अक्तूबर-दिसंबर 1998 और जनवरी-मार्च 1999
2. फंक्शन एण्ड एक्टिविटीज ऑफ पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई. (मुद्रित)।
3. जॉब आपोर्च्यूनिटीज आफ्टर हायर सेकेंडरी वोकेशनल एजुकेशन (मुद्रित)
4. वोकेशनलाइजेशन ऑफ एजुकेशनः पर्सपेक्टिव्स फॉर दि न्यू मिलेनियम—दि चेलेंज (मुद्रित)
5. सर्वे रिपोर्ट—वोकेशनल एजुकेशन प्रोग्राम फॉर दि डिसेबल्ड एण्ड डायरेक्टरी ऑफ दि इंस्टीट्यूशन/आर्गेनाइजेशंस ऑफरिंग वोकेशनल एजुकेशन फॉर दि डिसेबल्ड (मुद्रित)
6. आपकी और आपके कदमों की दूरी सिर्फ एक कदम (हिंदी) पोस्टर
7. देयर इज ए न्यू होल-वर्ल्ड बियांड दि सेट ट्रेक्स-पोस्टर (मुद्रित)

व्यावसायिक पाठ्यचर्या

1. कंपीटेंसी बेस्ड वोकेशनल करीकुलम ऑन सेरीकल्चर (मुद्रित)
2. कंपीटेंसी बेस्ड वोकेशनल करीकुलम ऑन प्लांट प्रोटेक्शन (मुद्रित)
3. कंपीटेंसी बेस्ड वोकेशनल करीकुलम ऑन वाटरशेड मैनेजमेंट (मुद्रित)
4. कंपीटेंसी बेस्ड वोकेशनल करीकुलम ऑन सीड प्रोडक्शन टेक्नोलाजी (मुद्रित)
5. कंपीटेंसी बेस्ड वोकेशनल करीकुलम ऑन डेयरी टेक्नोलाजी (मुद्रित)
6. कंपीटेंसी बेस्ड वोकेशनल करीकुलम ऑन रिपेयर एण्ड मेंटिनेंस, रिवाइंडिंग एण्ड इंस्टालेशन ऑफ इलेक्ट्रिक मोटर (मुद्रित)
7. कंपीटेंसी बेस्ड वोकेशनल करीकुलम ऑन इलेक्ट्रानिक टेक्नालाजी (मुद्रित)
8. कंपीटेंसी बेस्ड वोकेशनल करीकुलम ऑन कंप्यूटर टेक्नीक्स (मुद्रित)
9. कंपीटेंसी बेस्ड वोकेशनल करीकुलम ऑन रूरल एनर्जी मैनेजमेंट (मुद्रित)
10. कंपीटेंसी बेस्ड वोकेशनल करीकुलम ऑन बैंकिंग (मुद्रित)
11. कंपीटेंसी बेस्ड वोकेशनल करीकुलम ऑन रूरल इंफर्मेटिक्स मैनेजमेंट (मुद्रित)
12. कंपीटेंसी बेस्ड वोकेशनल करीकुलम ऑन इंस्टीट्यूशनल हाउस कीपिंग (मुद्रित)
13. कंपीटेंसी बेस्ड वोकेशनल करीकुलम ऑन बेकरी एण्ड कानफेक्शनरी (मुद्रित)
14. कंपीटेंसी बेस्ड वोकेशनल करीकुलम ऑन फूड प्रीजर्वेशन एण्ड प्रोसेसिंग (मुद्रित)
15. कंपीटेंसी बेस्ड वोकेशनल करीकुलम ऑन क्रेच एण्ड प्री स्कूल मैनेजमेंट (मुद्रित)
16. कंपीटेंसी बेस्ड वोकेशनल करीकुलम ऑन कैटरिंग एण्ड रेस्टारेंट मैनेजमेंट (मुद्रित)
17. कंपीटेंसी बेस्ड वोकेशनल करीकुलम ऑन कामर्शियल गार्मेंट डिजाइनिंग एण्ड मार्केटिंग (मुद्रित)
18. कंपीटेंसी बेस्ड वोकेशनल करीकुलम ऑन लाइब्रेरी एण्ड इंफार्मेशन साइंस (मुद्रित)
19. कंपीटेंसी बेस्ड वोकेशनल करीकुलम ऑन एकाउंटिंग एण्ड ऑडिटिंग (मुद्रित)
20. कंपीटेंसी बेस्ड वोकेशनल करीकुलम ऑन इंटर्नशिप डवलपमेंट (मुद्रित)
21. कंपीटेंसी बेस्ड वोकेशनल करीकुलम ऑन टेलिकम्युनिकेशन टेक्नालोजी (फोटो प्रति)
22. कंपीटेंसी बेस्ड वोकेशनल करीकुलम ऑन बायोमेडिकल एक्विपमेंट मेंटिनेंस टेक्नीशियन (फोटो प्रति)
23. करीकुलम एडेनडम ऑन इन्वायरन्मेंटल एजुकेशन फॉर एग्रीकल्चर-बेस्ड वोकेशनल कोर्सिस (फोटो प्रति)

24. कंपीटेंसी बेस्ड वोकेशनल करीकुलम ऑन फिश प्रोडक्शन टेक्नोलॉजी (फोटो प्रति)
25. कंपीटेंसी बेस्ड वोकेशनल करीकुलम ऑन साफ्टवेयर एप्लिकेशंस (फोटो प्रति)
26. ए फ्रेम वर्क ऑन नेशनल वोकेशनल क्वालिफिकेशन ऑन बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन (फोटो प्रति)
27. करीकुलम एंडेनडम ऑन इनवायरनमेंटल एजुकेशन फॉर इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नालाजी-बेस्ड वोकेशनल कोर्सेस (फोटो प्रति)

अनुदेशी सामग्री का विकास

व्यावसायिक शिक्षा

1. वेजिटेबल प्रोडक्शन–प्रैक्टिकल मैनुअल–कक्षा 11 मुद्रित
2. मिल्क प्रोसेसिंग–प्रैक्टिकल मैनुअल (मुद्रित)
3. डेयरी प्रोडक्शन एण्ड क्वालिटी ऑफ मिल्क–टेक्स्टबुक कक्षा-11 (मुद्रित)
4. मैटेरियल एप्लिकेशन–टेक्स्टबुक कक्षा-11
5. आफिस प्रोसीजर एण्ड प्रैक्टिस–टेक्स्टबुक कक्षा-11
6. टाइपराइटिंग कक्षा 11 (मुद्रित)
7. इन्वायरनमेंट एण्ड डवलपमेंट–टेक्स्टबुक +2 स्तर के विद्यार्थियों के लिए (जी.एफ.सी. के अंतर्गत) (4)
8. जेनेटिक वोकेशनल कोर्सेस कक्षा 12–सिद्धांत (मुद्रित)
9. मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नीसियन वोकेशनल कोर्स (फोटो प्रति)
10. फ्लोरीकल्चर एण्ड लैंडस्केपिंग–टेक्स्टबुक कक्षा 12 (फोटो प्रति)
11. फ्लोरीकल्चर एण्ड लैंडस्केपिंग–प्रैक्टिकल मैन्युअल कक्षा-12
12. एक्वाकल्चर-II टेक्स्टबुक–कक्षा-12
13. एक्वाकल्चर-II प्रैक्टिकल मैन्युअल–कक्षा-12
14. फिश ब्रीडिंग एण्ड सीड प्रोडक्शन–टेक्स्टबुक कक्षा-12
15. सप्लिमेंट रीवरिन एण्ड रिजर्वायर फिशरीज–प्रैक्टिकल कक्षा-11
16. कंप्यूटर एप्लिकेशंस इन ब्यूजीनेस–टेक्स्टबुक–कक्षा-11
17. ब्यूजीनेस कम्यूनिकेशन एण्ड स्टेटिस्टिक्स–टेक्स्टबुक कक्षा-11 (फोटो प्रति)
18. ब्यूजीनेस कम्यूनिकेशन एण्ड स्टेटिस्टिक्स–प्रैक्टिकल मैनुअल कक्षा-11 (फोटो प्रति)
19. एलिमेंट्स ऑफ कॉस्ट एकाउंटिंग–टेक्स्टबुक कक्षा-12 (फोटो प्रति)
20. ऑडिटिंग–टेक्स्टबुक कक्षा-12 (फोटो प्रति)
21. ऑडिटिंग–प्रैक्टिकल मैनुअल कक्षा-12 (फोटो प्रति)
22. एडवांस्ड एप्पैरेल डिजाइनिंग–टेक्स्टबुक कक्षा-12 (फोटो प्रति)

पूर्व-व्यावसायिक शिक्षा

23. रिपेयर एण्ड मेंटिनेंस ऑफ टिलेज एण्ड सोविंग इक्वीपमेंट (मुद्रित)
24. रिपेयर एण्ड मेंटिनेंस ऑफ पावर थ्रेशर (मुद्रित)
25. रिपेयर एण्ड मेंटिनेंस ऑफ प्लांट प्रोटेक्शन इक्वीपमेंट (मुद्रित)
26. बंबू क्राफ्ट (हिंदी) (मुद्रित)
27. बटिक (मुद्रित)
28. टाई एण्ड डाई (मुद्रित)
29. डॉल मेकिंग (हिंदी) (मुद्रित)

केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान, शैक्षिक प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एन.सी.ई.आर.टी. का एक प्रमुख घटक है जिसका प्रमुख सरोकार दृश्य श्रव्य कार्यक्रमों, 16 एम.एम. फिल्मों और अन्य अधिगम सामग्री, शैक्षिक प्रौद्योगिकी में कार्मिकों को प्रशिक्षण, मीडिया नियोजन, आलेख लेखन, कार्यक्रम निर्माण, तकनीकी प्रचालन और वीडियोग्राफी तथा वीडियो और पत्रकारिता में पी.जी. डिप्लोमा आदि के छात्रों के दीर्घकालिक संयोजन आधारित प्रशिक्षण सहित कार्मिकों को शैक्षिक प्रौद्योगिकी में प्रशिक्षण देने से है।

शैक्षिक प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक शीर्षस्थ संस्थान के रूप में एन.सी.ई.आर.टी. के एक मुख्य संस्थान केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान के कार्यों का मुख्य सरोकार दृश्य-श्रव्य कार्यक्रमों, 16 एम.एम. फिल्मों और अन्य अधिगम सामग्री, शैक्षिक प्रौद्योगिकी में कार्मिकों को प्रशिक्षण, मीडिया नियोजन, आलेख लेखन, कार्यक्रम निर्माण, तकनीकी प्रचालन और वीडियोग्राफी तथा वीडियो और पत्रकारिता में पी.जी. डिप्लोमा आदि के छात्रों के दीर्घकालिक संयोजन आधारित प्रशिक्षण सहित कार्मिकों को शैक्षिक प्रौद्योगिकी में प्रशिक्षण देने से है।

शैक्षिक दूरदर्शन कार्यक्रम

1998-99 में 85 शैक्षिक दूरदर्शन कार्यक्रमों के आलेख तैयार किए गए और उनका निर्माण किया गया। इन कार्यक्रमों के विषय थे–विज्ञान, गणित, भाषा, सामाजिक विज्ञान, और बच्चों तथा अध्यापकों के लिए ललित कला। इन कार्यक्रमों में आई. यू.सी.ए.ए. पुणे के सहयोग से 'एक्सप्लोरिंग दि यूनिवर्स' पर 11 शृंखला का एक कार्यक्रम कृषि और पशुपालन पर कार्यक्रम, लोक जुंबिश परिषद्, जयपुर के साथ कम लागत की शिक्षण सामग्री और प्रख्यात कथक नृत्यांगना सुश्री उमा शर्मा को शामिल करके अभिनव कला के क्षेत्र में *कथक परिचय* जैसे कार्यक्रम भी शामिल थे। ई.टी.वी. के कार्यक्रमों के अलावा छोटी अवधि की 29 शैक्षिक वीडियो फिल्मों की विषय-वस्तु और स्वरूप की परिकल्पना की गई और इनमें निर्माण की योजना बनाई गई और अंततः उनका निर्माण किया गया। इनमें से चार वीडियो फिल्में माता-पिता की अभिप्रेरणा पर आधारित थीं। कुछ ई.टी.वी. कार्यक्रम सूक्ष्म सांविधानिक प्रावधानों जैसे मौलिक अधिकारों को स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त करते हैं। इनमें से अधिकांश कार्यक्रमों को प्रसारित करने के लिए समय सारणी निर्धारित की गई।

शैक्षिक श्रव्य कार्यक्रम

"राग रस बरसे" शीर्षक के अंतर्गत संगीत शिक्षा पर 10 श्रव्य कार्यक्रम बनाए गए। प्रत्येक कार्यक्रम 10 मिनट का है। ये 10 रागों के सरगम के बारे में हैं। ये कार्यक्रम पंडित विष्णु प्रसाद भाथकंडे द्वारा रचित संगीत साहित्य पर आधारित हैं। इन कार्यक्रमों के निर्माण में आकाशवाणी और दिल्ली विश्वविद्यालय के संगीत विभाग ने परामर्शकारी सेवाएँ प्रदान कीं।

शैक्षिक फिल्में

दो फिल्मों – (1) अबोड ऑफ ग्रॉइस (2) लैंड ऑफ बैरियर्स का निर्माण किया गया। उनके हिंदी रूपांतरण (1) देवभूमि और (2) वीर भूमि भी तैयार किए गए।



सी.आई.ई.टी. स्टूडियो में 'कथक परिचय' की शूटिंग

शैक्षिक दूरदर्शन कार्यक्रम और श्रव्य कार्यक्रमों का प्रसारण

तरंग

सी.आई.ई.टी. प्राथमिक और माध्यमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों और अध्यापकों के लिए ''तरंग'' शीर्षक से शैक्षिक उपग्रह दूरदर्शन सेवा के अंतर्गत अपना कार्यक्रम प्रसारित कर रही है। इस कार्यक्रम का प्रसारण डी.डी.-1 चैनल पर उपलब्ध है। अप्रैल 1998 से इसकी प्रसारण अवधि में वृद्धि की गई है और यह आधा घंटे के बजाए 1 घंटे 15 मिनट का है। यह कार्यक्रम प्रतिदिन प्रसारित होता हैं।

मौजूदा प्रसारण में शामिल हैं:

वर्ग	*कार्यक्रमों की संख्या*	*बारंबारता संख्या*
प्राथमिक	179	38
माध्यमिक	132	34
अध्यापक	162	20
योग	473	92

इन कार्यक्रमों के बारे में नियमित पत्र दर्शकों से प्राप्त होते हैं। इन पत्रों से कार्यक्रम के बारे में टिप्पणियाँ और विषयवस्तु संबंधी जानकारी और स्पष्टीकरण की जिज्ञासा व्यक्त की गई होती है। अतः ''पत्रों के उत्तर'' शीर्षक के नियमित मासिक कार्यक्रम के माध्यम से दर्शकों के पत्रों के उत्तर दिए जाते हैं और दर्शकों की जिज्ञासाओं की पूर्ति की जाती है। कार्यक्रमों की नियमित रूप से निगरानी की जाती है। प्रसारण पूर्व सत्र में साप्ताहिक निगरानी रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है।

उमंग

हम ''तरंग'' की तरह साप्ताहिक शैक्षिक रेडियो/ऑडियो कार्यक्रम भी प्रसारित करते हैं। इस कार्यक्रम का शीर्षक ''उमंग'' है। यह आकाशवाणी के 10 केंद्रों—इलाहाबाद, भोपाल, दिल्ली, इंदौर, जयपुर, लखनऊ, पटना, रोहतक और शिमला से प्रसारित होता है। यह 10 मिनट का साप्ताहिक कार्यक्रम है जो 8-14 वर्ष के बच्चों के लिए है।

प्रशिक्षण और संयोजन/संलग्नता

सी.आई.ई.टी. कार्यक्रमों के निर्माण, उपकरण रख-रखाव, कैमरा और अन्य उपकरण संचालन, संपादन आदि के विशेष प्रशिक्षण सहित शैक्षिक प्रौद्योगिकी सभी कार्यों में व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। डाइट और एस.आई.ई.टी. के कार्मिकों के अलावा वीडियोग्राफी, पत्रकारिता और वीडियो कार्यक्रम के पी.जी. डिप्लोमा के छात्र संबद्धता के आधार पर नियमित प्रशिक्षणार्थी हैं। सी.आई.ई.टी. ने 5 एस.आई.ई.टी. वाले राज्यों (आंध्र प्रदेश, बिहार, गुजरात, उड़ीसा और उत्तर प्रदेश) के भागीदारों के लिए शैक्षिक रेडियो/ऑडियो कार्यक्रमों के आलेख लेखन पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। एस.वी. राजकीय पॉलीटेकनीक, भोपाल के तीन वर्षीय डिप्लोमा के अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए 18 सप्ताह का एक सघन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम संचालित किया गया। समीक्षाधीन वर्ष में डाइट और आई.ए.एस.ई./सी.टी.ई. और शिक्षा विभागों के माध्यमिक स्तर के अध्यापक प्रशिक्षकों के लिए शैक्षिक प्रौद्योगिकी में और एस.आई.ई.टी. के संकाय सदस्यों के लिए मूल्यांकन पर अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए।

"सॉप्ट के लिए माध्यम समर्थन" के अंतर्गत पंजाबी, बंगाली, मलयालम और मणिपुरी में कार्यक्रम की डबिंग, बच्चों के लिए चरित्र चल चित्रों और कार्टून फिल्मों के विकास और व्यावसायिक यंत्रों जैसे—कृषि विज्ञान, गृह विज्ञान, आटोमोबाइल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, अर्थशास्त्र और व्यापार अध्ययन के ई.सी.वी. कार्यक्रमों के संक्षिप्त रूपांतरण, डाइट और एस.सी.ई.आर.टी. के अध्यापक प्रशिक्षकों के लिए इलेक्ट्रॉनिक मीडिया आधारित शैक्षिक प्रौद्योगिकी पर और उच्च माध्यमिक कक्षाओं के छात्रों के लिए गणित के ई.टी.वी. ट्यूटोरियल कार्यक्रमों में संशोधन/संवर्धन तथा कक्षा 11 के लिए कार्यक्रम सारसंक्षेप के विकास पर कार्यशालाएँ आयोजित की गईं। प्राथमिक विद्यालय-अध्यापकों की कक्षा कक्ष समस्याओं पर इंदौर आकाशवाणी केंद्र में आयोजित होने वाले 3 दिवसीय ऑडियो कांफ्रेंसिंग की मदद के लिए 18 मार्च, 1999 को डाइट संकाय, संस्था प्रमुखों और दूसरे कार्मिकों को अभिविन्यास प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम 22-24 मार्च, 1999 को सीधे प्रसारित किया गया। इसके विशेषज्ञ पैनल में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर डाइट के विशेषज्ञों के साथ सी.आई.ई.टी. के संकाय सदस्य भी थे। इस कार्यक्रम में 11 केंद्रों के माध्यम से 200 प्राथमिक विद्यालय अध्यापक शामिल हुए।

पद्मावती महिला विश्वविद्यालय, तिरुपति के एक पी.जी. छात्र के लिए 7 जून से 14 जुलाई, 1998 तक संबद्धता आधारित प्रशिक्षण दिया गया। राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान, अहमदाबाद के दो छात्र 6 माह के प्रशिक्षण के लिए संबद्ध किए गए थे। यह प्रशिक्षण उनके डिप्लोमा के लिए आवश्यक था। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने 6 वीडियो कार्यक्रम और एक चरित्र आधारित एनीमेशन वीडियो कार्यक्रम तैयार किए।

अनुसंधान और मूल्यांकन

सी.आई.ई.टी. के शैक्षिक दूरदर्शन कार्यक्रम 'तरंग' की मॉनीटरिंग रिपोर्ट "टेलिकास्ट एट प्राइमरी लेवल" तैयार की गई। कक्षा-6

स्तर पर मापन की अवधारणा के अध्यापन पर अनुक्रियात्मक वीडियो कार्यक्रमों का मूल्यांकन अध्ययन किया गया।

विस्तार और विकास

सी.आई.ई.टी. के कंप्यूटर कक्ष में मल्टी-मीडिया सुविधा युक्त 10 कंप्यूटर हैं। इसकी स्थापना फरवरी-मार्च 1998 में हुई मगर बहुत कम समय में इस कक्ष ने वीडियो कार्यक्रमों का आँकड़ा आधार, सी.आई.ई.टी. के कार्मिकों का आँकड़ा आधार, सी.आई.ई.टी. की वेब साइट और कक्षा 6 के विज्ञान के लिए अनुदेशी मल्टीमीडिया सामग्री का विकास कर लिया है। इसके अलावा यह कक्ष सी.आई.ई.टी. के लिए वर्ड प्रक्रियन, आँकड़ा प्रक्रियन, ग्राफिक्स, ई-मेल और इंटरनेट की सुविधाएँ भी प्रदान करता है।

सी.आई.ई.टी. के केंद्रीय फिल्म लाइब्रेरी संस्थान ने संकाय सदस्यों सहित अपने सदस्यों की फिल्म प्रदर्शन और शोध हेतु 2050 फिल्में जारी कीं। बच्चों, शोधकर्ताओं और स्थानीय शैक्षिक संस्थानों के लिए अनेक फिल्म शो प्रदर्शित किए गए। 70 फिल्मों का आँकड़ा आधार तैयार किया जा चुका है। एस.आई.ई.टी., सी.आई.ई.टी., डाइट और एन.आई.ई. के विभिन्न विभागों ने अपने प्रशिक्षण कार्यक्रमों और संदर्भ प्रयोजनों हेतु ऑडियो-वीडियो लाइब्रेरी का व्यापक रूप से प्रयोग किया।

राष्ट्रीय श्रव्य-दृश्य समारोह

सी.आई.ई.टी. ने 28-30 नवंबर, 1998 के दौरान एस.आई.ई.टी. हैदराबाद में तीन-दिवसीय राष्ट्रीय श्रव्य-दृश्य समारोह का आयोजन किया। इस समारोह में सभी छः एस.आई.ई.टी.—आंध्र प्रदेश, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश, सी.आई.ई.टी. और राष्ट्रीय खुला विद्यालय ने भाग लिया। सी.आई.ई.टी. ने मुख्य शील्ड सहित निम्नांकित वर्गों में पुरस्कार प्राप्त किए:

5-8 वर्ष: *आओ सीखें पहाड़ा*
- सर्वोत्तम प्रस्तुति : श्रीमती अनीता मल्होत्रा
- सर्वोत्तम निदेशक : श्रीमती अनीता मल्होत्रा
- सर्वोत्तम आलेख : श्री पी.डी. खट्टर

9-11 वर्ष: *सही जगह पर*
- सर्वोत्तम प्रस्तुति : श्रीमती अनीता गुप्ता
- सर्वोत्तम निदेशक : श्रीमती अनीता गुप्ता
- सर्वोत्तम एनीमेशन कला : श्रीमती अनीता गुप्ता

मध्यमिक: *ऊर्जा ग्राम की सैर*
- द्वितीय सर्वोत्तम प्रस्तुति : सुश्री उषा नरूला
- श्रव्य कार्यक्रम : निर्जीव सजीव
- सर्वोत्तम प्रस्तुति : श्री पी.डी. खट्टर

सी.आई.ई.टी.-एस.आई.ई.टी. समन्वयन

सी.आई.ई.टी. नई दिल्ली में सी.आई.ई.टी.-एस.आई.ई.टी. समन्वयन समिति की दो बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों में सभी साइट संस्थानों मा.सं.वि.मं. के ई.टी. ब्यूरो के प्रतिनिधियों और सी.आई.ई.टी. के संकाय सदस्यों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने एस.आई.ई.टी. और सी.आई.ई.टी. की स्थिति रिपोर्टें प्रस्तुत कीं जिनमें प्रस्तुति, शोध, अध्ययन, प्रसारण और दूरदर्शन प्रसारण, उपकरण और सुविधाएँ, बजट का उपयोग, भर्ती और संस्थानों के कामकाज में आने वाली बाधाओं से संबंधित ब्यौरे शामिल थे। मा.सं.वि.मं. के प्रतिनिधियों के साथ वित्तीय और प्रशासनिक मुद्दों पर चर्चा की गई। मंत्रालय के प्रतिनिधियों ने कुछ मुद्दों का यथास्थान समाधान किया और बाकी मुद्दों और समस्याओं के समाधान के लिए मार्गदर्शन दिए। कार्यक्रम निर्माण, उपयोग और उपकरणों से संबंधित मुद्दों पर सी.आई.ई.टी. संकाय सदस्यों तथा तकनीकी स्टाफ के साथ चर्चा की गई। अनुभवों का परस्पर आदान-प्रदान किया गया और अगले वर्ष की कार्यनीतियाँ और योजनाएँ तैयार की गईं।

शैक्षिक प्रौद्योगिकी को क्षेत्रीय सहयोग

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भोपाल ने मध्य प्रदेश एस.सी.ई.आर.टी के सहयोग से जुलाई 1998 माह में प्रारंभिक स्तर पर रेडियो आलेख लेखन पर एक कार्यशाला आयेजित की।

1998-99 में प्रकाशित रिपोर्टें और अन्य सामग्री

1. रिपोर्ट ऑन नीड एसेसमेंट ऑफ एजुकेशनल मीडिया प्रोग्राम्स फॉर अपर प्राइमरी स्कूल चिल्ड्रन एण्ड टीचर्स (फोटो प्रति)
2. मीडिया सपोर्ट ऑन सॉप्ट, सभी भाषाओं में रूपांतरित (फोटो प्रति)
3. इंस्ट्रक्शनल मैटीरियल फॉर दि यूजर्स ऑफ वन पैकेज ऑफ मैथ प्रोग्राम्स फॉर प्राइमरी स्कूल (मुद्रित)

अध्याय / 6

कंप्यूटर शिक्षा और प्रौद्योगिकीय सहायता

एन.सी.ई.आर.टी. अपने कार्यक्रमों और गतिविधियों में आधुनिक प्रौद्योगिकीय सहायता/मीडिया के प्रयोग के लिए कंप्यूटर शिक्षा संबंधी मुद्दों और समस्याओं तथा संबंधित क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास पर निरंतर ध्यान दे रही है। प्रशासनिक स्टाफ के ऑफिस के कामकाज में कंप्यूटर प्रयोग करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। डॉ. मुरली मनोहर जोशी, मानव संसाधन विकास मंत्री, भारत सरकार ने दिनांक 17 दिसंबर, 1998 को परिषद् के कंप्यूटर केंद्र का औपचारिक उद्घाटन किया।



एन.सी.ई.आर.टी. अपने कार्यक्रमों और गतिविधियों में आधुनिक प्रौद्योगिकीय सहायता/मीडिया के प्रयोग के लिए कंप्यूटर शिक्षा संबंधी मुद्दों और समस्याओं तथा संबंधित क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास पर निरंतर ध्यान दे रही है। कंप्यूटर शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत निम्नांकित कार्यकलापों पर बल दिया जाता है: एन.सी.ई.आर.टी. संकाय को सूचना प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल और कंप्यूटर संसाधन केंद्र (सी.आर.सी.) तथा अपने विभागों, दोनों में सूचना प्रौद्योगिकी की सुविधाओं के अधिकतम उपयोग करने में मदद करना, परिसर में आई.टी. सूचना प्रौद्योगिकी और संचार सुविधाओं का विस्तार करना जिसमें सम्मिलित हैं: संगणक और आकलन की सुविधाएँ और सी.आर.सी. में टी.सी.पी./आई.पी. की सुविधाएँ तथा फैक्स से संदेश भेजने और प्राप्त करने के साधन, परिषद् के वेबसाइट को संवर्धित करना और विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक संसाधन के रूप में वेबसाइट विकसित करने के लिए अपेक्षित महत्वपूर्ण योगदान हेतु तैयारी करना संकाय के सदस्यों ने व्यक्तिगत स्तर पर शुरू किए गए अपने परियोजना अध्ययनों को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इसके लिए वे पूरे वर्ष प्रयासरत रहे। शैक्षिक स्टाफ के लिए आई.टी. साक्षरता पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रशासनिक स्टाफ के ऑफिस के कामकाज में कंप्यूटर प्रयोग करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। (कंप्यूटर पर हिंदी शब्द साधन प्रशिक्षण) डॉ. मुरली मनोहर जोशी, मानव संसाधन विकास मंत्री, भारत सरकार ने दिनांक 17 दिसंबर, 1998 को परिषद् के कंप्यूटर केंद्र का औपचारिक उद्घाटन किया। विभिन्न प्रकार के विज्ञान किटों का उत्पादन जारी रहा। विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षुओं का प्रशिक्षण भी जारी रहा। टी.टी.आई. के छात्र अध्ययन के लिए कार्यशाला के दौरे भी किए। ये सब प्रौद्योगिकीय सहायता के क्षेत्र की प्रमुख गतिविधियाँ थीं।

कंप्यूटर शिक्षा

विकास

नाभिकीय रसायनशास्त्र पर एक कंप्यूटर सहायक अनुदेशी पैकेज का प्रायोगिक प्रारूप विकसित किया गया। यह कार्यक्रम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर उपलब्ध है। इसकी संदर्शिका भी मिमियोग्राफ के रूप में तैयार की गई है। सुप्रसिद्ध पियाजिसयन के कुछ कार्यों के अनुकरण में एक कंप्यूटर कार्यक्रम और संबंधित संदर्शिका का विकास किया गया। यह पैकेज छोटे बच्चों की संज्ञानात्मक दक्षताओं की पहचान के लिए एक उपचारात्मक उपकरण के रूप में प्रयोग किया जा सकता है। कंप्यूटर पाठ्यक्रम के तीन मॉड्यूलों—पाईथागोरस प्रमेय, हाइड्रोकार्बन और रसायनिक गतिकी का विकास किया गया। मॉड्यूल इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर उपलब्ध हैं। इस सामग्री के परीक्षण और प्रचार-प्रसार

मानव संसाधन विकास मंत्री द्वारा कंप्यूटर संसाधन केंद्र का उद्घाटन

के लिए जरूरी उपकरण और कार्यनीति का विकास करना आवश्यक है।

एक पुस्तिका "इंटरनेट एन एजुकेशनल टूल" निकाली गई। इस पुस्तिका का विकास परिषद् में किया गया था और दो दिवसीय कार्यशाला में अध्यापकों ने इसका मूल्यांकन किया था। इस पुस्तिका के मिमियोग्राफ टिप्पणी एवं सुझाव के लिए अनेक व्यक्तियों के पास भेजे गए थे। एन.सी.ई.आर.टी. स्टाफ को आई.टी. साक्षरता में स्वयं प्रशिक्षण के लिए 5 प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित किए गए। ये सभी मॉड्यूल मिमियोग्राम के रूप में हैं।

प्रशिक्षण और विस्तार

कंप्यूटर संसाधन केंद्र में नए महत्वपूर्ण आई.टी. संसाधन शामिल किए गए। प्रयोक्ताओं की बढ़ती माँग पर अतिरिक्त दो टी.सी. पी./आई.पी. लाइनें ली गईं। कंप्यूटर केंद्र में इंटरनेट की तीन सीधी लाइनें उपलब्ध हैं। सी.आर.सी. के प्रयोक्ताओं को अपने ई-मेल नंबर खोलने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

सी.आर.सी. में एन.सी.ई.ई. के शैक्षिक और प्रशासनिक स्टाफ के लिए दो प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रशिक्षण के दौरान यह महसूस हुआ कि पूर्व निर्धारित समय में औपचारिक प्रशिक्षण की अपेक्षा पूरे साल अनौपचारिक रूप से कार्य अभ्यास और प्रशिक्षण अधिगम प्रभावकारी होगा। एन.सी.ई.आर.टी. के जर्नलों के दो अंकों का नेट वर्जन विकसित किया गया और इससे परिषद् के वेबसाइट को अद्यतन बनाया गया।

वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मालवीय नगर के विद्यार्थियों के दो बैचों को कंप्यूटर के बारे में जानकारी दी गई। ये विद्यार्थी व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए परिषद् के कार्यालय में आए थे।

अनुसंधान मार्गदर्शन

जामिया मिलिया इस्लामिया में सॉफ्टवेयर सिस्टम में मास्टर डिग्री के एक भाग के रूप में पुस्तकालय सूचना प्रणाली पर लघुशोध प्रबंध तैयार करने के लिए परिषद् के संकाय के मार्गदर्शन में कार्य करने के लिए दो छात्र संबद्ध किए गए थे। इकबाल अहमद और मिशवाह आलम नामक छात्रों ने परिषद् के पुस्तकालय और प्रलेखन प्रभाग के जर्नल और पुस्तक वितरण विभागों में सुधार के लिए कार्यक्रम विकसित किए। इनके परियोजना लघुशोध प्रबंध और कंप्यूटर प्रोग्राम परिषद् के पुस्तकालय और प्रलेखन एकक में उपलब्ध हैं।

प्रौद्योगिकीय सहायता

विकास

1998-99 में 500 प्राथमिक विज्ञान किट, 50 एकीकृत विज्ञान किट और 260 छोटे टूल किट तैयार किए गए। प्राथमिक विज्ञान किट की संशोधित और परिष्कृत संदर्शिका को सी.आर.सी. में उपलब्ध डी.टी.पी. पर तैयार किया गया। यह नई संदर्शिका प्राथमिक विज्ञान किट के साथ उपलब्ध है। किट के साथ यह संदर्शिका भी राज्यों को भेजी जाती है।

प्रशिक्षण

आई.टी.आई., मालवीय नगर, शाहदरा, जहांगीरपुरी और निजामुद्दीन (सभी दिल्ली में स्थित हैं) के विद्यार्थियों के दल तकनीकी अध्ययन दौरे पर एन.सी.ई.आर.टी. कार्यशाला में आए। इन संस्थानों के कई विद्यार्थियों ने प्रशिक्षु के रूप में कर्मशाला में कार्य किया। इसके अलावा विभिन्न ट्रेडों के विद्यार्थी स्वैच्छिक प्रशिक्षण के लिए कर्मशाला में आए। आई.टी.आई., खिचड़ीपुर के विद्यार्थियों के लिए प्लास्टिक प्रक्रमण प्रौद्योगिकी पर 15 दिन का एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

1998-99 में प्रकाशित रिपोर्टें और सामग्री

1. आई.टी. लिटरेसी मॉड्यूल्स
   (1) विन्डो 95 (2) वर्ड 97
   (3) एक्सेल 97 (4) एसेस 97
   (5) ई-मेल (फोटो प्रति)
2. दि इंटरनेट : एन एजुकेशनल टूल (फोटो प्रति)
3. कोसवेटा (मॉड्यूल्स) (मैग्नेटिक डिस्क)
   (1) पाईथागोरस थियरम
   (2) हाइड्रोकार्बन
   (3) केमिकल काइनेटिक्स
4. ए सी.ए.आई. पैकेज ऑन न्यूक्लियर केमिस्ट्री (मैग्नेटिक डिस्क)
5. पियाजिसयन टास्क (कंप्यूटर अनुकरण) (मैग्नेटिक डिस्क/फोटो प्रति संदर्शिका)
6. मैनुअल फॉर प्राइमरी साइंस किट (संशोधित) फोटो प्रति

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम (डी.पी.ई.पी.) 1994 में शुरू किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यालय शिक्षा की सुलभता और प्रतिधारण में सुधार अधिगम संप्राप्ति में संवृद्धि और सामाजिक तथा लैंगिक असमानताओं को निम्न स्तर पर लाने के लिए विद्यालय त्याग की दर में कमी लाने में राज्य सरकारों का सहयोग करना है। डी.पी.ई.पी. का उद्देश्य केवल प्राथमिक शिक्षा का सार्वजनीकरण ही नहीं है बल्कि प्राथमिक शिक्षा के गुणात्मक सुधार का सार्वजनीकरण भी है।

(क) जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम (डी.पी.ई.पी) 1994 में शुरू किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यालय शिक्षा की सुलभता और प्रतिधारण में सुधार अधिगम संप्राप्ति में संवृद्धि और सामाजिक तथा लैंगिक असमानताओं को निम्न स्तर पर लाने के लिए विद्यालय त्याग की दर में कमी लाने में राज्य सरकारों का सहयोग करना है। डी.पी.ई.पी. का उद्देश्य केवल प्राथमिक शिक्षा का सार्वजनीकरण ही नहीं है बल्कि प्राथमिक शिक्षा के गुणात्मक सुधार का सार्वजनीकरण भी है।

देश भर में डी.पी.ई.पी. कार्यक्रमों और कार्यकलापों में योगदान देने के लिए एन.सी.ई.आर.टी. में निम्नलिखित संसाधन समूहों की स्थापना की गई है :

1. राष्ट्रीय पाठ्यचर्या संसाधन समूह (एन.सी.आर.जी.)
2. राष्ट्रीय अनुसंधान संसाधन समूह (एन.आर.आर.जी.)
3. राष्ट्रीय प्रशिक्षण संसाधन समूह (एन.टी.आर.जी.)

अक्तूबर 1996 में शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, राज्य परियोजना कार्यालयों और निदेशक, एडसिल आदि के बीच संपर्क स्थापित करने के लिए एन.सी.ई.आर.टी. में डी.पी.ई.पी. केंद्रिक संसाधन समूह (डी.पी.ई.पी.सी.आर.जी.) गठित किया गया।

आधार रेखा और मध्यावधि मूल्यांकन सर्वेक्षण

डी.पी.ई.पी. केंद्रित संसाधन दल के महत्वपूर्ण दायित्वों में से एक था—आधार रेखा निर्धारण सर्वेक्षण (बी.ए.एस.) और माध्यावधि निर्धारण सर्वेक्षण (एम.ए.एस.) का संचालन। समूह ने बी.ए.एस. और एम.ए.एस. के संचालन के लिए अनुसंधान की डिजाइन के विकास और अनुसंधान उपकरणों में संशोधन के कार्य शुरू किए। प्रशिक्षण और विस्तार के स्तर पर बी.ए.एस. के संचालन के लिए राजस्थान में राज्य स्तर के मुख्य प्रशिक्षकों के लिए 10 दिन का एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। राज्यों के मूल्यांकन अध्ययनों की रिपोर्टों में एकरूपता और संगति स्थापित करने के उद्देश्य से डी.पी.ई.पी.सी.आर., एन.सी.ई.आर.टी. में चरण 1 के 7 डी.पी.ई.पी. राज्यों के मुख्य अन्वेषकों के लिए राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया। एम.ए.एस. की अंतिम रिपोर्ट का विश्लेषण किया गया और "मिड-टर्म एसेसमेंट सर्वे—एन एप्रेजल ऑफ स्टूडेंट्स एचीवमेंट, शीर्षक से एक दस्तावेज प्रकाशित किया गया। इस दस्तावेज में मध्यावधि सुधार के संकेतक दिए गए हैं जो डी.पी.ई.पी. के अंतर्गत भावी योजना निर्माण के कार्यबिंदु स्थापित करते हैं।

अनुसंधान

प्राथमिक स्तर पर अधिगम संयोजन, सामुदायिक भागीदारी और विद्यालय प्रभाविता पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी

चौथी अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी 15-17 जुलाई, 1998 के दौरान आयोजित की गई। इस संगोष्ठी की पूर्व तैयारी के रूप में अप्रैल-मई 1998 के दौरान क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों—अजमेर, भोपाल, भुवनेश्वर और मैसूर में 4 क्षेत्रीय संगोष्ठियाँ आयोजित की गईं। इन क्षेत्रीय संगोष्ठियों के लिए प्राप्त 253 प्रविष्टियों में से भारतीय लेखकों के 70 आलेखों को प्रस्तुति के लिए चुना गया। अंत में निर्णायक दल द्वारा पाँच निर्धारित बिंदुओं के आधार पर प्रस्तुति मूल्यांकन के पश्चात् अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रस्तुतिकरण के लिए 23 आलेख चुने गए। इनके अलावा सत्रों के बाद की प्रस्तुति के लिए तीन आलेखों का चयन किया गया। इस संगोष्ठी हेतु भारतीय लेखकों के अलावा 17 विदेशी भागीदारों के आलेख भी प्राप्त हुए थे। एक विशेषज्ञ दल ने इन आलेखों की समीक्षा की और संगोष्ठी में प्रस्तुति के लिए केवल सात आलेखों का चयन किया। ये सात लेखक यू.के., नीदरलैंड, लेसेथो और बंगलादेश से थे। इस संगोष्ठी में 31 आलेख प्रस्तुत किए गए। 2 लेखक संगोष्ठी में नहीं शामिल हो सके। संगोष्ठियों के निष्कर्षों का आधारभूत स्तर तक प्रचार-प्रसार करने के लिए *सजेस्टेड एक्शन प्वाइंट्स बेस्ड ऑन स्टडीज प्रजेंटेड ड्यूरिंग इंटरनेशनल सेमिनार आर्गेनाइज्ड बाई एन.सी.ई.आर.टी. इन 1995-1996 एण्ड 1997* शीर्षक से रिपोर्टें निकाली गईं। अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रस्तुत आलेखों और संगोष्ठी की कार्यवाही को इसकी रिपोर्ट में शामिल किया गया।

प्राथमिक शिक्षा पर अनुसंधान अध्ययन

एन.सी.ई.आर.टी. क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों सहित अपने संघटक संस्थानों/विभागों में डी.पी.ई.पी. के अंतर्गत प्राथमिक शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान अध्ययन करती रही है। 1998-99 में इसके क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों ने निम्नांकित परियोजना अनुसंधान पूरे किए :

1. डी.पी.ई.पी. विद्यालयों में पाठ्यचर्या कार्य संपादन की प्रासंगिकता (आर.आई.ई., अजमेर)
2. प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षण प्रक्रिया के प्रभावी कार्यान्वयन की बाधाएँ (आर.आई.ई., अजमेर)
3. कक्षा 2 के आदिवासी बच्चों द्वारा जोड़ की कार्यविधियों का प्रयोग (आर.आई.ई., भोपाल)
4. उड़ीसा के प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों की क्षमता पर डी.पी.ई.पी. के प्रवास के संदर्भ में शैक्षिक नवाचार पर प्रशिक्षण का प्रभाव (क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भुवनेश्वर)
5. आंध्र प्रदेश के डी.पी.ई.पी. जिलों में अध्यापकों के कक्षा अध्यापन और विद्यार्थियों की अधिगम संप्राप्ति पर राज्य

संसाधन समूह प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रभाव (क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भुवनेश्वर)

क्रियात्मक अनुसंधान के लिए क्षमता निर्माण

विद्यालय अध्यापकों, मुख्य अध्यापकों, बी.आर.सी/सी.आर.सी संयोजकों, डाइट संकाय और जिला स्तर के अन्य डी.पी.ई.पी. कार्मिकों में क्रियात्मक अनुसंधान करने की अपेक्षित क्षमता का विकास करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय अनुसंधान संसाधन समूह ने डी.पी.ई.पी. राज्यों के लिए प्रशिक्षण कार्यशालाएँ आयोजित कीं। यद्यपि प्रशिक्षण में मुख्य बल क्रियात्मक अनुसंधान विधि पर था फिर भी इसके पाठ्यक्रम में व्यावहारिक अनुसंधान की दूसरी तकनीकों को भी शामिल किया गया। प्रशिक्षण कार्यशालाओं के दौरान भागीदारों ने समूह के रूप में कार्य किया और क्रियात्मक अनुसंधान के प्रस्ताव विकसित किए। कार्यशालाओं की रिपोर्टों का भागीदारों, अन्य डी.पी.ई.पी. राज्यों के प्राधिकारियों, डी.पी.ई.पी. ब्यूरो, एम.एच.आर.डी. और एडसिल लिमिटेड के बीच व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया गया। 1998-99 में क्रियात्मक अनुसंधान विधि पर हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और गुजरात में प्रशिक्षण कार्यशालाएँ आयोजित की गई।

पाठ्यचर्या संबंधी गतिविधियाँ

बहुकक्षीय अध्यापन-अधिगम के लिए संसाधन समर्थन

ग्रामीण क्षेत्रों में दो या तीन अध्यापकों वाले छोटे प्राथमिक विद्यालयों के कार्य निष्पादन में सुधार के लिए कार्ययोजना और कार्यनीति विकसित करने के उद्देश्य से क्रियात्मक अनुसंधान अध्ययन परियोजना शुरू की गई। यह परियोजना उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र में प्रत्येक के एक प्रखंड के 4 संघटनों में शुरू की गई। क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान अजमेर, भोपाल, मैसूर और मुख्यालय में डी.पी.एस.ई.ई. ने परियोजना कार्य का संयोजन किया। इस परियोजना अध्ययन के अंतर्गत निम्नांकित कार्य पूरे किए गए :

- चयनित संघटनों और नियंत्रण प्रयोजनों के लिए उपयोग किए जाने वाले तुलनीय विद्यालयों में बेंच मार्क परीक्षण किया गया।
- सभी 4 राज्यों में बहु कक्षा स्तर पर अध्यापन अधिगम कार्य निष्पादन के लिए अध्यापक समर्थन सामग्री का विकास।
- महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश में सी.आर.सी. कार्मिकों का प्रशिक्षण।

भाषा और गणित में निदानात्मक परीक्षण के बिंदु

प्राथमिक कक्षाओं के गणित और भाषा में विद्यार्थियों के विकास की स्थिति का पता लगाने और उनकी अधिगम संबंधी कठिनाइयों तथा दक्षता और कमजोरियों के क्षेत्रों की पहचान करने के उद्देश्य से निदानात्मक परीक्षण के बिन्दु विकसित किए गए। अध्यापक, अध्यापक प्रशिक्षक शैक्षिक योजनाकार और विद्यार्थियों की अधिगम संप्राप्ति में सुधार के लिए प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत एजेंसियाँ इन परीक्षण बिंदुओं का उपयोग कर सकती हैं।

डी.पी.ई.पी. के अंतर्गत तैयार पाठ्यपुस्तकों का मूल्यांकन

डी.पी.ई.पी. के अंतर्गत केरल और मध्य प्रदेश में विकसित की गई प्राथमिक स्तर की पाठ्यपुस्तकों का मूल्यांकन किया गया ताकि इन राज्यों द्वारा अपनाई गई प्रक्रियाओं में उनके कार्य निष्पादनों तथा कक्षा कक्षों के स्तरों पर गुणवत्ता में वास्तविक संवृद्धि में उनकी प्रभावकारी क्षमता का मूल्यांकन करके रिपोर्ट तैयार की जा सके। यह अध्ययन पूरा हो गया है। इसकी रिपोर्ट डी.पी.ई.पी. ब्यूरो, एम.एच.आर.डी. को प्रस्तुत कर दी गई है।

कक्षाओं की प्रक्रियाएँ और विद्यालय के प्रतिफल

इस अध्ययन में पूरे शैक्षिक सत्र में कालिक प्रतिदर्श के आधार पर चुने गए विभिन्न प्रकार के विद्यालयों का सूक्ष्म प्रेक्षण शामिल है। इसमें अध्ययन के लिए चुने गए विद्यालयों में प्रत्येक का शैक्षिक कार्यक्रम के तीन विभिन्न बिंदुओं पर एक सप्ताह तक प्रेक्षण करने का प्रस्ताव था। इस अध्ययन में आंध्र प्रदेश, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश शामिल हैं। इस अध्ययन में जो विधि अपनाई गई है वह मानव विज्ञान/मानवजातीय प्रकृति की है जिसे आमतौर पर सूक्ष्म गुणात्मक केस अध्ययन में प्रयोग किया जाता है। इस अध्ययन के लिए समीक्षाधीन वर्ष में जो कार्य किए गए वे इस प्रकार हैं: कक्षा कक्षों का प्रेक्षण, अध्यापकों के सघन साक्षात्कार, प्रत्येक विद्यालय में कक्षा कक्ष की एक दिन की पूरी प्रक्रिया की वीडियो रिकार्डिंग और अधिगम संप्राप्ति परीक्षण का संचालन। "दि प्राइमरी इयर्स–टुवर्ड्स ए करीकुलम फ्रेमवर्क" नामक दस्तावेज के दोनों भागों के प्रारूप पर विचारों के आदान-प्रदान के लिए प्रत्येक क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (अजमेर, भोपाल, मैसूर, भुवनेश्वर) में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया ताकि प्रत्येक संस्थान के संकाय की चर्चाओं के प्रकाश में इनमें अपेक्षित संशोधन किया जा सके।

प्रशिक्षण

सेवारत नवाचारी प्रशिक्षण कार्य व्यवहार का केस अध्ययन

होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र, टी.आई.एफ.आर, मुंबई द्वारा

आयोजित सेवारत नवाचारी प्रशिक्षण कार्यक्रम की प्रभाविता का मूल्यांकन करने के लिए एन.सी.ई.आर.टी. ने एक अध्ययन किया। इस नवाचारी प्रशिक्षण कार्य में अभिविन्यास कार्यक्रम के साथ-साथ क्षेत्रीय कार्यों के रूप में विद्यालयों के दौरे, संगोष्ठियाँ और बुलेटिनों की तैयारी आदि भी सम्मिलित है। यह महाराष्ट्र के आश्रम विद्यालयों में माध्यमिक स्तर पर अध्यापकों की अध्यापन प्रक्रिया के व्यावसायिक विकास और संवृद्धि के उद्देश्य से आवश्यकता आधारित दो वर्षीय सघन और व्यापक सेवारत प्रशिक्षण है। इस प्रशिक्षण योजना का मूल्यांकन करने के लिए कार्य किए गए, वास्तविक प्रशिक्षण कार्य व्यवहार का प्रेक्षण किया गया, आँकड़ों का संकलन किया गया तथा प्रशिक्षण के बारे में अध्यापकों की राय जानने के लिए उनके साक्षात्कार लिए गए। मूल्यांकन से पता चला कि अनेक विशेषताओं से युक्त यह प्रशिक्षण कार्यक्रम बहुत ही लागत प्रभाव और विशेषकर आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए, अधिक प्रभावकारी सेवारत प्रशिक्षण था।

प्राथमिक अध्यापकों के प्रशिक्षण की आवश्यकताओं का निर्धारण

प्राथमिक अध्यापकों के प्रशिक्षण की आवश्यकताओं को निर्धारित करने के लिए एन.सी.ई.आर.टी. ने अनेक तकनीक और उपकरण विकसित किए। इन उपकरणों में सम्मिलित हैं : (1) गणित, भाषा (हिंदी) और पर्यावरण अध्ययन भाग-1 और 2 में निदानात्मक परीक्षण, (2) प्रशिक्षण आवश्यकता निर्धारक प्रश्नावली (3) अध्यापक के कार्य व्यवहार के लिए कक्षा कक्षों के प्रेक्षण की कार्यसूची (4) प्राथमिक अध्यापकों के समूह साक्षात्कार के आयोजन के लिए मार्गदर्शन/परीक्षणों और उपकरणों के विकास और उपयोग के लिए एक स्वअधिगम मॉड्यूल विकसित किया गया और डी.पी.ई.पी. प्रशिक्षण संयोजकों से इस पर चर्चा की गई। प्राथमिक अध्यापकों के प्रशिक्षण की विषय-वस्तु और शिक्षाशास्त्रीय आवश्यकताओं में सम्मिलित हैं—बालकेंद्रित अधिगम विधियों का प्रयोग, स्थानीय उपलब्ध सामग्री से कम लागत की शिक्षण सामग्री का विकास और उपयोग, एम.एल.एल. सतत् और व्यापक मूल्यांकन तथा विषय विशेष अध्यापन विधि।

अकादमिक समर्थन के लिए प्रखंड और संघटन संसाधन केंद्रों का अंगीकरण

डी.पी.ई.पी. कार्यक्रम को अधिक प्रभावकारी बनाने के लिए प्रखंड स्तर और संघटन स्तर पर उप जिला ढाँचा बनाए गए। "अकादमिक समर्थन प्रदान करने के लिए सी.आर.सी. और बी.आर.सी. का अंगीकरण" पर एक अध्ययन संचालित किया गया ताकि उनके कार्यकलापों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए अपेक्षित कार्यनीतियों का विकास किया जा सके। कक्षा कक्षों में विद्यार्थियों और अध्यापकों के सामने आने वाली कठिनाइयों के बारे में जानकारी प्राप्त की गई तथा विद्यालय दौरे, मासिक बैठकें और सेवारत प्रशिक्षण कार्यक्रमों के रूप में बी.आर.सी. और सी.आर.सी. के जरिए शैक्षिक समर्थनकारी आगतें प्रदान की गई। शैक्षिक परिवर्तनकारी सहायता प्रदान करने के लिए हिसार जिले के हांसी को बी.आर.सी. के लिए चुना गया। मार्गदर्शी बिंदु विकसित किए गए और बी.आर.सी. और सी.आर.सी. के प्रभावकारी कार्यकलाप के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इन परिवर्तनगामी कार्यों के प्रभाव के मूल्यांकन के लिए विषय केंद्रित समूह चर्चा का प्रयोग किया गया। अध्यापकों और अन्य दूसरों की राय से सेवारत कार्यक्रम की विषय-वस्तु और प्रक्रिया में भारी परिवर्तन किया गया है। सी.आर.सी. स्तर की मासिक बैठकों के आयोजनों में मार्गदर्शी बिंदुओं को लागू किया गया है। प्राथमिक विद्यालयों की अधिगम संप्राप्ति को बढ़ाने में मासिक परीक्षाएँ एक महत्वपूर्ण उपकरण सिद्ध हुई हैं।

प्राथमिक अध्यापकों के सेवाकालीन प्रशिक्षण की गुणवत्ता

प्राथमिक अध्यापकों की सक्षमता निर्माण के लिए डी.पी.ई.पी. के अंतर्गत सेवाकालीन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रमों में उपलब्ध करवाई गई विभिन्न आगतों की पर्याप्तता के मूल्यांकन को ध्यान में रखते हुए, प्रशिक्षण की गुणवत्ता को प्रभावित करने वाली समस्याओं को पहचानने, प्रतिभागियों की बोधात्मकता को जानने तथा हिसार जिले के बी.आर.सी. 1 तथा 2 से नमूने के तौर पर चुने गए 127 प्रतिभागी अध्यापकों द्वारा प्राप्त किए गए ज्ञान के संबंध में प्रशिक्षण की गुणवत्ता को निर्धारित करने के लिए एक अध्ययन आयोजित किया गया। जानकारी के लिए आँकड़ों को एकत्र करने हेतु प्रतिभागी बोधगम्यता पैमाना, प्रशिक्षण शिविर के लिए प्रेक्षण अनुसूची सामूहिक चर्चा का केंद्र बिन्दु, संसाधन व्यक्तियों के लिए साक्षात्कार अनुसूची तथा अध्यापकों के लिए संप्राप्ति परीक्षण का प्रयोग किया गया।

इस अध्ययन से यह स्पष्ट हुआ कि प्रशिक्षण शिविरों में भौतिक सुविधाएँ अपर्याप्त थीं। कार्यक्रम के दौरान उपलब्ध तकनीकी सहायकों जैसे प्रोजेक्टर, टी.वी. तथा वीडियो का प्रयोग शायद ही किया गया हो। प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले दिन प्रशिक्षण सामग्री की आपूर्ति की गई। अधिकतर अध्यापकों के विचार से पाठ्यक्रम की सामग्री एक हद तक व्यापक थी तथा गणित में अधिक संवर्धन सामग्री (क्षेत्र कोष्टक, ऐकिक विधि, समय तथा कार्य, समय तथा दूरी आदि) की आवश्यकता है। सामान्य जानकारी के क्षेत्र में अध्यापकों को कार्यक्रम से लाभ हुआ। प्रशिक्षण द्वारा चर्चा के अधिकाधिक अवसर, अध्यापन सहायकों का प्रयोग तथा आनंदकारी अधिगम भी उपलब्ध करवाया गया। आर.आई.ई. भोपाल ने प्राथमिक अध्यापकों के सेवाकालीन प्रशिक्षण की मानीटरिंग तथा मूल्यांकन पर राज्यों के

कार्मिकों के लिए पाँच दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया।

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों की शिक्षा

अक्तूबर 1998 के दौरान आयोजित समीक्षा बैठक में अनुसूचित जाति के बच्चों तथा जनजातीय बच्चों की शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। उड़ीसा राज्य को गैर जनजातीय अध्यापकों के बदलते व्यवहार, जनजातीय भाषा प्रशिक्षण तथा साओरा भाषा की पाठ्यपुस्तक–इराई फॉर क्लास-1 तैयार करने के लिए संसाधन सहायता उपलब्ध करवाई गई।

आन्ध्र प्रदेश को आगामी छह महीनों की संयुक्त कार्रवाई योजना को अंतिम रूप देने, गुजरात को एक वर्ष के लिए प्रत्येक जिले हेतु कार्रवाई योजना की रूपरेखा बनाने तथा राज्य दल के लिए अनुकूल योजनाएं बनाने और महाराष्ट्र को जिला स्तर की योजनाओं में संशोधन करने के लिए भी संसाधन सहायता उपलब्ध करवाई गई।

उत्तर प्रदेश तथा बिहार के डी.पी.ई.पी. जिलों में "अल्पसंख्यकों द्वारा चलाए जा रहे संस्थानों की आवश्यकताओं की पहचान और अध्ययन" नामक परियोजना आरंभ की गई तथा इन संस्थानों की आवश्यकताओं के निर्धारण के लिए साधनों का एक सैट तैयार किया गया। "जनजातीय बच्चों द्वारा गणित शिक्षण–एक विषयी अध्ययन" पर एक अनुसंधान अध्ययन भी प्रगति पर है।

1998-99 के दौरान प्रकाशित रिपोर्टें तथा अन्य सामग्री

1. टीचर एम्पावरमेंट एण्ड स्कूल इफेक्टिवनेस एट प्राइमरी स्टेज (अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी 1997 पर पूर्ण आलेखों का समेकित रूप) (मुद्रित)
2. रिवाइज्ड शैडयूल फॉर दि कंडक्ट ऑफ एसेसमेंट सर्वे इन डी.पी.ई.पी. स्टेट्स (अनुलिपि)
3. मिड-टर्म एसेसमेंट सर्वे–एन एप्रेसल ऑफ स्टूडेंट्स एचीवमेंट (मुद्रित)
4. फ्रेमवर्क ऑफ एनालिसिस ऑफ दि डाटा ऑफ एसेसमेंट सर्वे (अनुलिपि)
5. कोडिंग स्कीम फॉर डाटा एन्ट्री फॉर डी.पी.ई.पी. एसेसमेंट सर्वे (अनुलिपि)
6. हैण्डबुक ऑफ टीचिंग-लर्निंग मैटीरियल–एडोप्शन ऑफ ब्लॉक एण्ड क्लस्टर रिसोर्स सैन्टर फॉर एकेडमिक सपोर्ट (टंकित)
7. एडॉप्शन ऑफ ब्लॉक एण्ड क्लस्टर रिसोर्स सेन्टर्स फॉर एकेडमिक सपोर्ट (टंकित)
8. हैण्डबुक ऑन टीचर सपोर्ट मैन्युअल फॉर इन्नोवेशन इन मल्टीग्रेड स्कूल्स ऑफ विजय नगर, आं.प्र. (टंकित)
9. क्वालिटी इम्प्रूवमेंट प्रोग्राम फॉर आश्रम स्कूल्ज : केस स्टडी (होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केन्द्र, मुंबई द्वारा आयोजित) (टंकित)
10. एसेसिंग प्राइमरी टीचर्स ट्रेनिंग, नीड्स-सेल्फ लर्निंग पैकेज फॉर ट्रेनर्स (टंकित)
11. आइडेंटिफिकेशन ऑफ ट्रेनिंग नीड्स ऑफ प्राइमरी टीचर्स–रिपोर्ट ऑफ दि स्टडी (टंकित)
12. एडॉप्शन ऑफ ब्लाक एण्ड क्लस्टर रिसोर्स सेन्टर्स फॉर एकेडमिक सपोर्ट–रिपोर्ट ऑफ दि स्टडी कंडक्टिड इन हरियाणा (टंकित)
13. एडॉप्शन ऑफ ब्लाक एण्ड क्लस्टर रिसोर्स सेन्टर्स फॉर एकेडमिक सपोर्ट–रिपोर्ट ऑफ दि स्टडी कंडक्टिड इन हिमाचल प्रदेश (टंकित)
14. एडॉप्शन ऑफ ब्लाक एण्ड क्लस्टर रिसोर्स सेन्टर्स फॉर एकेडमिक सपोर्ट–रिपोर्ट ऑफ दि स्टडी कंडक्टिड इन मध्य प्रदेश (टंकित)
15. एडाप्शन ऑफ ब्लॉक एण्ड क्लस्टर रिसोर्स सेन्टर्स फॉर एकेडमिक सपोर्ट–रिपोर्ट ऑफ दि स्टडी कंडक्टिड इन उड़ीसा (टंकित)
16. एडॉप्शन ऑफ ब्लॉक एण्ड क्लस्टर रिसोर्स सेन्टर्स फॉर एकेडमिक सपोर्ट–रिपोर्ट ऑफ दि स्टडी कंडक्टिड इन तमिलनाडु (टंकित)
17. क्वालिटी ऑफ प्राइमरी टीचर्स इन इनसर्विस ट्रेनिंग–ए केस स्टडी ऑफ टू ब्लॉक्स इन हिसार डिस्ट्रिक्ट ऑफ हरियाणा (टंकित)

(ख) राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना (एन.पी.ई.पी.)

एन.पी.ई.पी. की परियोजना का चौथा चरण इसके नए नाम "पॉपुलेशन एण्ड डवलपमेंट एजूकेशन इन स्कूल्स" (विद्यालयों में जनसंख्या तथा विकास शिक्षा) के अंतर्गत आरंभ किया गया। राष्ट्रीय परियोजना प्रलेख तथा गोवा सहित 30 राज्यों/संघीय क्षेत्रों के लिए परियोजना प्रलेखों को इस चरण में अंतिम रूप दिया गया। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी.बी.एस.ई.), राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (एन.सी.टी.ई.), राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय (एन.ओ.एस.), केन्द्रीय विद्यालय संगठन (के.वी.एस.), नवोदय विद्यालय समिति (एन.वी.एस.), तथा छह राज्य विद्यालय, शिक्षा बोर्डों ने भी पहली बार अपनी परियोजनाओं के प्रलेख तैयार किए। 1998-99 के दौरान आयोजित कार्यकलापों की मुख्य विशेषताएँ नीचे दी गई हैं :

विकास

किशोरावस्था शिक्षा पर आधारभूत सामग्री के एक पैकेज को अंतिम

रूप दिया गया तथा यह मुद्रणाधीन है। इसमें (1) किशोरावस्था शिक्षा पर सामान्य रूपरेखा (2) किशोरावस्था शिक्षाः ज्ञान का आधार (3) किशोरावस्थाः प्रश्न तथा उत्तर (4) विद्यार्थी कार्यकलाप तथा किशोरावस्था शिक्षा-वयस्कों की भूमिका शामिल है।

इस परियोजना को कार्यान्वित करने वाले विभिन्न राज्यों तथा संघीय क्षेत्रों को यह पैकेज अनुकूलन/अभिग्रहण तथा अपने-अपने राज्यों की भाषाओं में अनुवाद करने के लिए परिचालित भी किया गया।

राज्य परियोजना कार्मिकों तथा राज्य संसाधन व्यक्तियों के लिए जनसंख्या शिक्षा पर एक प्रशिक्षण पैकेज को अंतिम रूप दिया गया तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम में उसका उपयोग किया गया। श्रम मंत्रालय, भारत सरकार के अनुरोध पर व्यावसायिक प्रशिक्षण के संस्थानों के लिए जनंसख्या शिक्षा पर अनुदेशक पुस्तिका, जनसंख्या शिक्षा पर पाठ्यविवरण, पोस्टरों तथा ट्रांसपेरेंसी का एक सैट तैयार किया गया। इस सामग्री का प्रयोग आई.टी.आई. संस्थानों में जनसंख्या शिक्षा के अध्यापन के लिए किया जाएगा। पॉपुलेशन एजूकेशन बुलेटिन के दो अंक प्रकाशित किए गए और उनका प्रचार-प्रसार किया गया।

प्रशिक्षण

राज्य परियोजना कार्मिकों के लिए विद्यालयों में जनसंख्या और विकास शिक्षा में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 14 राज्यों के एस.सी.ई.आर.टी. तथा राज्य बोर्डों से आए 29 परियोजना कार्मिकों ने भाग लिया। दिसम्बर 1998 के अंतिम भाग में राजस्थान में अंतर्राज्यीय दौरे का एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

विस्तार

मई तथा अगस्त 1998 की अवधि के बीच "जनरेशंस लिविंग टुगेदर" नामक विषय पर अंतर्राष्ट्रीय पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार विजेताओं का चयन अगस्त 1998 में जजों के एक पैनल द्वारा किया गया। सभी पाँच वर्गों से चुनी गई प्रत्येक प्रविष्टि को न्यूयार्क भेजा गया। यह प्रतियोगिता प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है।

अनुसंधान

जनसंख्या और विकास से संबंधित विषयों पर विद्यार्थियों की बोधगम्यता का पोस्टरों के माध्यम से मूल्यांकन अध्ययन किया गया। 1992 से 97 तक आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पोस्टर प्रतियोगिताओं के अंतर्गत प्राप्त सभी पोस्टरों में से नमूने के तौर पर 1000 पोस्टरों का विश्लेषण किया गया। इसकी रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया गया है।

कार्यान्वयन की मॉनीटरिंग (अनुवीक्षण)

एन.सी.ई.आर.टी. के एन.पी.ई.पी. दल के सदस्यों ने इस कार्यक्रम के कार्यान्वयन के अनुवीक्षण के लिए राज्यों/संघीय क्षेत्रों का दौरा किया।

1999 के लिए कार्य योजनाएँ तथा बजट आंकलन तैयार करने के लिए परियोजना प्रगति समीक्षा बैठकें आयोजित की गईं। यू.एन.एफ.पी.ए., यू.जी.सी. प्रौढ़ शिक्षा विभाग तथा विभिन्न अन्य संगठनों को सहयोग प्रदान किया गया। डी.एल.डी.आई.में स्थापित जनसंख्या शिक्षा प्रलेखन केन्द्र नियमित रूप से सामग्री एकत्रित और प्रचारित करता रहा।

जनसंख्या शिक्षा को क्षेत्रीय स्तर पर योगदान (आगतें)

आर.आई.ई. अजमेर ने जनसंख्या शिक्षा सप्ताह मनाया जिसके अंतर्गत जनसंख्या शिक्षा से संबंधित विषयों पर निबंध लेखन, वाद-विवाद तथा पेंटिंग और चित्रकला प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। 17 जुलाई, 1998 को आर.आई.ई./डी.एम.एस. के संकाय सदस्यों के लिए एक दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया ताकि उन्हें विद्यमान पाठ्यक्रम में जनसंख्या शिक्षा को शामिल करने में सुविधा हो सके। राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में "सामाजिक-आर्थिक संबंधों तथा सांस्कृतिक परिवर्तनों और जननक्षमता व्यवहारों" पर एक अध्ययन किया गया और उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। आर.आई.ई. भोपाल ने किशोरावस्था शिक्षा (ए.ई.) सामग्री की प्रभावोत्पादकता पर एक अध्ययन सफलतापूर्वक पूर्ण किया। इस सामग्री का क्षेत्रीय परीक्षण किया गया। इसे अंतिम रूप दिया गया, मुद्रित किया गया और व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया गया। इस संस्थान ने व्याख्यान माला, अंतर विद्यालयी पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिताएँ इत्यादि का आयोजन करके विश्व जनसंख्या दिवस भी मनाया।

आर.आई.ई. भुवनेश्वर ने भी अगस्त 1998 के दौरान जनंसख्या शिक्षा सप्ताह मनाया तथा निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद, चित्रकला तथा पेंटिंग व प्रदर्शनी प्रतियोगिताएँ आयोजित करने जैसे विविध कार्यकलाप किए। भुवनेश्वर के विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

आर.आई.ई. मैसूर द्वारा आयोजित एन.पी.ई.पी. कार्यकलापों में शामिल थीं: किशोरावस्था शिक्षा में आवश्यकता निर्धारण अध्ययन के लिए 9 संसाधन व्यक्ति/जनंसख्या शिक्षा की पुनर्संकल्पना पर आयोजित संगोष्ठी में एस.सी.ई.आर.टी. के 35 संकाय सदस्यों, राज्य बोर्डों, क्षेत्र के दक्षिणी राज्यों के पाठ्यपुस्तक ब्यूरो आदि ने भाग लिया तथा जनसंख्या और विकास शिक्षा पर आयोजित संगोष्ठी में आई.ए.एस.ई., सी.टी.ई. तथा डी.आई.ई. टी. के 12 संकाय सदस्यों ने भाग लिया।

1998-99 के दौरान प्रकाशित रिपोर्टें तथा अन्य सामग्री

1. न्यूजलेटर–पॉपुलेशन एजुकेशन बुलेटिन जुलाई 1998-जनवरी 1999
2. पॉपुलेशन एजुकेशन-क्वश्चन बैंक (प्राथमिक स्तर) (अनुलिपि)
3. पॉपुलेशन एजुकेशन-क्वश्चन बैंक (माध्यमिक स्तर) (अनुलिपि)
4. गाइडलाइन्स फॉर कोकरिकुलर एक्टीविटीज, इन पॉपुलेशन एजुकेशन (अनुलिपि)
5. किशोरावस्था (मुद्रित)
6. जनसंख्या शिक्षा अधिगम सामग्री (मुद्रित)
7. रीजनल सेमिनार ऑन पॉपुलेशन एण्ड डवलपमेंट एजुकेशन (टंकित)
8. इन्स्ट्रक्टर हैण्डबुक ऑन पॉपुलेशन एजुकेशन फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग (अनुलिपि)

प्रतिभा की पहचान और प्रोत्साहन

एन.सी.ई.आर.टी. अपनी राष्ट्रीय प्रतिभा खोज (एन.टी.एस.) योजना के अंतर्गत, अ.जा./अ.जनजाति के लिए 70 छात्रवृत्तियों सहित छात्रों को प्रतिवर्ष 750 छात्रवृत्तियां प्रदान करती है। इस योजना का उद्देश्य कक्षा 10 के अन्त में मेधावी छात्रों की पहचान करना और उन्हें उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है ताकि वे अपनी प्रतिभाओं का विकास कर सकें और अपनी रुचि के विषय में उन्नति करते हुए देश के विकास में सहायक हो सकें।

राष्ट्रीय प्रतिभा खोज योजना

एन.सी.ई.आर.टी. अपनी राष्ट्रीय प्रतिभा खोज (एन.टी.एस.) योजना के अंतर्गत, अ.जा./अ.ज. जाति के लिए 70 छात्रवृत्तियों सहित छात्रों को प्रतिवर्ष 750 छात्रवृत्तियाँ प्रदान करती है। इस योजना का उद्देश्य कक्षा 10 के अन्त में मेधावी छात्रों की पहचान करना और उन्हें उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है ताकि वे अपनी प्रतिभाओं का विकास कर सकें और अपनी रुचि के विषय में उन्नति करते हुए देश के विकास में सहायक हो सकें।

एन.टी.एस. के अंतर्गत पुरस्कार का चयन दो चरणों में किया जाता है। प्रथम चरण में राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों के द्वारा प्रायः अक्तूबर और दिसम्बर के बीच लिखित परीक्षा के माध्यम से चयन किया जाता है। इस परीक्षा के आधार पर निर्धारित संख्या में चुने छात्रों को एन.सी.ई.आर.टी. के अंतर्गत दूसरे स्तर की परीक्षा के लिए संस्तुत किया जाता है। द्वितीय स्तर की चयन परीक्षा में लिखित परीक्षा और साक्षात्कार दोनों ही सम्मिलित हैं। एन.सी.ई.आर.टी. इन छात्रों को न केवल छात्रवृत्तियाँ प्रदान करती है, बल्कि देश के प्रमुख संस्थानों की सहायता और सहयोग से छात्रों की प्रतिभा को विकसित करने के लिए उपयुक्त ग्रीष्मावकाश संस्थानों की व्यवस्था भी करती है।

वर्ष 1998-99 के दौरान दी गई एन.टी.एस. छात्रवृत्तियों की संख्या

क्रमांक	*राज्य/संघीय क्षेत्र*	*आबंटित कोटा*	*दूसरे स्तर की परीक्षा में बैठे छात्रों की संख्या*	*पुरस्कृत छात्रवृत्तियों की संख्या (सामान्य वर्ग)*	*अ.जा./अ.ज.जा. वर्गों को दी गई छात्रवृत्तियाँ*
1.	आन्ध्र प्रदेश	185	172	23	03
2.	अरुणाचल प्रदेश	25	24	-	03
3.	असम	90	89	06	01
4.	बिहार	175	172	65	08
5.	दिल्ली	50	48	27	03
6.	गोवा	25	24	04	-
7.	गुजरात	170	126	04	01
8.	हरियाणा	55	54	26	02
9.	हिमाचल प्रदेश	35	35	04	02
10.	जम्मू और कश्मीर	25	25	-	-
11.	कर्नाटक	170	164	50	04
12.	केरल	185	183	39	05
13.	मध्य प्रदेश	205	193	32	02
14.	महाराष्ट्र	380	378	138	12
15.	मणिपुर	25	23	01	02
16.	मेघालय	25	24	-	01
17.	मिजोरम	25	21	-	-
18.	नागालैंड	25	22	-	-
19.	उड़ीसा	155	151	33	01
20.	पंजाब	85	82	24	01
21.	राजस्थान	105	105	38	03
22.	सिक्किम	25	23	-	-
23.	तमिलनाडु	255	236	43	04

वर्ष 1998-99 के दौरान दी गई एन.टी.एस. छात्रवृत्तियों की संख्या

क्रमांक	राज्य/संघीय क्षेत्र	आबंटित कोटा	दूसरे स्तर की परीक्षा में बैठे छात्रों की संख्या	पुरस्कृत छात्रवृत्तियों की संख्या (सामान्य वर्ग)	अ.जा./अ.ज.जा. वर्गों को दी गई छात्रवृत्तियाँ
24.	त्रिपुरा	25	19	-	01
25.	उत्तर प्रदेश	420	399	67	02
26.	पश्चिम बंगाल	250	235	46	07
27.	अंडमान निकोबार द्वीप समूह	10	6	01	-
28.	चण्डीगढ़	10	10	09	-
29.	दादरा और नगर हवेली	10	-	-	-
30.	दमन और दीव	10	-	-	-
31.	लक्षदीप	10	-	-	-
32.	पाण्डिचेरी	10	10	-	-
		3,255	**3,059**	**680**	**70**

वर्ष 1998-99 के दौरान पुरस्कृत कुल विद्यार्थियों की संख्या

वरिष्ठ माध्यमिक स्तर

कक्षा-11	750	1500
कक्षा-12	750	

अवर स्नातक स्तर के अंतर्गत

विज्ञान	141
सामाजिक विज्ञान	75
इंजीनियरिंग/वी. टैक.	1748
मेडीसिन (चिकित्सा)	787

स्नातकोत्तर स्तर के अंतर्गत

विज्ञान	32
सामाजिक विज्ञान	6
इंजीनियरिंग/एम. टैक.	3
मेडीसिन	8
प्रबन्धन	19
पीएच. डी.	5
कुल	**4324**

वर्ष 1998-99 के दौरान व्यय

1. छात्रवृत्तियों का वितरण	85,00,000
2. एन.टी.एस. परीक्षा का आयोजन	7,97,932
कुल	**92,97,932**

92 वर्ष 1998-99 के दौरान प्रकाशित रिपोर्टें तथा अन्य सामग्री

1. ए फॉलोअप स्टडी ऑफ एन.टी.एस.—ईयर 1987-90 (फोटो प्रतिलिपि)
2. इंप्लीमेंटेशन ऑफ नेशनल टेलेंट सर्च स्कीम (फोटो प्रतिलिपि)
3. एन एप्रेसल ऑफ नेशनल टेलेंट सर्च एग्जामिनेशन (फोटो प्रतिलिपि)
4. परफार्मेंस लेवल ऑफ स्टडीज एट स्टेट एण्ड नेशनल लेवल एग्जामिनेशन इन दि एन.टी.एस. (फोटो प्रतिलिपि)

विद्यालय शिक्षा में अनुसंधान और गुणात्मक सुधार के लिए अनुसंधान पर आधारित नीतिगत परिप्रेक्ष्य को बढ़ावा देना एन.सी.ई.आर.टी. का महत्वपूर्ण सरोकार है। अनुसंधान में लगे एन.सी.ई.आर.टी. के संघटकों के अतिरिक्त परिषद् की एक स्थायी समिति के रूप में कार्यरत शैक्षिक अनुसंधान और नवाचार समिति (एरिक) विद्यालय और अध्यापक शिक्षा के क्षेत्रों में शैक्षिक अनुसंधान को प्रोत्साहन देने और उसे सहायता देने के लिए उत्प्रेरक का कार्य भी करती है।

विद्यालय-शिक्षा में अनुसंधान और गुणात्मक सुधार के लिए अनुसंधान पर आधारित नीतिगत परिप्रेक्ष्य को बढ़ावा देना एन. सी.ई.आर.टी. का महत्वपूर्ण सरोकार है। इस क्षेत्र में मुख्य कार्यों में शामिल हैं : (1) सांस्थानिक अनुसंधान क्षमता को सुदृढ़ करना (2) शिक्षा, विशेषकर विद्यालय से संबंधित पहलुओं पर अनुसंधान के निष्कर्षों और उनके पुनर्निर्देशन तथा शिक्षा प्रणाली पर उनके प्रभावों को संबंधित कार्यकर्ताओं के लाभार्थियों तक पहुँचाने के लिए संप्रेक्षण के विभिन्न माध्यमों को उपलब्ध करवाना। एन. सी.ई.आर.टी. जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम (डी.पी.ई.पी.) के अतंर्गत अनुसंधान पर राष्ट्रीय घटक को भी संचालित करती है। अनुसंधान में लगे एन.सी.ई.आर.टी. के संघटकों के अतिरिक्त परिषद् की एक स्थायी समिति के रूप में कार्यरत शैक्षिक अनुसंधान और नवाचार समिति (एरिक) विद्यालय और अध्यापक शिक्षा के क्षेत्रों में शैक्षिक अनुसंधान को प्रोत्साहन देने और उसे सहायता देने के लिए उत्प्रेरक का कार्य भी करती है। एरिक के सदस्यों में विश्वविद्यालयों और अनुसंधान संस्थानों के शिक्षा तथा उसमें संबद्ध विषयों के प्रख्यात अनुसंधानकर्ता तथा एस. आई.ई./एस.सी.ई.आर.टी. के प्रतिनिधि शामिल हैं।

भारतीय शैक्षिक अनुसंधान का सर्वेक्षण और शैक्षिक सारांश

शैक्षिक अनुसंधान का सर्वेक्षण करना एन.सी.ई.आर.टी. के महत्वपूर्ण कार्यों में से एक है। शैक्षिक अनुसंधान के पाँचवें सर्वेक्षण, 1988 से 1992 की अवधि में भारतीय विश्वविद्यालयों के उत्कृष्ट पीएच. डी. और एम. फिल शोध प्रबंधों के सार संक्षेप प्रस्तुत किए गए हैं। इस सर्वेक्षण में 1800 से अधिक सार संक्षेप हैं जिनका 38 क्षेत्रों में वर्गीकरण किया गया है। 1997 में प्रकाशित प्रथम खण्ड में प्रकृतिमूलक रिपोर्ट है। दूसरे खंड में 1998-99 के दौरान जारी अनुसंधानों के सार संक्षेप शामिल हैं जो शीघ्र ही प्रकाशित किए जाएँगे।

1996 से एक अर्धवार्षिक अनुसंधान पत्रिका "इंडियन एजुकेशनल एब्सट्रेक्ट" का प्रकाशन आरंभ किया गया है ताकि अनुसंधान अध्ययन के पूरे होने और उसके विस्तृत प्रचार-प्रसार के मध्य समयांतराल को कम किया जा सके। वर्ष 1998-99 के दौरान इंडियन एजुकेशनल एब्सट्रेक्ट दो अंक (भाग-5 तथा भाग 6) प्रकाशित हो चुके हैं।

एरिक द्वारा सहायताप्राप्त अनुसंधान परियोजनाएँ

वर्ष 1998-99 के दौरान एरिक से सहायता प्राप्त 6 अनुसंधान परियोजनाएँ पूरी हुईं। 4 अनुसंधान बंद कर दिए गए तथा 6 परियोजनाएँ प्रगति पर हैं। परियोजनाओं का विवरण इस प्रकार है :

(क) वर्ष 1998-99 के दौरान पूर्ण की गई अनुसंधान परियोजनाएँ

1. विशेष शिक्षा आवश्यकताओं की घटनाएँ

डा. सिन्थिया पांडियन
मद्रास विश्वविद्यालय

इस अध्ययन के उद्देश्य हैं : (1) चार प्रमुख शीर्षों अर्थात् अधिगम आवश्यकताओं, व्यावहारिक आवश्यकताओं, स्वास्थ्य आवश्यकताओं तथा स्व अनुवीक्षण आवश्यकताओं, के अंतर्गत बच्चों की विशेष शैक्षिक आवश्यकताओं (एस.ई.एन.) का मूल्यांकन करना (2) बच्चों की विशेष शैक्षिक आवश्यकताओं तथा विद्यालय और घर की भूमिका के बीच अंतर्संबंधों का अध्ययन करना। यादृच्छिक नमूना परीक्षण तकनीक के आधार पर मूल्यांकन के लिए कुल 750 बच्चों को चुना गया। अध्ययन से यह परिणाम निकला कि (1) चारों आवश्यकताओं में से अधिगम आवश्यकता शेष तीन व्यवहार, स्वास्थ्य तथा स्व अनुवीक्षण की अपेक्षा सर्वाधिकतम है। (2) विशेष शैक्षिक आवश्यकताओं का उक्त सभी चारों आवश्यकताओं तथा विद्यालय शिक्षा के आठों आयामों अर्थात् अध्यापक का व्यवहार, शैक्षिक सुविधाएँ, विद्यालय की स्थिति, भौतिक वातावरण, संसाधन, स्वास्थ्य सेवाएँ, जल आपूर्ति तथा गंदगी फेंकना और शौचालय सुविधाओं, के बीच महत्वपूर्ण संबंध है। (3) सभी आवश्यकताएँ मुख्य रूप से घरेलू घटक, अर्थात् सामाजिक स्थिति, आर्थिक स्थिति घरेलू दशा, माता की प्रवृत्ति आदि से संबद्ध हैं तथा (4) केवल 7% अभिभावक ऐसे हैं जो अपने बच्चों के विद्यालय में नियमित रूप से जाते हैं और संबंधित अध्यापकों से मिलते हैं। वे अभिभावक या तो संपन्न बच्चों के होते हैं या फिर ऐसे बच्चों के होते हैं जिनकी प्रगति के लिए अत्यधिक विशेष शैक्षिक आवश्यकताओं (एस.ई.एन.) की आवश्यकता होती है। इस अध्ययन से वह अंतराल स्पष्ट हो जाता है जो एक सामान्य विद्यालय में एस.ई.एन. के संबंध में किसी के अवबोधन तथा उन्हें कैसे पूरा किया जाए, के बीच विद्यमान है। इससे सामान्य विद्यालयों में एस. ई.एन. प्रदान करने की नीति की आवश्यकता की ओर ध्यान जाता है। इसमें इस बात पर बल दिया गया है कि बच्चों को विशेष शैक्षिक आवश्यकताओं की पूर्ति करने तथा इसके लिए घर तथा विद्यालय, दोनों के एक से योगदान के लिए अध्यापकों, अभिभावकों, विद्यालय व्यवस्था तथा गैर सरकारी संगठनों को शामिल किए जाने पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

2. कंप्यूटर का प्रयोग करते हुए वर्गीकरण तार्किकता के विकास का अध्ययन

डा. एस.सी. जैन
आर.आई.ई., अजमेर

इस अध्ययन में दो पैकेज तैयार किए गए और उन्हें फ्लापी डिस्क में सुरक्षित करके रखा गया। पहला पैकेज (टी.आर.एन. वी.ए.एस.) सोचने की गति को बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण से संबद्ध है तथा दूसरा पैकेज (टी.एस.टी.वी.ए.एस.) वर्गीकरण तार्किकता के परीक्षण से संबंधित है।

प्रशिक्षण पैकेज में विभिन्न कठिन स्तरों के 30 कार्यकलाप शामिल हैं तथा परीक्षण पैकेज में वर्गीकरण कौशल के 12 वर्गों के 12 कार्यकलाप शामिल हैं। इन कार्यकलापों का प्रस्तुतीकरण फ्रेम के रूप में किया गया है, एक समय में स्क्रीन पर एक ही फ्रेम दिखाई देता है। बच्चे को कंप्यूटर से भलीभाँति परिचित करवाने तथा वह किस प्रकार से प्रश्नोत्तर करे एक उदाहरण का उपयोग किया गया है जिसमें सभी संभावनाओं का ध्यान रखा गया है। प्रत्येक फ्रेम के साथ अनुदेशों को बहुत स्पष्टता और सुगमता के साथ दर्शाया गया है ताकि आसानी से आगे बढ़ा जा सके। प्रत्येक व्यक्ति का कार्यकलाप के अनुसार उत्तर एक फ्लॉपी में सुरक्षित रखा गया है जिसे तुरंत या भविष्य में कभी भी सुधारा जा सकता है। इन पैकेजों को प्रयुक्त करने के सभी चरणों को मैन्युअल में स्पष्ट किया गया है।

3. प्राथमिक कक्षाओं में अध्यापन का एक अंत:विषयी उपागम

श्रीमती के. राजलक्ष्मी,
तादेपल्लीगुड़म (आंध्र प्रदेश)

इस अध्ययन को बहुविषयी उपागम को लागू करने का परीक्षण करने के लिए प्रयोग के रूप में आरंभ किया गया। यह बाल केन्द्रित अधिगम के उद्देश्य से एक नवाचार था। इस अध्ययन में जो अधिगम सामग्री प्रयुक्त की गई उसमें विद्यार्थी कार्यकलाप पुस्तक तथा अध्यापक संदर्शिका शामिल थी। नमूने के अंतर्गत कक्षा के 40 विद्यार्थियों को दो समूहों, अर्थात् प्रायोगिक और नियंत्रण प्रत्येक 20-20 बच्चे, में बाँटा गया। पूर्ण शैक्षिक वर्ष के लिए यह अध्ययन चलाया गया। इस अध्ययन के परिणामों ने यह दर्शाया कि कक्षा एक में इस कार्यनीति ने सफलतापूर्वक कार्य किया। यही पद्धति अगले शैक्षिक वर्ष में कक्षा 2 के लिए भी अपनाई गई तथा सफल पाई गई यद्यपि एक परिपूर्ण प्रयोग का परीक्षण नहीं किया गया। कक्षा 3 तथा 4 में केवल विज्ञान और सामाजिक विज्ञान को एक साथ जोड़ा जा सकता था। इसमें अंग्रेजी, गणित तथा क्षेत्रीय भाषा को अलग रखा गया। यद्यपि गणित तथा अंग्रेजी को पर्यावरणीय नेटवर्क में शामिल किया जा सकता है, फिर भी बहुत कुछ अलग से भी पढ़ाना पड़ता है। सामान्य ज्ञान, कला तथा शिल्प, सुलेखन अभ्यास आदि को पर्यावरण नेटवर्क में कार्यकलाप के रूप में सम्मिलित किया जा सकता है। इससे एक हद तक पुस्तकों का बोझ कम होगा।

4. मध्य प्रदेश में आश्रम विद्यालयों का मूल्यांकन : एक अध्ययन

डा. खेमराज शर्मा
आर.आई.ई., भोपाल

यह परियोजना मध्य प्रदेश के आश्रम विद्यालयों की आधारभूत

दार्शनिकता, वर्तमान स्थिति तथा कार्य और शैक्षिक तथा सामाजिक वातावरण का अध्ययन करने और उनको प्रभावशाली ढंग से चलाने के लिए कार्यनीतियां सुझाने के लिए आयोजित की गई। 10 जनजातीय जिलों—राजागढ़, भांडला, छिंदवाड़ा, सरगूजा, शहदोल, बैतुल, वस्तर, खांडवा, धार तथा खडगांव से यादृच्छिक आधार पर 50 आश्रम विद्यालयों को नमूने के तौर पर लिया गया। इस अध्ययन के अंतर्गत जिन भौतिक पक्षों का मूल्यांकन किया गया उनमें आश्रम का भवन, सफाई, विद्यालय भवन, प्रकाश व्यवस्था बागबगीचा (किचन गार्डन), खेल तथा सांस्कृतिक कार्यकलापों के लिए खेल का मैदान, पुस्तकालय तथा वाचनालय भोजन व्यवस्था फर्नीचर तथा अन्य संबंधित सहायक वस्तुएँ शामिल हैं। इस अध्ययन के मानवीय पहलुओं में शिक्षा से संबंधित अध्यापकों की समस्याएँ, आश्रम सुविधाओं का उपयोग, प्रवेश शर्तों में जड़ता, शैक्षिक सुविधाओं का उपयोग, विद्यालय छोड़ने की दर, छात्रावास में सहवासियो की संख्या, आश्रम विद्यालयों का निरीक्षण और पर्यवेक्षण, पाठ्यचर्या, शिक्षा के सांस्कृतिक संदर्भ, पक्षपात तथा बोली की समस्याएँ, शामिल हैं। शैक्षिक पक्ष में अध्यापक तथा विद्यार्थियों की शैक्षिक संप्राप्ति सम्मिलित है। इस अध्ययन ने आश्रम विद्यालयों को प्रभावशाली ढंग से चलाने के लिए बहुमूल्य सुझाव भी दिए।

5. *उड़ीसा में आश्रम विद्यालयों और सामान्य विद्यालयों में अनु. जा./अ. ज. जाति तथा सामान्य वर्ग के छात्रों के व्यक्तित्व और उनकी शैक्षिक संप्राप्ति का तुलनात्मक अध्ययन*

डा. बी.सी. मिश्रा
बालासौर

चौदह व्यक्तित्व घटकों (पी.एफ.) तथा शैक्षिक संप्राप्ति पर पड़ने वाले विद्यालय तथा जाति के प्रभावों का अध्ययन करने के लिए, आश्रम विद्यालयों के विद्यार्थियों तथा गैर आश्रम विद्यालयों के विद्यार्थियों, अनु.जा. तथा अ.ज.जा. के विद्यार्थियों के बीच तथा गैर अ.जा./अ.ज.जा. वाले उच्च संप्राप्ति वाले तथा निम्न संप्राप्ति वाले विद्यार्थियों तथा उच्च निम्न संप्राप्ति के बीच 14 व्यक्तित्व घटकों का तुलनात्मक अध्ययन किया गया। व्यक्तित्व और संप्राप्ति पर पड़ने वाले विद्यालय तथा जाति के अनुक्रियात्मक प्रभाव का भी अध्ययन किया गया। नमूने के तौर पर अध्ययन में 400 विद्यार्थियों, 200 आश्रम तथा 200 गैर आश्रम विद्यालयों से जिनमें से 60 अ.जा., 80 अ.ज. जाति तथा 60 गैर अ.जा./अ.ज.जा (सामान्य) विद्यार्थियों को 10 आश्रम विद्यालयों से शामिल किया गया था। विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, विद्यालय वातावरण की भौतिक परीक्षा, साक्षात्कार अनुसूची तथा विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त किए गए अंकों का परीक्षण किया गया तथा आँकड़ों का संख्यात्मक और गुणात्मक दोनों आधारों पर विश्लेषण किया गया। इस अध्ययन के माध्यम से विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों को इस अध्ययन के आधार पर मिली विसंगतियों से परिचित करवाने का प्रयास भी किया गया।

6. *हाईस्कूल के विद्यार्थियों में वृत्तिक चयन का मानसिक सामाजिक सहसंबंध*

डा. जी. मोहन कुमार
बैंगलूर

हाईस्कूल के विद्यार्थियों के बीच वृत्तिक चयन के मानसिक सामाजिक सहसंबंधों का अध्ययन 9 परीक्षणों, भौतिक स्थिति, पैमाने तथा अनुसूची आदि की सहायता से किया गया। नमूने के तौर पर बैंगलूर के उत्तरी तथा दक्षिणी क्षेत्रों से कक्षा 10 के 150 लड़कों तथा लड़कियों को शामिल किया गया। प्राप्त किए गए आँकड़ों का सांख्यिकीय विश्लेषण, अर्थात् एनोवा, वर्गाकार परीक्षण तथा बहु प्रतिपालन विश्लेषण किया गया। इसके द्वारा जो परिणाम उपलब्ध हुए उनसे यह ज्ञात हुआ कि वृत्तिका चयन का स्तर, लैंगिक भूमिका अभिविन्यास, शैक्षिक रुचि, विषय का लिंग, क्षेत्र तथा पात्र की शैक्षिक योग्यता पी.यू.सी. होना सभी जीवनवृत्ति का चयन को प्रभावित करने वाले मानसिक सामाजिक सहसंबंध थे।

(ख) बंद की गई अनुसंधान परियोजनाएँ

निम्नलिखित चार परियोजनाएं बंद कर दी गईं :

क्रमांक	*अध्ययन का शीर्षक*	*मुख्य अन्वेषक*
1.	कक्षा 4 के गणित में न्यूनतम अधिगम स्तर को प्राप्त करने में असफल छात्रों हेतु मानसिक सामाजिक उत्तरदायी घटकों का पता लगाना	डा. के.एन. मिश्रा आर.आई.ई., भुवनेश्वर
2.	11 से 19 वर्ष की आयु के दृष्टिहीन बच्चों के लिए उपयुक्त स्पर्श बुद्धि (मौखिक और अमौखिक) परीक्षण का विकास और मानकीकरण	डा. सुनीता शर्मा अलीगढ़ (उ.प्र.)
3.	नवाचार शिक्षण सामग्री का अनौपचारिक शिक्षा शिक्षकों की प्रगति पर प्रभाव	श्री निकुंज प्रकाश नारायण पटना (बिहार)
4.	प्रारंभिक विद्यालयों मे बधिर बच्चों की विशेष आवश्यकताएँ	डा. एस.सी. बेहरा बालासोर

क्रमांक	अध्ययन का शीर्षक	मुख्य अन्वेषक
(ग)	***वर्ष 1998-99 के दौरान जारी अनुसंधान अध्ययन***	
1.	माध्यमिक विद्यालयों में विज्ञान अध्यापन के लिए प्रौद्योगिकी सोसायटी "एस.टी.एस." माध्यम का विकास और चुनिंदा विद्यालयों में इसकी प्रभाविता का परीक्षण	प्रो. एस.सी. बैनर्जी एन.सी.ई.आर.टी. नई दिल्ली
2.	विभिन्न राज्यों में सामान्य आधारभूत पाठ्यक्रमों के कार्यान्वयन का तुलनात्मक अध्ययन	डा. डी.पी. सिंह पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई. भोपाल
3.	माध्यमिक व्यावसायिक विद्यालयों में विद्यालय उद्योग संयोजन की स्थापना	डा. सौरभ प्रकाश पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई. भोपाल
4.	भारत में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों पर आधारित व्यापार और वाणिज्य में व्यावसायिक प्रवेश का स्थितिपरक अध्ययन	डा. ए. पालनीवल पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई. भोपाल
5.	शहरी और ग्रामीण समुदायों में लड़कियों की वृत्तिक महत्वाकांक्षा बनाम व्यावसायिक शिक्षा	डा. सुश्री पूनम अग्रवाल पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई., भोपाल
6.	दक्षिण क्षेत्रों में प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों द्वारा अपेक्षित विषयों और विद्यार्थी-अध्यापकों द्वारा चुने गए विषयों तथा अध्यापक शिक्षा संस्थानों में पढ़ाए जाने वाले विषयों का अध्ययन	डा. के. दोराईस्वामी आर.आई.ई., मैसूर
7.	बुद्धिमत्ता की संकल्पनात्मकता एवं संस्कृति	डा. ए. के. श्रीवास्तव डी.ई.आर.पी.पी. एन.सी.ई.आर.टी.
8.	राज्यों में व्यावसायिक मार्गदर्शन का दिशा-निर्देश सर्वेक्षण	डा. (श्रीमती) के. माथुर पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई., भोपाल
9.	उड़ीसा के जनजातीय बच्चों के विज्ञान अधिगम पर मानसिक सामाजिक घटकों का प्रभाव	डा. (श्रीमती) एस. महापात्रा आर.आई.ई., भुवनेश्वर
10.	प्रारंभिक स्तर पर (कक्षा 6,7,8) के विज्ञान शिक्षण में एकीकृत कार्यविधि मॉडल का विकास	डा. एम.के. सत्पथी आर.आई.ई., भुवनेश्वर
11.	उड़ीसा के प्राथमिक विद्यालयों के छात्रों की संप्राप्ति को प्रभावित करने वाले घटकों का अध्ययन	डा. वी.एन. पांडा आर.आई.ई., भुवनेश्वर
12.	प्राथमिक स्तर के अध्यापक शिक्षकों हेतु उपलब्ध सक्षमता की रूपरेखा और प्रशिक्षण योजना का विकास	डा. वी.डी. भट्ट आर.आई.ई., मैसूर
13.	चुनिंदा राज्यों में व्यावसायिक और अनुदेशी सामग्री की गुणवत्ता और मानदण्ड का तुलनात्मक मूल्यांकन	डा. जी. भार्गव पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई. भोपाल
14.	हिन्दी और उड़िया में भाषिक क्षमता परीक्षणों का विकास और मानकीकरण	डा. ताप्ती दत्ता आर.आई.ई., भुवनेश्वर
15.	प्राथमिक विद्यालय के अध्यापकों में भावनात्मक बुद्धिमत्ता की पहचान और दोहन	डा. अंजुम सिविया डी.ई.पी.एफ.ई.

क्रमांक	अध्ययन का शीर्षक	मुख्य अन्वेषक
16.	महिलाओं की आर्थिक सशक्तता पर गृह-विज्ञान व्यावसायिक पाठ्यक्रम का महत्व	डा. पिंकी खन्ना पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई. भोपाल
17.	10+2 स्तर के विद्यार्थियों में कौशलों के विकास में शिक्षक व्यवस्था की भूमिका	डा. वी.के. जैन पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई. भोपाल
18.	महाराष्ट्र के व्यावसायिक संस्थानों में विद्यालय उद्योग संबंधी (एस.आई.एल.) का विषयी अध्ययन	डा. असफा एम. यासीन पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई. भोपाल
19.	कृषि में व्यावसायिक अध्यापन शिक्षण की स्थिति तथा प्रभाविता का तुलनात्मक अध्ययन	डा. वी.एस. मल्होत्रा पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई. भोपाल
20.	पंजाब राज्य में कार्य के साथ-साथ प्रशिक्षण के कार्यान्वयन और इसके व्यावसायिक विद्यार्थियों पर प्रभाव का अध्ययन	डा. ब्रजयन्ती देवी पी.एस.एस.सी.आई.वी.ई. भोपाल
21.	भारत के उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों के नवोदय विद्यालयों के कार्यकलापों और प्रबंधन का मूल्यांकन	डा. पी.पी. गोकुलनाथन शिलांग
22.	शैक्षिक रूप से पिछड़े बच्चों के सुधारात्मक अध्ययन और गृह-कार्य व्यवहारों से संबद्ध अभिभावक परीक्षण एवं परीक्षण तकनीकों का व्यावहारिक विश्लेषण और परिमार्जन	डा. एस.एस. कौशिक वाराणसी
23.	वाराणसी में मेडीकल विद्यालय के छात्रों की वैज्ञानिक प्रकृति का अध्ययन	प्रो. वी.के. दुबे वाराणसी
24.	भारत में विद्यालयी अध्यापकों के वृत्तिक विकास के लिए कार्यरत नवाचारी संस्थाएं और उनके कार्यक्रम	प्रो. मोहम्मद मियां नई दिल्ली
25.	शिक्षा महाविद्यालयों के परीक्षण संबंधी परिणामों पर पड़ने वाले मुख्य सांस्थानिक और अनुदेशी चरों के प्रभावों का अध्ययन	डा. अरुण के. गुप्ता जम्मू
26.	बिहार में एकीकृत शिक्षा प्रणाली विकलांग छात्रों की सामंजस्यता का अध्ययन	डा. शशि प्रभा पटना
27.	उच्च माध्यमिक विद्यालयों में नवयुवकों में नशीली दवाइयों का दुरुपयोग और उनकी स्वाभाविक भावनाओं में हेर-फेर करके नशीली दवाइयों के व्यसन को रोकने के लिए कुछ तकनीकों के अनुप्रयोग का एक पार्श्वचित्र	डा. (श्रीमती) एस. बैनर्जी वाराणसी
28.	विशेष शिक्षा अध्यापकों के कार्य निष्पादन की भूमिका	डा. जी.एल. रेड्डी करायकुडी
29.	अध्यापिकाओं में उत्प्रेरणा का कम होना	डा. (श्रीमती) एन. मिश्रा लखनऊ
30.	वृष्टिहीन बच्चों में मापन से संबंधित संकल्पनाओं का विकास	डा. देबजानी सेनगुप्ता कलकत्ता

क्रमांक	अध्ययन का शीर्षक	मुख्य अन्वेषक
31.	उत्तर प्रदेश में माध्यमिक स्तर पर प्राणी विज्ञान की शिक्षा में स्थानीय संसाधनों का प्रभाव	डा. जी.एस. पालीवाल गढ़वाल (उ.प्र.)
32.	हाईस्कूल स्तर पर बधिर बच्चों में पठन कौशल विकसित करने के लिए कार्यनीतियाँ	डा. वी. विमला देवी तिरुपति
33.	भारतीय विद्यालयों में अध्यापकों से अपेक्षाएं—उनकी अध्यापन प्रक्रिया और छात्रों के परिणामों पर प्रभाव	डा. एन.सी. ढोंडियाल अल्मोड़ा (उ.प्र.)
34.	महिला महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों छात्रों के प्रयोग के वृत्ति परिपक्वता सूची का विकास	डा. (श्रीमती) अ. शुक्ला लखनऊ
35.	ग्रामीण समुदाय के लिए महिला शिक्षा कार्यक्रमों में महिला स्वास्थ्य कार्मिकों की भागीदारी की संभावना का अध्ययन	डा. (श्रीमती) पी. माथुर दिल्ली
36.	6-8 वर्ष आयु-वर्ग के बच्चों के संज्ञानात्मक विकास पर घरेलू वातावरण का प्रभाव	डा. सुधा भोगले बैंगलूर
37.	अध्यापकों के उत्प्रेरणात्मक संलक्षणों पर कार्य अनुभव का प्रभाव	डा. उमा रंजन हैदराबाद
38.	दृष्टिहीन बच्चों के लिए हस्त कार्य प्रशिक्षण की जरूरतें	डा. एम. इतियेराह दिल्ली
39.	आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र के आदिवासी क्षेत्रों में आश्रम विद्यालयों के प्रकार्यों पर अध्ययन	डा. पी.एस. रेड्डी तिरुपति
40.	शैशवकालीन अध्यापक शिक्षा कार्यक्रमों का मूल्यांकन और परिप्रेक्ष्यों की सुझाव योजनाएँ	श्री एस.पी. मल्होत्रा कुरुक्षेत्र
41.	उड़ीसा में अलौकिक सदृशमूलक भाषा की खोज : इसके भाषा वैज्ञानिक संज्ञानात्मक और शैक्षिक निहितार्थ	डा. नंदिता बाबू भुवनेश्वर
42.	प्राथमिक स्तर के बच्चों में पठन संबंधी अक्षमता और संज्ञानात्मक सूचना प्रक्रिया	डा. एम.के. पाणी उड़ीसा
43.	विद्यालयी बच्चों में शैक्षिक कार्य निष्पादन के एकीकृत मध्यस्थता के प्रभाव का अध्ययन	डा. अर्चना डोगरा नई दिल्ली
44.	बोर्ड परीक्षा में छात्रों की शैक्षिक संप्राप्ति का मूल्यांकन और सोलो टेक्सोनॉमी का तुलनात्मक अध्ययन	डा. रंजीत बसु कलकत्ता
45.	परंपरागत समाज में गणितीय अवधारणाओं की पहचान पर आधरित गणित में शिक्षण कार्यप्रणाली का विकास	डॉ. एन.सी. घोष कलकत्ता
46.	ग्रामीण क्षेत्रों में चुनिंदा भौतिकी अवधारणाओं के प्रदर्शनात्मक शिक्षण के प्रभावकारी मॉडलों का विकास	डा. जी.एस. रॉय कटक
47.	छात्रों की पारिवारिक समस्याओं, सामाजिक-आर्थिक स्थिति, साक्षरता केंद्रों में प्राप्त भौतिक सुविधाएँ साक्षरता कार्यक्रम के संगठनात्मक और अनुदेशी पहलू का समीक्षात्मक अध्ययन तथा उनका वंगाल में महिला छात्राओं की साक्षरता प्राप्ति से संबंध	डा. एस. चक्रवर्ती कलकत्ता
48.	आंध्र प्रदेश में चेंचू आदिवासी जनजातीय समूह में बाल शिक्षा की समस्याएं	डा. जी. ऐश्वर्या जिला रांगा रेड्डी

क्रमांक	अध्ययन का शीर्षक	मुख्य अन्वेषक
49.	कक्षा-8 में दूसरी भाषा के रूप में अंग्रेजी के अधिगम और परीक्षण के संदर्भ में कम्प्यूटर द्वारा भाषा अधिगम की प्रभाविता	डा. एम. बालासुब्रमण्यण कोयम्बटूर
50.	दृष्टिहीन छात्रों हेतु भौतिक और जीवविज्ञान पर शिक्षण अधिगम सामग्री को तैयार करने का प्रयास	डा. देबाशीश पाल पश्चिम बंगाल
51.	शिक्षण की कार्यनीतियां, अध्यापकीय सुधार और विद्यालय का कार्य निष्पादन	डा. (सुश्री) वी.एस. रेड्डी हैदराबाद
52.	सूचना प्रक्रियन माध्यम द्वारा भौतिकी की कठिनाइयों को हल करने की योग्यता का विकास	डा. एस. मोहन करायकुडी
53.	बच्चों में भाषा अक्षमता को कम करने के लिए अनेक उपचारात्मक कार्यनीतियों की तुलना	डा. (श्रीमती) तेहल कोहली चण्डीगढ़
54.	जनजातीय और गैर-जनजातीय किशोरों की व्यावसायिक आकांक्षा, मूल्य और सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि के मध्य संबंध	श्रीमती एस. कुमावत उदयपुर
55.	उत्तर प्रदेश में प्रारंभिक शिक्षा के सार्वजनीकरण के विशेष संदर्भ में प्रेरक योजनाओं का बालिका शिक्षा पर प्रभाव	डा. जी.डी. भट्ट दिल्ली
56.	किशोरावस्था में आत्महत्या उद्भावना की मनोवृत्तियां	प्रो. वी.वी. उपमन्यु चण्डीगढ़

प्रकाशन अनुदान

एरिक की आंशिक सहायता से प्रकाशित पीएच. डी. शोध प्रबंध :

क्रमांक	शीर्षक	लेखक का नाम
1.	कम्पेरेटिव फिलॉसफीज ऑफ एच. बर्गसन एण्ड जे. कृष्णामूर्ति	डा. (श्रीमती) अरुंधती सरदेसाई पुणे
2.	नैतिकता के लिए शिक्षा	डा. आर.आर. सिंह भरतपुर

एरिक द्वारा प्रायोजित अनुसंधान पर संगोष्ठी

एरिक द्वारा वित्तीय सहायता प्राप्त अनुसंधान परियोजनाओं की प्रगति तथा अनुवीक्षण के लिए एरिक द्वारा प्रायोजित अनुसंधान अध्ययनों के संबंध में पाँचवीं संगोष्ठी क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, मैसूर में 25-28 अप्रैल, 1998 तक आयोजित की गई।

एरिक द्वारा प्रायोजित अनुसंधान अध्ययनों के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को निर्धारित करने के संबंध में तथा 30वीं एरिक बैठक की सिफारिशों की अनुवर्ती कार्रवाई की सूचना देने के लिए एन.सी.ई.आर.टी., नई दिल्ली में 9.6.98 और 2.9.98 को बैठकें आयोजित की गईं।

अनुसंधान पत्रिकाएँ

एन.सी.ई.आर.टी. शैक्षिक अनुसंधान की तीन पत्रिकाएँ प्रकाशित कर रही हैं। ये पत्रिकाएँ हैं : (1) जर्नल ऑफ इंडियन एजुकेशन

(जे.आई.ई.) (2) भारतीय आधुनिक शिक्षा (बी.ए.एस.) और इंडियन एजुकेशनल रिव्यू (आई.ई.आर.)। इंडियन एजुकेशनल रिव्यू अर्धवार्षिक पत्रिका है जिसमें अनुसंधान लेख शामिल किए गए हैं। जर्नल ऑफ इंडियन एजुकेशन तथा भारतीय आधुनिक शिक्षा क्रमशः अंग्रेजी और हिन्दी की त्रैमासिक पत्रिकाएँ हैं। दोनों पत्रिकाओं का मुख्य उद्देश्य अध्यापकों, अध्यापक-प्रशिक्षकों, शैक्षिक प्रशासकों और अनुसंधानकर्ताओं के नवाचारी विचारों के प्रचार-प्रसार को प्रकाशित करके लाभदायक और निरंतर परिसंवाद के लिए एक खुला मंच प्रदान करना है। ये पत्रिकाएं पाठकों को शिक्षा में नवीनतम प्रगति से अवगत करवाने के साथ-साथ विद्यालयी शिक्षा के सभी पक्षों पर नवीनतम विचारों का प्रचार-प्रसार करती हैं।

छठा अखिल भारतीय शैक्षिक सर्वेक्षण (ए.आई.ई.एस.)

छठे अखिल भारतीय शैक्षिक सर्वेक्षण के आँकड़ों को अध्यापक सूचना रूप (टी.आई.एफ.) तथा विद्यालय सूचना रूप-2 (एस.आई.एफ.) में विश्लेषित और सारणीबद्ध किया गया। सर्वेक्षण के आँकड़ों पर आधारित मुख्य रिपोर्ट का आलेख पूर्ण किया गया।

दिसम्बर 1998 में "छठे ए.आई.ई.एस. के आँकड़ों के प्रचार-प्रसार के लिए कार्यनीति की तैयारी" नामक परियोजना पर कार्य आरंभ किया गया जिसके अंतर्गत सॉफ्टवेयर के विकास के लिए मापदंड निर्धारकों की पहचान के लिए विशेषज्ञों की बैठक बुलाई गई। मापदंडों के एक सैट के लिए सॉफ्टवेयर विकसित किया गया और इसकी सटीकता का परीक्षण किया जा रहा है। छठे ए.आई.ई.एस. के आधारभूत आँकड़ों का अंतिम संस्करण एन.आई.सी. से प्राप्त करना शेष है। छठे ए.आई.ई.एस. के कार्यान्वयन की विशेषताओं तथा कमियों की समीक्षा करने के लिए सलाहकार समिति की एक बैठक आयोजित की गई।

जिन आई.ई.एस/आई.एस.एस. तथा राज्यों और जिला शिक्षा अधिकारियों के लिए नीपा द्वारा प्रशिक्षण आयोजित किया गया उनका भी छठे ए.आई.ई.एस. के नियोजन और आयोजन के संबंध में अभिविन्यास किया गया।

शिक्षा में नमूना सर्वेक्षण के लिए राज्यवार नमूना डिजाइन तैयार करने के उद्देश्य से अध्ययन की योजना बनाने के संबंध में मुद्दे सुलझाने के लिए विशेषज्ञों की एक बैठक आयोजित की गई। नमूना डिजाइन के पहले अनुरूपण के लिए मापदंडों की गणना करने हेतु एक राज्य के आँकड़ों की फाइलें क्रमबद्ध की गई। "प्राथमिक स्तर पर एकल आयुवार नामांकन के आंकलन" की परियोजना के अंतर्गत राज्य में नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए, नमूनों का चयन किया गया तथा आयुवार नामांकन के आंकलन के लिए प्रश्नावली तैयार की गई।

वर्ष 1998-99 के दौरान निम्नलिखित प्रकाशन निकाले गए

1. स्कूल्स एण्ड फिजिकल फेसीलिटीज (वॉल्युम-2) (मुद्रित)
2. टीचर्स इन स्कूल्स (वॉल्युम-3) (मुद्रित)
3. एनरोलमेंट इन स्कूल्स (वॉल्युम-4) (मुद्रित)
4. एजूकेशनल इनपुट्स एण्ड फेसीलिटीज इन स्कूल्स (वॉल्युम-5) (मुद्रित)
5. एजवाइज एनरोलमेंट, रिपीटर्स, इन्सेन्टिव स्कीम्स इन स्कूल्स (वॉल्युम-6) (मुद्रित)
6. टीचर क्वालिफिकेशन एण्ड देयर सर्विस कंडीशन्स (वॉल्युम-7) (मुद्रित)
7. सलेक्टिड स्टेटिस्टिक्स (मुद्रित)
8. एजुकेशन प्रोफाइल बेस्ड ऑन दि डाटा ऑफ सिक्स्थ ए. आई.ई.एस. (मुद्रित)

कंप्यूटर संसाधन केन्द्र (सी.आर.सी.)

एन.सी.ई.आर.टी. मुख्यालय में स्थापित कंप्यूटर संसाधन केंद्र एन.सी.ई.आर.टी. संघटकों की परियोजनाओं के सांख्यिकीय विश्लेषण के लिए सुविधाएँ प्रदान करता है। वर्ष 1998-99 के दौरान इस केन्द्र ने एन.आई.ई. की विभिन्न अनुसंधान परियोजनाओं के आँकड़ों का विश्लेषण किया, कुछ राज्यों के लिए, एच.एल.एस. विश्लेषण का प्रयोग करते हुए, डी.पी.ई.पी, के आधारभूत आँकड़ों का विश्लेषण किया। एन.टी.एस. परीक्षा तथा आर.आई.ई., अजमेर के डी.एम. विद्यालय की कक्षा 1 में प्रवेश के लिए परिणामों का प्रक्रियन किया। डी.ओ.एस. एनवायरनमेंट के अंतर्गत 17 अगस्त से 4 सितम्बर, 1998 तक एस.पी.एस.एस. का उपयोग करते हुए संख्यात्मक अनुसंधान विधियों में एक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किया गया। एन.सी.ई.आर.टी. के होम पेज में इंटरनेट पर कुछ चुनिंदा आँकड़े प्रेषित किए गए। एच.टी.एम.एल. फार्मेट में राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर के आँकड़ों के सारणीयन तथा डी.वी.एफ. फार्मेट में आधारभूत आँकड़ों को सभी राज्यों के लिए सी.डी. रोम्स पर सुगमता से पहुंचाने के लिए स्टोर किया जा रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय संबंध

एन.सी.ई.आर.टी. विद्यालयी शिक्षा के क्षेत्र में अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों (सी.ई.पी.) के प्रबंधनों को कार्यान्वित करने वाली भारत सरकार की एक एजेंसी की तरह कार्य करती है। एन.सी.ई.आर.टी. विद्यालयी शिक्षा के क्षेत्र में यूनेस्को/एपिड/यू.एन.डी.पी. इत्यादि द्वारा प्रायोजित परियोजनाओं और कार्यक्रमों को भी लागू करती है तथा विचारों और सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए विदेशी शिष्टमंडलों और विशेषज्ञों हेतु कार्यक्रम आयोजित करती है।

एन.सी.ई.आर.टी. विद्यालयी शिक्षा के क्षेत्र में अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों (सी.ई.पी.) के प्रबंधनों को कार्यान्वित करने वाली भारत सरकार की एक एजेंसी की तरह कार्य करती है। एन.सी.ई.आर.टी. विद्यालयी शिक्षा के क्षेत्र में यूनेस्को/एपिड/यू.एन.डी.पी. इत्यादि द्वारा प्रायोजित परियोजनाओं और कार्यक्रमों को भी लागू करती है तथा विचारों और सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए विदेशी शिष्टमंडलों और विशेषज्ञों हेतु कार्यक्रम आयोजित करती है। यह यूनेस्को, यू.एन.डी.पी. यूनीसेफ आदि के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों, कार्यशालाओं, विचार-विमर्श, बैठकों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों आदि में प्रतिभागिता के लिए अपने संकाय सदस्यों को प्रायोजित करती है। एन.सी.ई.आर.टी. अन्य बातों के साथ-साथ विद्यालयी शिक्षा के क्षेत्र में विदेशी नागरिकों के लिए अल्पकालीन सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित करती है। यह विभिन्न देशों, संगठनों और अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों को भारत में विद्यालयी शिक्षा के विभिन्न पहलुओं के संबंध में सूचनाएँ भी उपलब्ध कराती है।

द्विपक्षीय आदान-प्रदान कार्यक्रम

विभिन्न देशों के साथ भारत सरकार के द्विपक्षीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान के कार्यान्वयन के अंतर्गत इटली, इराक, लाओस, रोमानिया, यूगांडा, वियतनाम तथा इथियोपिया को शैक्षिक सामग्री/सूचनाओं की आपूर्ति की गई। संघीय जर्मन गणराज्य की सरकार की विद्यालयी शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षिक रिपोर्ट, सामग्री प्रलेख आदि प्राप्त हुए। सांस्कृतिक आदान-प्रदान (सी.ई.पी.) कार्यक्रमों के अंतर्गत प्राप्त सामग्री को एन.सी.ई.आर.टी. के पुस्तकालय प्रलेखन और सूचना प्रभाग (डी.एल.डी.आई.) के अंतर्राष्ट्रीय संसाधन केन्द्र में प्रदर्शित किया गया।

एन.सी.ई.आर.टी. में विदेशी आगन्तुक

वर्ष 1998-99 के दौरान विभिन्न देशों के निम्नलिखित शिक्षाविद विशेषज्ञ शिष्टमंडल एन.सी.ई.आर.टी. में पधारे :

- यूगांडा गणराज्य के शिक्षा मंत्री कर्नल डा. जोसफ कारेमेरा की अध्यक्षता में एक शिष्टमंडल ने 21 मई, 1998 को एन.सी.ई.आर.टी. का दौरा किया। एन.सी.ई.आर.टी. के निदेशक तथा डी.ई.एस.एम. और डी.ई.एस.एस.एच. के विभागाध्यक्षों द्वारा विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया गया तथा एन.सी.ई.आर.टी. के विभिन्न संघटकों तथा एन.आई.ई. के विभागों व क्षेत्रीय शिक्षा संस्थानों के कार्यों तथा कार्यकलापों के संबंध में चर्चा की गई।
- 24 जून, 1998 को बंगलादेश का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भारत आया। इस प्रतिनिधिमंडल ने डी.ई.एस.डी.पी. के वरिष्ठ सैंकाय सैदस्यों के साथ छठे अखिल भारतीय शिक्षा सर्वेक्षण की राष्ट्रीय सारणी खंड़-1, "ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में शिक्षा सुविधाओं" तथा राष्ट्रीय सारणी खंड-2, "विद्यालय तथा भौतिक सुविधाएँ तथा शैक्षिक रूपरेखा" पर विचार-विमर्श किया।
- मालदीव के शिक्षामंत्री की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय शिष्टमंडल ने एन.सी.ई.आर.टी. का 7 अगस्त, 1998 को दौरा किया। एन.सी.ई.आर.टी. के निदेशक, अध्यक्ष डी.ई.एस.एम. तथा अध्यक्ष, डी.ई.एस.एस.एच. सहित एन.सी.ई.आर.टी. के विभिन्न संकाय सदस्यों ने विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया। शिष्टमंडल ने प्रकाशन प्रभाग तथा सी.आई.ई.टी. का भी दौरा किया।
- नीपा, नई दिल्ली में शैक्षिक नियोजन और प्रशासन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विकासशील देशों के शिक्षा अधिकारियों के एक दल ने 23.2.99 को एन.सी.ई.आर.टी. का दौरा किया और एन.आई.ई. के वरिष्ठ संकाय सदस्यों के साथ विचार-विमर्श किया।
- टोकियो साकी गेयी यूनिवर्सिटी, जापान के एसोसिएट प्रोफेसर डा. हिडीकी साचीबिया ने 3 सितम्बर, 1998 को क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, अजमेर का दौरा किया और संकाय सदस्यों से बातचीत की तथा जापान में प्राथमिक शिक्षा की स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया।
- राष्ट्रमंडल सचिवालय के लिए कार्यरत गणित शिक्षक मिस मैरी हैरिस ने "जनरल सेंस्टिविटी इन मेथेमेटिक्स टेक्सटबुक्स

चीन का शिष्टमंडल एन.सी.ई.आर.टी. के दौरे पर

इन इण्डिया'' नामक अध्ययन के संबंध में एन.सी.ई.आर.टी. का दौरा किया तथा एन.सी.ई.आर.टी. के संकाय सदस्यों, दिल्ली तथा हरियाणा के एस.सी.ई.आर.टी. तथा दिल्ली व हरियाणा के 4 विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों से व्यक्तिगत संपर्क कर विचार-विमर्श किया।

- यूनेस्को/ए.एस.पी. सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत ओस्को, नार्वे के नेदरुड़ विदेरगंडे के कार्यक्रम समन्वयक मि. वियोर्न स्किवेन्सन के नेतृत्व में चौदह विद्यार्थियों तथा तीन अध्यापकों के एक दल ने 7 से 11 जनवरी, 1999 को आर.आई.ई. भुवनेश्वर का दौरा किया।
- हिरोशिमा यूनिवर्सिटी, जापान के ग्रेज्युएट स्कूल फॉर इंटरनेशनल डवलपमेंट एण्ड कोऑपरेशन के प्रो. योशिनोरो ताबाला ने 18 दिसंबर, 1998 को आर.आई.ई., मैसूर का दौरा किया।
- यूनेस्को, नई दिल्ली के अनुरोध पर मालदीव गणराज्य, माले के शिक्षा संस्थान के एक प्रयोगशाला सहायक को नवंबर-दिसंबर 1998 के दौरान आर.आई.ई., मैसूर में 5 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया।
- मानव संसाधन विकास मंत्रालय तथा आस्ट्रेलियाई ए.आई.डी. द्वारा संचालित भारत आस्ट्रेलियाई प्रशिक्षण क्षमता निर्माण कार्यक्रम के अंतर्गत मेलबॉर्न यूनिवर्सिटी, आस्ट्रेलिया के दो विशेषज्ञों के एक दल ने 14 से 18 सितंबर, 1998 तक प्रशिक्षण सह-निर्धारण कार्यशाला में भाग लेने के लिए एन.सी.ई.आर.टी. का दौरा किया।
- अंतर्राष्ट्रीय विशेष शिक्षा संस्थान के प्रस्ताव के प्रारूप को अंतिम रूप प्रदान करने के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय, यूनेस्को तथा एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला में 9 फरवरी, 1999 को सार्क देशों के यूनेस्को विशेषज्ञों तथा यूनेस्को की विशेष शिक्षा इकाई की प्रमुख मिस लीना सालेह ने भाग लिया। संपूर्ण देश के विशेष शिक्षा विशेषज्ञों तथा एन.सी.ई.आर.टी. के संकाय सदस्यों के अतिरिक्त यूनेस्को के निदेशक, मा.सं.वि. मंत्रालय के संयुक्त सचिव तथा निदेशक व्यावसायिक शिक्षा ने भी कार्यशाला में भाग लिया।
- बंगलादेश के अनौपचारिक शिक्षा विशेषज्ञों के एक दल ने, जिसमें गैर सरकारी संगठन तथा सरकारी अधिकारी भी शामिल थे, एन.जी.ओ. ''बटरफ्लाई'' के माध्यम से एन.सी.ई.आर.टी. का दौरा किया। इन विशेषज्ञों को भारत में अनौपचारिक शिक्षा की स्थिति तथा इस क्षेत्र में एन.सी.ई.आर.टी. का दौरा किया। इन विशेषज्ञों को भारत में अनौपचारिक शिक्षा की स्थिति तथा इस क्षेत्र में एन.सी.ई.आर.टी. के कार्यकलापों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

रवांडा के शिक्षा मंत्री एन.सी.ई.आर.टी. के दौरे पर

- रवांडा के किगाली इंस्टीच्यूट ऑफ टैक्नॉलोजी एण्ड मैनेजमेंट के रेक्टर, प्रो. एम्ब कदम्बा तथा वाइस रेक्टर डा. जे.वी. बुटेरा ने 22 मई, 1998 को एन.सी.ई.आर.टी. का दौरा किया। उन्होंने एन.सी.ई.आर.टी. की विज्ञान किटों में विशेष रुचि ली तथा अपने साथ प्राथमिक विज्ञान किट, एफ्रीकृत विज्ञान किट तथा मिनी टूल किट के नमूने भी ले गए।
- एसिड प्रमुख, यूनेस्को, बैंकाक के डा. रूपर्ट मेक्लीन ने 21 अप्रैल, 1998 को एन.सी.ई.आर.टी. का दौरा किया और डी.टी.ई.ई. के संकाय सदस्यों से विचार-विमर्श किया।
- जापान की टोकियो यूनिवर्सिटी की असिस्टेंट प्रोफेसर जिस हिसाको अकाई को अगस्त 1998 से जुलाई 1999 तक एक वर्ष की अवधि के लिए डी.टी.ई.ई. के साथ अनुसंधान अध्येता के रूप में संबद्ध किया गया उन्होंने भारत में कुछ चुने हुए राज्यों की डी.आई.ई.टी. का दौरा किया। इन विशेषज्ञों को भारत में अनौपचारिक शिक्षा की स्थिति तथा इस क्षेत्र में एन.सी.ई.आर.टी. संस्थानों की कार्यप्रणाली का अध्ययन किया।
- यूगांडा उच्चायोग की काउंसलर (एजुकेशन एण्ड काउंसलर) मिस मागरिट के. नस्वेमू ने दिसम्बर 1998 में एन.सी.ई.आर.टी. का दौरा किया तथा भारत में अध्यापक प्रशिक्षण/अध्यापक शिक्षा से संबद्ध मामलों पर चर्चा की।
- प्रो. हिडेओ शिमाडा, प्रोफेसर ऑफ मैथेमेटिक्स, ह्योकियादो टोकाई यूनिवर्सिटी, मिनामी-कु, मिनामीसावा, सापोरो, जापान ने 29 दिसंबर, 1998 को डी.ई.एस.एम. का दौरा किया

तथा उसी दिन "व्हाट इज फिन्सलर ज्योमेट्री" विषय पर अपना वक्तव्य दिया।

